


राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 136 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 24 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारत-इजरायल की अटूट दोस्ती और मजबूत होगी, यात्रा को लेकर उत्साहित हूं: पीएम मोदी

**25 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री, 2017 के बाद दूसरी इजरायल यात्रा**



समाज जागरण ब्यूरो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत, इजरायल के साथ अपनी अटूट मित्रता को बहुत महत्व देता है और वह आगामी यात्रा के दौरान होने वाली चचाओं को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री 25 फरवरी को दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर इजरायल पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा कि भारत और इजरायल के बीच की दोस्ती विश्वास, नवाचार तथा शांति एवं प्रगति के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की विविधता पर वह पूरी तरह सहमत हैं।

पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा, "मेरे मित्र प्रधानमंत्री नेतन्याहू, भारत और इजरायल के बीच की दोस्ती और हमारे द्विपक्षीय संबंधों की विविधता पर मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। भारत इजरायल के साथ अटूट मित्रता को बहुत महत्व देता है। अपनी आगामी इजरायल यात्रा के दौरान आपसे होने वाली चचाओं के लिए मैं उत्सुक हूं।

# सिंगापुर दौरे पर सीएम योगी की बड़ी निवेश सफलता, 6,650 करोड़ के एमओयू

**ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क और डेटा सेंटर परियोजनाओं से 20 हजार से अधिक रोजगार की उम्मीद**

समाज जागरण ब्यूरो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे की शुरुआत प्रदेश के लिए बड़ी निवेश उपलब्धि के साथ हुई है। पहले ही दिन यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ कुल 6,650 करोड़ रुपये के तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन निवेश प्रस्तावों के तहत ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसी परियोजनाएं विकसित होंगी, जिनसे 20 हजार से अधिक रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों के साथ बैठक में उत्तर प्रदेश की नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी, मजबूत औद्योगिक ढांचे और तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग और त्वरित स्वीकृति का भरोसा दिलाते हुए डेटा सेंटर परियोजना के लिए समूह को लखनऊ आने का आमंत्रण भी दिया।



पहले एमओयू के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास 100 एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय थीम आधारित टाउनशिप विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और इसे 2027 तक शुरू करने की योजना है। इससे करीब 12,000 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है।

दूसरी परियोजना के तहत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 50 एकड़ भूमि में 650 करोड़ रुपये की लागत से लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। वर्ष 2027 में शुरू होने वाली इस परियोजना से लगभग 7,500 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है और प्रदेश की औद्योगिक गतिविधियों तथा निर्यात क्षमता को गति मिलेगी।

तीसरे एमओयू के तहत नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि पर 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क स्थापित किया जाएगा। 2,500 करोड़ रुपये के इस निवेश से करीब 1,500 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसे वर्ष 2028 तक शुरू करने की योजना है।

प्रदेश सरकार का मानना है कि इन निवेश समझौतों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी, शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन सुनिश्चित होगा। (इनपुट: आईएएनएस)

## बागलकोट के ओल्ड सिटी क्षेत्र में धारा 163 लागू, 28 फरवरी तक प्रतिबंध

समाज जागरण ब्यूरो: कर्नाटक के बागलकोट में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओल्ड सिटी क्षेत्र में धारा 163 लागू रहेगी। पुलिस अधीक्षक Siddharth Goya' ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह प्रतिबंध 28 फरवरी तक प्रभावी रहेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ओल्ड सिटी क्षेत्र के चार किलोमीटर के दायरे में धारा 163 लागू की गई है ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोका जा सके।

पुलिस प्रशासन को जानकारी मिली है कि 26 फरवरी को कुछ संगठन विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं।

एसपी ने कहा कि ओल्ड सिटी इलाके में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही उन्होंने आम जनता से शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। पुलिस ने लोगों से नियमों का पालन करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की भी सलाह दी है।

# भारतीय डाक विभाग की आय में 8.8% उछाल, तीन तिमाहियों में राजस्व 10,211 करोड़

## पार्सल और सिटिजन सर्विसेज से मिली रफ्तार, डिजिटल सेवाओं के विस्तार का असर

समाज जागरण ब्यूरो। भारतीय डाक विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तीन तिमाहियों में अपनी आय में 8.8 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। विभाग का कुल राजस्व पिछले वर्ष की समान अवधि के 9,385 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,211 करोड़ रुपये हो गया है। विभाग की इस बढ़त में पार्सल सेवाएं, कोर सिटिजन सर्विसेज और डिजिटल पहलों की अहम भूमिका रही है।

**पार्सल सेगमेंट बना ग्रोथ इंजन**

पार्सल सेगमेंट में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उत्पादों के पुनर्गठन, बेहतर लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और ई-कॉमर्स हब शहरों पर केंद्रित रणनीति से यह उछाल संभव हुआ। स्पीड पोस्ट पार्सल सेवा के तहत टियर-1 और मेट्रो शहरों के बीच अगले दिन



डिलीवरी की पायलट परियोजना भी शुरू की गई है, जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक डिलीवरी प्रयास सफल रहे।

**कोर सिटिजन सर्विसेज से आय लगभग दोगुनी**

कोर सिटिजन सर्विसेज (सीसीएस) सेगमेंट में आय में 95.3 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई। आधार नामांकन व अपडेट केंद्र, पासपोर्ट सेवाएं, केवाईसी सत्यापन और टेलीकॉम साझेदारियों ने इसमें प्रमुख योगदान दिया।

**निर्यात और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग में विस्तार**

'डाक निर्यात केंद्र' पहल के तहत देशभर में 1,000 से अधिक निर्यात सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं। 31 जनवरी 2026 तक इन केंद्रों ने 13 लाख पार्सल संभाले और 135 देशों में 303 करोड़ रुपये के निर्यात मूल्य को हासिल किया। विभाग ने प्रमुख देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय शिपिंग सहयोग की पायलट परियोजनाएं भी शुरू की हैं।

**पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस का मजबूत प्रदर्शन**

पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस ने 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जो उद्योग की औसत 6 प्रतिशत वृद्धि से काफी अधिक है। पीएलआई और ग्रामीण पीएलआई के तहत 1.24 करोड़ सक्रिय पॉलिसियां हैं, जबकि कुल प्रबंधनाधीन संपत्ति 2.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

**डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का तेजी से विस्तार**

पोस्ट ऑफिस सेविंग्स बैंक में आधार आधारित ई-केवाईसी, यूपीआई एकीकरण और वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया लागू की गई है। नवंबर 2025 तक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन से 37.36 करोड़ खाते जुड़े, जिनमें कुल जमा 21.77 लाख करोड़ रुपये है। वहीं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के खाते 12.91 करोड़ से अधिक हो चुके हैं।

**डाकघरों का आधुनिकीकरण जारी**

'एन-जेन' पहल के तहत मार्च 2026 तक 100 डाकघरों को आधुनिक रूप दिया जाएगा। स्पीड पोस्ट और रजिस्टर्ड पोस्ट प्रोसेसिंग हब के एकीकरण तथा मेल श्रेणियों के पुनर्गठन जैसे कदमों से परिचालन दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। (इनपुट: आईएएनएस)

## पसमांदा मुसलमानों को मिलेगा अलग से आरक्षण?

समाज जागरण

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक ऐसा मामला पहुंचा, जिसकी गूंज कानूनी गलियारों से लेकर देश की राजनीति के केंद्र तक सुनाई देने वाली है. मामला पसमांदा मुसलमानों को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के भीतर अलग से आरक्षण देने का है. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच ने इस याचिका पर सुनवाई भी की है और केंद्र सरकार से कड़े सवाल भी पूछे हैं.



सुनवाई सर्वोच्च अदालत में हो रही, लेकिन पसमांदा मुसलमानों को आरक्षण देने की इस बहस ने राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ा दी है, क्योंकि यह वही वर्ग है जिसमें सेंधमारी करने और इन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश बीजेपी पिछले कई सालों से लगातार कर रही है. आखिर ये इतना इंपॉर्टेंट मुद्दा क्यों है?

**सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ?**

याचिकाकर्ता मोहम्मद वसीम सैफी ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि रंगनाथ मिश्रा आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पसमांदा मुसलमानों के लिए ओबीसी कोटे के तहत 10 प्रतिशत का अलग आरक्षण तय किया जाए. वकील अंजना प्रकाश ने दलील दी कि यह वर्ग बेहद गरीब है. हालांकि, CJI सूर्य कांत की बेंच ने बिना ठोस डेटा के कोई भी आदेश देने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता की तैयारी पर सवाल उठाए. सीजेआई ने पूछा, डेटा कहां है? यह कैसे साबित होगा कि केवल पसमांदा ही मुसलमानों में एकमात्र पिछड़ा वर्ग हैं? CJI ने सीधे तौर पर पूछा, अन्य गरीब मुस्लिमों की कीमत पर आप सिर्फ पसमांद-ाओं को ही क्यों बढ़ावा देना चाहते हैं... कितने कुल मुस्लिम पिछड़े हैं, इस पर आपका होमवर्क कहां है? ओबीसी सिर्फ सामाजिक स्थिति नहीं, आर्थिक पहलू भी है.

## घटना की सूचना पर प्रशासन अलर्ट, यात्रियों की सुरक्षित बरामदगी प्राथमिकता: इरफान अंसारी

समाज जागरण

रांची। झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी ने एक घटना की सूचना मिलने के बाद कहा कि सुरक्षा एजेंसियां और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं। उन्होंने बताया कि संभावित क्षेत्र में सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिए गए हैं। डॉ. अंसारी ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत जरूरी कार्रवाई करने और हर संभव संसाधन तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

## शिक्षा के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर तीखा हमला, स्कूल बंद होने के आंकड़ों पर उठाए सवाल

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो।

सरकारी स्कूलों के बंद होने के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए विपक्ष ने गंभीर आरोप लगाए हैं। बयान में कहा गया है कि सरकार ने पहले उत्तर प्रदेश में विलय के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद करने की कोशिश की और अब राज्यसभा में यह स्वीकार किया है कि पिछले पांच वर्षों में 18,727 सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। इसे देश के भविष्य के विरुद्ध बताया गया है।

आरोप लगाया गया है कि सरकारी स्कूलों के बंद होने से सबसे अधिक नुकसान गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के बच्चों को होगा। उनका कहना है कि शिक्षा के साथ मिलने वाला मिड-डे मील भी प्रभावित होगा, जिससे



बच्चों के पोषण और मानसिक-शारीरिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। साथ ही आशंका जताई गई है कि सरकारी शिक्षा कमजोर होने पर निजी स्कूलों की फीस और अन्य खर्चों का बोझ आम परिवारों पर बढ़ेगा।

बयान में यह भी कहा गया है कि शिक्षकों को पढ़ाई के बजाय अन्य कार्यों में लगाए जाने से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और शिक्षकों का मनोबल गिर रहा है। शिक्षक, शिक्षामित्र और अभिभावकों में असंतोष बढ़ने का दावा भी किया गया है।

विपक्ष ने संकेत दिया है कि आगामी चुनाव में शिक्षा एक बड़ा मुद्दा बनेगा और सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आंदोलन तेज किया जाएगा।

# व्हाट्सऐप झुका सुप्रीम कोर्ट में, यूजर्स को मिलेगा डेटा शेयरिंग पर ज्यादा नियंत्रण

## कपिल सिब्बल का आश्वासन—16 मार्च तक लागू होंगे निर्देश; सीजेआई सूर्यकांत की सख्ती

समाज जागरण ब्यूरो। देश की सबसे बड़ी अदालत में सोमवार को डिजिटल प्राइवेसी से जुड़ी अहम सुनवाई के दौरान WhatsApp ने बड़ा ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि वह भारतीय यूजर्स को अपने डेटा को अन्य मेटा कंपनियों के साथ साझा करने पर अधिक नियंत्रण देने के निर्देशों का पालन करेगी। यह कदम भारतीय यूजर्स की डेटा सुरक्षा के लिहाज से मील का पत्थर माना जा रहा है।

सुनवाई के दौरान व्हाट्सऐप की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कंपनी भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के आदेश और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण के निर्देशों का पूरा पालन करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विज्ञापन से जुड़े डेटा शेयरिंग पर सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे और 16 मार्च 2026 तक सभी निर्देश प्रभावी कर दिए जाएंगे।

सीजेआई सूर्यकांत का सख्त रुख मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कंपनी के बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए Meta Platforms और व्हाट्सऐप की अंतरिम रोक वाली अर्जियों को खारिज कर दिया।



कोर्ट ने कंपनियों को CCI के समक्ष अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया है। हालांकि मामले के मुख्य कानूनी मुद्दों पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में जारी रहेगी, लेकिन तत्काल प्रभाव से व्हाट्सऐप को अपनी प्राइवेसी नीति में बदलाव कर यूजर्स को सहमति का स्पष्ट विकल्प देना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला भारत में डिजिटल आजादी और डेटा प्राइवेसी की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है।

# वाराणसी: शंकराचार्य पर लगे आरोपों को लेकर नया दावा

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो।

वाराणसी में शाहजहांपुर निवासी Ramakant Dixit ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य Avimukteshwaranand Saraswati पर लगाए गए कथित आरोपों को लेकर नया बयान दिया है।

उन्होंने आरोप लगाने वाले Ashutosh Pandey पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें फोन पर जोड़कर झूठे आरोप लगाने के लिए उकसाया गया था।

रामाकांत दीक्षित के मुताबिक, तीन लोग उनके पास आए और उनके फोन से आशुतोष पांडेय से बात कराई। उन्होंने दावा किया कि उन




लोगों ने कहा कि "स्वामीजी को थोड़ा 'फिक्स' करना है" और शंकराचार्य पर आरोप लगाने की बात कही गई। दीक्षित ने कहा कि उन्होंने इस तरह की बातों से इनकार किया और स्पष्ट किया कि उन्होंने शंकराचार्य पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं शंकराचार्य से मिल चुके हैं और उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का आरोप उन्होंने नहीं लगाया।

फिलहाल इस मामले को लेकर आधिकारिक स्तर पर जांच और तथ्यों की पुष्टि की प्रक्रिया जारी है।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का बड़ा आरोप, साजिश रचने की कही बात

वाराणसी। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर से एक परिवार उनसे मिलने आया था, जिसने चौंकाने वाली जानकारी दी।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अनुसार, परिवार ने बताया कि



Ashutosh Maharaj नाम के व्यक्ति ने उनकी नाबालिग बेटियों के नाम पर शंकराचार्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने को कहा। जब परिवार ने ऐसा करने से इनकार किया तो उन्हें कथित तौर पर धमकियां दी गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि लालच और डर दिखाकर लोगों को उनके खिलाफ भड़काने की कोशिश की जा रही है। शंकराचार्य ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां चिंताजनक हैं और सच्चाई सामने आनी चाहिए। फिलहाल मामले में संबंधित पक्षों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## IDFC फर्स्ट बैंक घोटाले पर सख्ती, दोषियों पर होगी कार्रवाई: रणबीर सिंह गंगवा

चंडीगढ़। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में कथित 590 करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर हरियाणा सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। इस मामले पर हरियाणा के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री पहले ही इस विषय पर सदन में विस्तृत जवाब दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने मामले की जांच क्राइम ब्रांच और विजिलेंस को सौंप दी है।

## अब धर्म और सत्ता के बीच सीधा टकराव




क्या हम अदावत के उस दौर में पहुँच गए हैं.. जहाँ पहले सियासत में दुश्मनी थी और अब धर्म भी उसी आग में झोंका जा रहा है?प्रयागराज के महाकुम्भ और माघ मेले से शुरू हुआ विवाद...अब( POCSO) कोर्ट के आदेश तक पहुँच गया है।एडीजे कोर्ट ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर का निर्देश दिया सहै सवाल उठता है –क्या यह महज कानूनी कार्रवाई है? या फिर सियासी टकराव का विस्तार?

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर गिरफ्तारी की तलवार लटका दी गई है किंतु वे पीछे हटने के लिए तैयार नहीं हैं. इधर उनके खिलाफ पोस्को के इस्तेमाल का बिस्मिल्लाह हुआ उधर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने एक बोर्ड जारी कर दिया.इस बोर्ड में एक तरफ 'गाय, सत्य, शंकराचार्य के साथ हूं' लिखा गया है, जबकि दूसरी ओर 'आय, सत्ता, मुख्यमंत्री के साथ हूं.' लिखा है. इस बोर्ड के जरिए गो-रक्षा को लेकर चल रही वैचारिक लड़ाई को प्रतीकात्मक रूप में दिखाने की कोशिश की गई है.

उप्र की सरकार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य नहीं बल्कि कालनेमि मानती है. खुद उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को कालनेमि कहा था, अलबत्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुकेश अंबानी के यहाँ एक समारोह में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से आशीर्वाद ले चुके हैं.

मजे की बात ये है कि मुख योगी आदित्य नाथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य नहीं मानते तो शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को योगी नहीं मानते. दोनों के बीच की अदावत अब धर्म और सत्ता के बीच का टकराव बन चुकी है. आपको याद दिला दूं कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेवरानंद के शंकराचार्य होने को भी सुप्रीमकोर्ट में चुनौती दी गई है.

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद शुरू से ही आर एस एस और भाजपा की आंख की किरकिरी रहे हैं. वे भाजपा, प्रधानमंत्री और उप्र के मुख्यमंत्री के फैसलों और आचरण को लेकर हमेशा आक्रामक रहे हैं. अयोध्या में राममंदिर के शिलान्यास, उदघाटन और प्राण प्रतिष्ठा समारोहों को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मीन-मेख निकाले, विरोध किया. प्रयागराज के महाकुम्भ में भगदड में 30 लोगों की मौत के लिए उप्र के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया था. अभी माघ मेले में पालकी से स्नान विवाद के बाद उप्र सरकार के इशा पर शंकराचार्य के साथ धक्का मुक्की हुई. विरोध में शंकराचार्य ने दस दिन अनशन किया था और बिना स्नान के आ गये थे.उन्होंने प्रयागराज से लौटते ही योगी सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया था. अब अपने खिलाफ पोस्को के तहत एफ आई आर दर्ज होने के अदालती आदेश के फौरन बाद शंकराचार्य की ओर से जारी किए गए बोर्ड के शीर्षक में लिखा है- 'गो रक्षा के इस धर्मयुद्ध में मैं तो...' इसे दो हिस्सों में बांटा गया है. एक तरफ 'गाय, सत्य, शंकराचार्य के साथ हूं' लिखा है, जबकि दूसरी ओर 'आय, सत्ता, मुख्यमंत्री के साथ हूं' लिखा गया है. खास बात यह है कि इस दूसरे हिस्से में सबसे पहले रवींद्र पुरी महाराज की तस्वीर लगाई गई है. दरअसल, अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने हाल ही में संभल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शंकराचार्य पर तीखी टिप्पणी की थी. उन्होंने कहा था कि अविमुक्तेश्वरानंद 'एजेंडा' चला रहे हैं और किसी भी बड़े अखाड़े या संत परिषद का समर्थन उन्हें प्राप्त नहीं है. इतना ही नहीं, उन्होंने खुद को सरकार, खासकर योगी आदित्यनाथ के साथ बताया था.

इस मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि हमने बिल्कुल चिह्नित कर लिया, उनके वक्तव्य को जान लिया. जान कर उनको खड़ा कर दिया कि आप मुख्यमंत्री के साथ हैं. उनका जो कथन है, उसके अनुसार उनका फोटो हमने उस तरफ रख दिया. तो अब स्पष्टता के साथ कम से कम पूरे सनातन धर्मी जनता को ये पता चल गया कि गौ माता की रक्षा के लिए आंदोलन चल रहा था, जब ये युद्ध लड़ा जा रहा था, उस समय यह सत्ता के साथ थे. यह पूरा विवाद शिखा, बटुकों के सम्मान और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग से जुड़ा हुआ है. स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 11 मार्च को लखनऊ कूच करने का ऐलान कर चुके हैं, जिसे लेकर सियासी और धार्मिक हलकों में हलचल बनी हुई है

शिखा विवाद से शुरू हुआ संत समाज का टकराव अब खुलकर वैचारिक संघर्ष में बदलता नजर आ रहा है. ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने 'धर्म युद्ध बोर्ड' की घोषणा की है. यानी यह लड़ाई अब सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं दिख रही.इस बोर्ड में प्रतीकात्मक रूप से संत समाज और सत्ता के बीच विभाजन रेखा खींची गई है-

अब देखना ये है कि धर्म और सत्ता के बीच टकराव में क्या मोड आता है? क्या शंकराचार्य को भाजपा सरकार गिरफ्तार कराती है या फिर यहाँ भी डोनाल्ड ट्रंप को सीज फायर के लिए दोनों के बीच कूदना पडेगा, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री तो मौन हैं.

@राकेश अचल

## मेरठ रैपिड रेल के बहाने भाजपा ने विकास, राजनीति और 2027 का चुनावी गणित साधा

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ में रविवार को हुआ रैपिड रेल और मेट्रो परियोजना का उद्घाटन एक सामान्य सरकारी कार्यक्रम नहीं था। यह ऐसा मंच था जहां विकास के आंकड़े, राजनीतिक संदेश और भविष्य की चुनावी रणनीति एक साथ रखी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की बुनियाद अब खुले तौर पर रखी जा रही है।दिल्लीझमेरठ नमो भारत रैपिड रेल कॉरिडोर देश की सबसे महत्वाकांक्षी क्षेत्रीय परिवहन परियोजनाओं में गिना जा रहा है। इसकी कुल लंबाई करीब 82 किलोमीटर है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, इस परियोजना पर 12 हजार 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आई है। अब दिल्ली से मेरठ का सफर 50 से 55 मिनट में पूरा किया जा सकेगा, जबकि पहले यही दूरी सड़क मार्ग से तय करने में औसतन ढाई से तीन घंटे लगते थे। रैपिड रेल की अधिकतम डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई है, जो इसे देश की सबसे तेज रफ्तार ट्रांजिट प्रणालियों में शामिल करती है। इसी कॉरिडोर के साथ मेरठ मेट्रो का संचालन भी शुरू किया गया है। इसका मकसद केवल दिल्ली से कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि शहर के भीतर आवाजाही को भी आसान बनाना है। सरकार का दावा है कि इससे रोजाना हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और ट्रैफिक का दबाव कम होगा। अधिकारियों के अनुसार, पूर्ण संचालन के बाद इस कॉरिडोर से हर दिन करीब ढाई से तीन लाख यात्रियों के सफर करने की क्षमता विकसित की गई है।




प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इन आंकड़ों को विकास की उपलब्धि के रूप में पेश किया, लेकिन संदेश सिर्फ इतना नहीं था। मंच से यह बार-बार रेखांकित किया गया कि इतने बड़े प्रोजेक्ट तभी संभव हो पाए जब केंद्र और राज्य सरकारें एक साथ काम कर रही हों। योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कानून-व्यवस्था, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर को उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया गया। यह सीधा संकेत था कि भाजपा ह्यडबल इंजन सरकारह्न के नैरेटिव को 2027 तक और मजबूत करने जा रही है।राजनीतिक दृष्टि से सबसे दिलचस्प पहलू विपक्ष पर किया गया हमला रहा। इस मंच से कांग्रेस पर तीखे शब्दों में निशाना साधा गया। पहली नजर में यह अटपटा लग सकता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में भाजपा का मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी से माना जाता है। लेकिन राजनीति में विमर्श तय करना भी रणनीति का हिस्सा होता है। कांग्रेस को केंद्र में रखकर हमला करने से विपक्षी खेमे के भीतर नेतृत्व और दिशा को लेकर असमंजस पैदा करने की कोशिश साफ दिखी।इसका सीधा असर समाजवादी पार्टी और उसके प्रमुख अखिलेश यादव पर पड़ता है। यदि विपक्षी राजनीति का केंद्र कांग्रेस बनती है, तो सपा को न केवल अपने पारंपरिक वोट बैंक को संभालना होगा, बल्कि विपक्षी एकता में अपनी भूमिका को भी नए सिरे से परिभाषित करना पड़ेगा। यह दबाव केवल सीटों का नहीं, बल्कि नेतृत्व और वैचारिक दिशा का भी है।

मेरठ का मंच पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखकर चुना गया। यह इलाका किसान आंदोलन, जातीय समीकरण और शहरीकरण तीनों के लिहाज से अहम माना जाता है। रैपिड रेल जैसी परियोजना के जरिए भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि विकास का लाभ सीधे इसी क्षेत्र को मिल रहा है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, इस कॉरिडोर से जुड़े क्षेत्रों में जमीन के दाम, औद्योगिक निवेश और निजी प्रोजेक्ट्स में पहले ही बढ़ोतरी देखी जा रही है।सरकार का दावा है कि परियोजना के निर्माण और संचालन के दौरान करीब 30 हजार से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इसके अलावा, दिल्लीझ एनसीआर के औद्योगिक और कॉरपोरेट हब तक तेज पहुंच मिलने से मेरठ, मोदीनगर और आसपास के शहरों के युवाओं के लिए नौकरी के नए विकल्प खुलेंगे। यही वह आर्थिक तर्क है, जिसे भाजपा राजनीतिक भरोसे में बदलने की कोशिश कर रही है।

योगी आदित्यनाथ को मंच से जिस तरह विकास और सुशासन के चेहरे के रूप में पेश किया गया, वह भी 2027 की राजनीति से जुड़ा संकेत है। भाजपा यह दिखाना चाहती है कि राज्य में नेतृत्व स्थिर है और केंद्र का पूरा समर्थन उसे हासिल है। 2017 और 2022 के चुनावों में कानून-व्यवस्था और मजबूत नेतृत्व जिस तरह निर्णायक मुद्दा बना था, अब उसी के साथ बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को जोड़ा जा रहा है।मेरठ में दिखी यह तस्वीर बताती है कि भाजपा आने वाले चुनाव को केवल भावनात्मक या वैचारिक मुद्दों पर नहीं, बल्कि ठोस आंकड़ों और विकास के दावों पर लड़ने की तैयारी में है। दूसरी ओर विपक्ष के सामने चुनौती है कि वह इन आंकड़ों का जवाब किस एजेंडे से देगा सामाजिक न्याय, बेरोजगारी, महंगाई या गठबंधन की राजनीति से।कुल मिलाकर, मेरठ में रैपिड रेल का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा संकेत बनकर उभरा है। यह कार्यक्रम विकास का उत्सव भी था और आने वाले चुनाव का संकेतक भी। भाजपा ने यहां से यह साफ कर दिया है कि 2027 की लड़ाई विकास, स्थिर नेतृत्व और बिखरे विपक्ष के मुकाबले के रूप में पेश की जाएगी। मेरठ से उठी यह राजनीतिक गूंज आने वाले महीनों में पूरे प्रदेश की राजनीति को दिशा देती दिख सकती है।



संजय सक्सेना,लखनऊ

## एआई ईंपैक्ट और महिलाओं से जुड़ी प्रचुर संभावनाएं।

## महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण की ज्यादा जरूरत।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई आज केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक संरचनाओं, आर्थिक अवसरों और शक्ति संतुलन को पुनर्परिभाषित करने वाला परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। इस परिवर्तन के केंद्र में यदि किसी वर्ग के लिए सर्वाधिक संभावनाएँ छिपी हैं तो वह है महिला वर्ग, क्योंकि सदियों से अवसरों की असमानता, संसाधनों तक सीमित पहुँच और निर्णय-निर्माण में कम भागीदारी जैसी बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए एआई एक नई ऊर्जा, नई दिशा और नया इम्पैक्ट लेकर आया है।

विश्व स्तर पर उपलब्ध नवीन आँकड़े यह संकेत देते हैं कि तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अभी भी संतोषजनक नहीं है, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार एआई से जुड़े कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 28 से 30 प्रतिशत के बीच है, जबकि नेतृत्वकारी भूमिकाओं में यह प्रतिशत और भी कम हो जाता है, भारत में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत एआई पेशेवर महिलाएँ हैं, परंतु यदि प्रशिक्षण, डिजिटल पहुँच और नीतिगत समर्थन को व्यापक बनाया जाए तो 2027 तक इस संख्या के चार गुना तक बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है। यह आँकड़ा केवल सांख्यिकीय वृद्धि का संकेत नहीं बल्कि सामाजिक शक्ति संतुलन में संभावित बड़े बदलाव का संकेत है। एआई इम्पैक्ट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह कौशल आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

जहाँ पारंपरिक लैंगिक पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम प्रभावी होते हैं। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल ट्यूटर, एआई-आधारित भाषा अनुवाद उपकरण और कोडिंग सिमुलेटर उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं जो भौगोलिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुँच पाती थीं।

इस संदर्भ मे यूनेस्को ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि एआई को समावेशी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया जाए तो यह महिलाओं की कार्यभागीदारी और नेतृत्व क्षमता को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा सकता है, इसी प्रकार डिजिटल ऑगेर्नाइजेशन ने अपनी रिपोर्टों में उल्लेख किया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में लैंगिक समानता सुनिश्चित करना वैश्विक विकास की अनिवार्य शर्त है।

एआई इम्पैक्ट का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम कार्यस्थल पर महिलाओं की आवाज को सशक्त करना है। मीटिंग एनालिटिक्स कंपनी की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि एआई-सहायता प्राप्त वर्चुअल मीटिंग टूल्स के उपयोग से महिलाएँ औसतन 9 प्रतिशत अधिक बोलती हैं, क्योंकि एआई आधारित नोट-टेकिंग और समय प्रबंधन उपकरण उन्हें बिना बाधा अपनी बात रखने का अवसर देते हैं। यह परिवर्तन प्रतीकात्मक नहीं बल्कि संरचनात्मक है, क्योंकि निति-निर्माण में आवाज की उपस्थिति ही शक्ति का पहला चरण होती है। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में एआई इम्पैक्ट का एक और आयाम उभर कर आया है जहाँ डिजिटल सखी, एआई चैटबॉट और स्मार्ट कृषि सलाह प्लेटफॉर्म महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएँ अब एआई आधारित बाजार विश्लेषण, मूल्य पूवार्नुमान और ग्राहक पहुँच टूल्स का उपयोग कर अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुँचा पा रही हैं इससे आय में वृद्धि के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। यह आर्थिक सशक्तिकरण सामाजिक सशक्तिकरण में रूपांतरित हो रहा है; स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई इम्पैक्ट और भी गहरा है। मातृ स्वास्थ्य निगरानी, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट और प्रारंभिक रोग पहचान प्रणाली ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवनरक्षक सिद्ध हो रही हैं, जहाँ पहले विशेषज्ञ डॉक्टरों की पहुँच कठिन थी वहाँ अब मोबाइल आधारित एआई समाधान प्राथमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं। इससे स्वास्थ्य असमानताओं में कमी आने की संभावना है; किंतु एआई का यह सकारात्मक पक्ष तभी स्थायी होगा जब इसके नकारात्मक आयामों को भी गंभीरता से समझा जाए, अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि लगभग 40 प्रतिशत एआई मॉडल किसी न किसी रूप में लैंगिक पूर्वाग्रह से प्रभावित होते हैं, यदि प्रशिक्षण डेटा असंतुलित है तो निर्णय भी असंतुलित होंगे, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ से संबद्ध एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि डिजिटल हिंसा, डीपफेक और ऑनलाइन उत्पीड़न की घटनाएँ महिलाओं को प्रभावित कर रही हैं। अनुमान है विश्व की लगभग 38 प्रतिशत महिलाएँ किसी न किसी रूप में ऑनलाइन हिंसा का अनुभव कर चुकी हैं। अतः एआई इम्पैक्ट को सकारात्मक बनाए रखने के लिए सख्त डेटा नैतिकता, एल्गोरिथमिक पारदर्शिता और लैंगिक संवेदनशील नीति ढाँचा अत्यंत आवश्यक है।एआई महिलाओं के लिए केवल नौकरी का साधन नहीं बल्कि नेतृत्व का माध्यम भी बन सकता है । डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ा सकती है जिससे महिलाओं की भागीदारी मजबूत हो, जब निर्णय तथ्यों और विश्लेषण पर आधारित होंगे तो पूर्वाग्रहों की गुंजाइश घटेगी, इसके अतिरिक्त फ्रीलांसिंग, कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग, एआई ट्रेनिंग और माइक्रो-टास्किंग जैसे नए क्षेत्रों ने उन महिलाओं को भी आर्थिक स्वतंत्रता दी है जो पारंपरिक नौकरी संरचना में शामिल नहीं हो पाती थीं।

यह लचीला कार्य-मॉडल मातृत्व और पारिवारिक दायित्वों के साथ संतुलन बनाने में सहायक है। एआई इम्पैक्ट का मनोवैज्ञानिक पहलू भी उल्लेखनीय है, जब महिलाएँ तकनीक की उपभोक्ता मात्र न रहकर उसकी निमार्ता और नवोन्मेषक बनती हैं तो आत्मविश्वास और पहचान दोनों का विस्तार होता है, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में महिला सहभागिता बढ़ाने के प्रयास यह संकेत देते हैं कि आने वाले दशक में एआई क्षेत्र में महिला नेतृत्व की नई पीढ़ी उभरेगी; निष्कर्षतः एआई एक दोधारी तलवार अवश्य है परंतु यदि इसे समावेशी नीति, लैंगिक संतुलन, डिजिटल साक्षरता और नैतिक नियमन के साथ आगे बढ़ाया जाए तो इसका इम्पैक्ट महिलाओं के लिए ऐतिहासिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है, यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक, बौद्धिक और राजनीतिक शक्ति संतुलन का परिवर्तन होगा, जहाँ महिला केवल भागीदार नहीं बल्कि निर्णयकर्ता, निमार्ता और नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित होगी, और यही एआई की वास्तविक सफलता होगी कि वह तकनीक को मानवता और समानता की दिशा में प्रयुक्त करे, क्योंकि जब महिला सशक्त होती है तो समाज सशक्त होता है और जब समाज सशक्त होता है तो राष्ट्र प्रगतिशील बनता है।



संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक चिंतक, स्तंभकार रायपुर छत्तीसगढ़
9009 415 415

## न धृतराष्ट्र-गांधारी बनों प्रहरी..!

तीस से ज्यादा बच्चों ने हाथ की
नस काट ली,
ऐसा लगा जैसे माता-पिता ने
अंतिम सांस लीं।
हे पालकों क्यों? धृतराष्ट्र बन
अपने घर बैठे हो,
बच्चों पर रखिए नजर क्यों
आँखें मून्दे बैठे हो।

लाख इसका दोष किसी ओर को
चाहे दीजिए,
आप गांधारी सा आचरण तो
उनसे न कीजिए।
संतान सेलफोन पे क्या? कर
रही सुध लीजिए,
आत्मक्षति क्यों? हो रहीं उस पर
ध्यान दीजिए।

युवामन डिजिटल संसार में
गहराई से प्रभावित,
ऑनलाइन चैलेंज, हिंसक गेम्स
क्षति संभावित।
माता-पिता, शिक्षक व समाज
रखें इनसे संवाद,
घरेलू वातावरण ऐसा तैयार करें
न जन्मे मवाद।
(संदर्भ-धमतरी में 'ब्लेड के
पीछे छिपा सच')

संजय एम तराणेकर

## सावरकर रहे विशुद्ध हिंदू राष्ट्रवाद के अनुयाई

भारतीय संस्कृति में अतिथि देवो भवःह्व केवल एक कहावत नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य है। हमारे यहाँ अतिथि का आगमन शुभ माना जाता है। घर की रसोई में हलचल बढ़ जाती है, बैठक सजी-धजी लगने लगती है और मन में एक सहज उत्साह जाग उठता है कि आने वाला व्यक्ति अपनेपन और आदर का अनुभव करे। परंतु विडंबना यह है कि कभी-कभी कुछ अतिथि अनजाने में ही इस आत्मीयता पर पानी फेर देते हैं सिर्फ इस कारण कि वे चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक या परोसे गए नाश्ते को लेकर नखरे दिखाने लगते हैं।

आज के बदलते समय में खान-पान की पसंद-नापसंद स्वाभाविक है। किसी को चाय नहीं पसंद, किसी को कॉफी नहीं जंचती, कोई कोल्ड ड्रिंक से परहेज करता है। परंतु समस्या तब खड़ी होती है जब इन बातों को ऐसे ढंग से कहा जाए कि मेजबान असहज हो जाए। मैं तो चाय नहीं पीता, कॉफी से मुझे एलर्जी है, कोल्ड ड्रिंक बिल्कुल नहीं, ये बिस्कुट नहीं खाता, तेल ज्यादा है ऐसी टिप्पणियाँ यदि संवेदनशीलता के बिना कही जाएँ तो मेजबान की भावना आहत हो सकती है।

मेजबानी केवल परोसना नहीं, भावना है

जब कोई व्यक्ति अपने घर पर किसी को आमंत्रित करता है, तो वह केवल चाय या नाश्ता नहीं परोसता वह अपनी भावनाएँ, अपना समय और अपनी श्रद्धा परोसता है। वह सोचता है कि अतिथि को क्या अच्छा लगेगा, घर में क्या उपलब्ध है, कैसे स्वागत किया जाए। ऐसे में यदि अतिथि हर वस्तु में कमी निकालने लगे या बार-बार मना करता रहे, तो मेजबान के लिए स्थिति दुविधापूर्ण हो जाती है। सोचिए, यदि आप किसी के घर जाएँ और मेजबान बार-बार पूछे–तो फिर आप क्या लेंगे?– और हर उत्तर में न ही मिले, तो अंततः वह क्या परोसे? उसकी आतिथ्य-भावना कहाँ व्यक्त हो? अतिथि के रूप में हमारा दायित्व भी कम नहीं है। यदि हमें किसी चीज से चिकित्सकीय कारणों से परहेज है, तो विनम्रता से पहले ही सूचित कर देना उचित है। परंतु सामान्य परिस्थितियों में जो भी स्नेहपूर्वक परोसा जाए, उसका थोड़ा-सा स्वाद लेकर धन्यवाद कहना ही शिष्टाचार है।

सच तो यह है कि अतिथि का उद्देश्य भोजन नहीं, संबंधों की ऊष्मा होना चाहिए। यदि हम केवल स्वाद और पसंद के आधार पर प्रतिक्रिया देंगे, तो संबंधों की मिठास फीकी पड़ सकती है। ना कहने की भी एक संस्कृति हो जीवन में हर बात स्वीकार करना आवश्यक नहीं, परंतु उसे कहने का तरीका बहुत महत्त्वपूर्ण है। यदि सचमुच चाय नहीं पीते, तो मुस्कुराकर कहा जा सकता है यदि संभव हो तो मुझे सादा पानी ही दे दीजिए। या थोड़ी-सी चाय ले लूंगा। इससे मेजबान को यह अनुभव होता है कि आपने उसकी भावना का सम्मान किया।

कटु या उपेक्षापूर्ण ढंग से इनकार करना सामाजिक शिष्टाचार के विपरीत है। यह ध्यान रखना चाहिए कि हम किसी होटल या रेस्तरां में नहीं, किसी के घर में बैठे हैं जहाँ औपचारिकता से अधिक आत्मीयता होती है। हम अक्सर भूल जाते हैं कि किसी के घर जाकर हम उसके संसाधनों का नहीं, उसके मन का आदर करते हैं। अतिथि का सौम्य व्यवहार ही मेजबान के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है। यदि हम हर चीज में चयन और आलोचना की दृष्टि रखेंगे, तो धीरे-धीरे लोग बुलाने से कतराने लगेंगे। संबंधों की डोर बहुत कोमल होती है। एक छोटी-सी टिप्पणी भी उसमें गांठ डाल सकती है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने व्यवहार में सहजता और विनम्रता बनाए रखें। आज की पीढ़ी अधिक स्पष्टवादी है, जो अच्छी बात है। परंतु स्पष्टता और असंवेदनशीलता में अंतर है। बच्चों को यह सिखाना होगा कि अतिथि बनना भी एक कला है। यदि उन्हें कुछ पसंद न हो, तो विनम्रता से कैसे कहें; और यदि संभव हो तो थोड़ा-सा स्वीकार कर संबंधों की मिठास बनाए रखें। अतिथि बनकर जाना केवल मिलने-जुलने की औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। हमें यह समझना होगा कि किसी के घर परोसी गई चाय या नाश्ता केवल खाद्य पदार्थ नहीं, बल्कि सम्मान और स्नेह का प्रतीक है।

आइए, हम अतिथि बनकर आलोचक नहीं, संबंधों के संरक्षक बनें। जो भी प्रेमपूर्वक परोसा जाए, उसका आनंद लें क्योंकि स्वाद से अधिक महत्त्व उस भावना का है, जिसके साथ वह हमारे सामने रखा गया है। यदि हम इतना भर सीख जाएँ, तो अतिथि देवो भवः केवल दीवारों पर लिखा वाक्य नहीं, हमारे व्यवहार का सजीव सत्य बन जाएगा।



डा. पंकज भारद्वाज

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 25 फरवरी को गौतमबुद्धनगर में रोजगार महोत्सव-2026, युवाओं के लिए सुनहरा मौका

## 100 से अधिक कंपनियां देंगी 2000+ नौकरियां, भागीदारी पूरी तरह निःशुल्क

समाज जागरण संवाददाता, गौतमबुद्धनगर। बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश सरकार के उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में 25 फरवरी 2026 को वृहद रोजगार महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला विश्वेश्वरैया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विश्वेश्वरैया कैंपस, न्यू नोएडा जीटी रोड, दादरी में आयोजित होगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने बताया कि रोजगार महोत्सव में 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और लगभग 2000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इस आयोजन में 5000 से अधिक अभ्यर्थियों की सहभागिता संभावित है।

उन्होंने बताया कि मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। आठवीं पास, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, बीबीए, एमबीए, फामेर्सी सहित स्नातक और स्नातकोत्तर अभ्यर्थी इसमें शामिल हो सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल (ROJGAR SANGAM.UP.GOV.IN) या क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। मेले में शामिल होने के लिए बायोडाटा, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और पंजीकरण पर्ची की प्रिंट या डिजिटल प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। यह आयोजन पूरी तरह निःशुल्क है और किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। रोजगार महोत्सव में Samsung, Axis Bank, HCL Technologies, G4S, Tata Consultancy Services, Vivo, Tech Mahindra, KRBL Limited, Denso, Lava International, OPPO, New Holland Agriculture सहित करीब 100 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जनपद के सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि समय रहते पंजीकरण कर इस रोजगार महोत्सव का लाभ उठाएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# अवैध शराब से दूर रहें, होली पार्टियों में ऑकेजनल बार लाइसेंस अनिवार्य

## बिना लाइसेंस शराब परोसने पर होगी कार्रवाई; हेल्पलाइन 14405 पर करें शिकायत

समाज जागरण संवाददाता, गौतमबुद्धनगर। होली पर्व को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने जनपदवासियों से अवैध शराब के सेवन से बचने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध अड्डों से बिकने वाली खुली या बोतलबंद शराब जहरीली हो सकती है और उसमें मिथाइल अल्कोहल मिश्रित होने की आशंका रहती है, जिससे आंखों की रोशनी जा सकती है और मृत्यु तक हो सकती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में खुली शराब या पाउच में बंद शराब की बिक्री अनुमन्य नहीं है। केवल अनुज्ञापित दुकानों से मिलने वाली सील्ड एवं क्यूआर कोड युक्त शराब का ही उपभोग करें। यदि कहीं अवैध बिक्री की सूचना मिले तो तुरंत आबकारी विभाग को सूचित करें–सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

जिला आबकारी अधिकारी ने जनपद के सभी होटल, मैरिज हॉल और क्लब संचालकों को निर्देशित किया है कि किसी भी पार्टी में मदिरा के उपभोग या परोसने के लिए आबकारी विभाग से ऑकेजनल बार लाइसेंस (एफएल-11) लेना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस शराब परोसना दंडनीय होगा।

ऑकेजनल बार लाइसेंस के लिए इच्छुक संचालक उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट excise.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, गौतमबुद्धनगर से संपर्क किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि बिना ऑकेजनल बार लाइसेंस शराब परोसने का मामला सामने आने पर संबंधित होटल, मैरिज हॉल या क्लब संचालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए आबकारी विभाग ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है। कोई भी व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर 14405 पर शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अतिरिक्त आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 से 7 तक के मोबाइल नंबरों पर भी सूचना दी जा सकती है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार

दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

# जिला पंचायत गौतमबुद्धनगर की बजट बैठक संपन्न, 9 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित

## ग्रामीण क्षेत्रों में तेज डीजे पर रोक का प्रस्ताव पारित, श्मशान घाटों पर शवदाह गृह निर्माण को प्राथमिकता




समाज जागरण संवाददाता, गौतमबुद्धनगर। जिला पंचायत गौतमबुद्धनगर की बजट बैठक सोमवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने की, जबकि संचालन अपर मुख्य अधिकारी प्रियंका चतुर्वेदी द्वारा किया गया। बैठक में लोक महत्व और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 9.00 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए, जबकि आय का लक्ष्य लगभग 15.00 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। साथ ही पंचम वित्त आयोग की अनुमानित धनराशि करीब 3.40 करोड़ रुपये आंकी गई।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में तेज ध्वनि में बजने वाले डीजे पर रोक लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के श्मशान घाटों पर शवदाह गृह निर्माण को प्राथमिकता देने पर भी सभी सदस्यों ने सहमति जताई। अध्यक्ष अमित चौधरी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जनपद के समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की शांतिपूर्ण समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक में दादरी विधायक तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, मोहिनी, जयवती देवी, सुनील भाटी सहित मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग,



# जिला पंचायत गौतमबुद्धनगर की बजट बैठक संपन्न, 9 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित

## ग्रामीण क्षेत्रों में तेज डीजे पर रोक का प्रस्ताव पारित





नोएडा, संदीप गर्ग। जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत गौतमबुद्धनगर की बजट बैठक जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी प्रियंका चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

बैठक में लोक महत्व एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए लगभग 9.00 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए, जबकि आय का लक्ष्य लगभग 15.00 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त पंचम वित्त आयोग की अनुमानित धनराशि लगभग 3.40 करोड़ रुपये आंकी गई।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में तेज ध्वनि में बजने वाले डीजे पर रोक लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही ग्रामीण श्मशान घाटों पर शवदाह गृह निर्माण को प्राथमिकता देने पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

अध्यक्ष अमित चौधरी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को गौतमबुद्धनगर के समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को प्रेरित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की शांतिपूर्ण समाप्ति की घोषणा की गई।

बैठक में विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, मोहिनी, जयवती देवी, सुनील भाटी सहित मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# परी चौक के पास अवैध पिस्टल संग युवक गिरफ्तार

## नॉलेजपार्क पुलिस की कार्रवाई, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**




नोएडा, संदीप गर्ग। थाना नॉलेजपार्क पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध .30 बोर पिस्टल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हिमांशु पुत्र गोपाल गिरि (29 वर्ष) निवासी कमल विहार, बुराड़ी, उत्तरी दिल्ली के रूप में हुई है। उसे परी चौक मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसने अवैध असलहा कहां से प्राप्त किया।

# जिला चिकित्सालय नोएडा का उच्चस्तरीय निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना

नोएडा। आज दिनांक 23 फरवरी 2026 को जिला चिकित्सालय नोएडा में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) की टीम द्वारा चिकित्सालय की गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया गया तथा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निरीक्षण टीम में डॉ. विकास सिंघल (जेडी मलेरिया, डीजी एमएच, यूपी) एवं श्री दिनेश कुमार (एडीआरओ, डीजी एफडब्ल्यू, यूपी) शामिल रहे। अधिकारियों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, सेवाओं एवं संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. हृदयमणि लवणिया, डॉ. ऋषभ कुमार सिंह, अदिति यादव, प्रियंका शर्मा, जसप्रीत कौर, सिस्टर श्रीमती अंजू सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने चिकित्सालय में संचालित कार्यों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की और टीम के प्रयासों की प्रशंसा की।



# रेडिसन होटल ग्रुप और एमबीडी ग्रुप की रणनीतिक साझेदारी, भारत में लग्जरी ब्रांड्स का होगा विस्तार

## मास्टर फ्रेंचाइजी समझौते के तहत रेडिसन कलेक्शन और रेडिसन रेड पर फोकस, नोएडा होटल होगा अपग्रेड

**समाज जागरण**

नोएडा, संदीप गर्ग। रेडिसन होटल ग्रुप (आरएचजी) और एमबीडी ग्रुप ने भारत में अपने लग्जरी और लाइफस्टाइल ब्रांड्स–रेडिसन कलेक्शन और रेडिसन रेड–के विस्तार के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। मास्टर फ्रेंचाइजी समझौते के तहत हुई यह साझेदारी भारत के प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी सेगमेंट में एक अहम कदम मानी जा रही है।




कंपनी के अनुसार, इस सहयोग के जरिए आरएचजी के वैश्विक ब्रांड प्लेटफॉर्म और एमबीडी ग्रुप की विकास व संचालन विशेषज्ञता को एक साथ लाया जाएगा, जिससे देशभर में इन ब्रांड्स का विस्तार तेज होगा।

### साझेदारी का ढांचा

समझौते के तहत एमबीडी ग्रुप भारत में रेडिसन कलेक्शन और रेडिसन रेड होटलों के बिजनेस डेवलपमेंट, मैनेजमेंट और फ्रेंचाइज़िंग को समर्थन देगा। चिह्नित और आपसी सहमति वाले स्थानों पर नए प्रोजेक्ट विकसित किए जाएंगे।

### नोएडा का प्रतिष्ठित होटल होगा अपग्रेड

इस साझेदारी के तहत सेक्टर-18 स्थित रेडिसन ब्लू एमबीडी होटल नोएडा का व्यापक उन्नयन कर उसे रेडिसन कलेक्शन एमबीडी के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। यह होटल क्षेत्र का पहला पांच सितारा होटल रहा है और आरएचजी के बेहतर प्रदर्शन करने वाले होटलों में शामिल है।

### 50 सह-ब्रांडेड होटलों का लक्ष्य

एमबीडी ग्रुप की जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर सोनिका मल्होत्रा कंधारी ने बताया कि पहले दशक में रेडिसन कलेक्शन एमबीडी और रेडिसन रेड एमबीडी के तहत 50 सह-ब्रांडेड होटलों का लक्ष्य रखा गया है। इनमें लगभग 80% होटल मैनेजमेंट और फ्रेंचाइजी मॉडल पर तथा 20% स्वामित्व मॉडल पर विकसित होंगे।

### उद्योग में बढ़ती मांग

आरएचजी, साउथ एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर व सीओओ निखिल शर्मा ने कहा कि भारत का प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी बाजार तेजी से बढ़ रहा है और डिजाइन-आधारित लाइफस्टाइल अनुभवों की मांग मजबूत हुई है। यह साझेदारी प्रमुख बाजारों में विस्तार को गति देगी। वहीं, सीनियर डायरेक्टर (डेवलपमेंट) देवाशीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह सहयोग एसेट-लाइट मॉडल के तहत दीर्घकालिक ब्रांड वैल्यू बनाए रखते हुए रणनीतिक विस्तार में मदद करेगा।

### डिजाइन और ब्रांड पोज़िशनिंग

एमबीडी की मैनेजिंग डायरेक्टर मोनिका मल्होत्रा कंधारी ने कहा कि रेडिसन कलेक्शन एमबीडी कालातीत और क्यूरेटेड लग्जरी अनुभव देगा, जबकि रेडिसन रेड एमबीडी बोल्ड और जीवंत लाइफस्टाइल हॉस्पिटैलिटी को नया आयाम देगा।

### विरासत पर जोर

एमबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन सतीश बाला मल्होत्रा ने कहा कि आरएचजी के साथ यह विस्तारित साझेदारी विश्वास और गुणवत्ता की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भारतीय हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को मजबूत बनाएगी।

कंपनियों का कहना है कि यह सहयोग भारत में लग्जरी और लाइफस्टाइल गंतव्यों की नई पीढ़ी तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगा और देश के हॉस्पिटैलिटी इकोसिस्टम को मजबूती देगा।

# सलारपुर में दो लेन पुल निर्माण का शिलान्यास, आवागमन होगा सुगम

## करीब 9.92 करोड़ रुपये की लागत से बनेंगे दो नए पुल



नोएडा, संदीप गर्ग। ग्राम सलारपुर में नोएडा मैन नाले के किमी 7.800 व किमी 8.600 पर दो लेन पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को किया गया। शिलान्यास सांसद गौतमबुद्धनगर डॉ. महेश शर्मा और विधायक नोएडा पंकज सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, विशेष कार्याधिकारी कान्ती शेखर, विशेष कार्याधिकारी इन्दू प्रकाश, महाप्रबंधक (सिविल) अशोक कुमार अरोड़ा, महाप्रबंधक (सिविल) एस.पी. सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (वर्क सर्किल-8) रोहित सिंह तथा सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार यह कार्य सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश के हैड वर्क्स खंड आगरा नहर, औखला (नई दिल्ली) द्वारा कराया जाएगा। ग्राम सलारपुर में नाले पर पहले से बने दो पुलों के स्थान पर नए आधुनिक पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी।

प्रस्तावित प्रत्येक पुल की लंबाई 33 मीटर तथा कुल चौड़ाई 11.50 मीटर होगी, जिसमें 7.50 मीटर चौड़ा कैरेजवे और दोनों ओर 2-2 मीटर चौड़े फुटपाथ बनाए जाएंगे। प्रत्येक पुल की अनुमानित लागत 496.28 लाख रुपये है, जबकि दोनों पुलों के निर्माण पर कुल 992.56 लाख रुपये व्यय होने का अनुमान है।

# नौसेना प्रमुख ने गौतमबुद्धनगर के 45 शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## त्रि-सेवा सम्मान के साथ आयोजित हुआ 24वां श्रद्धांजलि समारोह, परिजनों ने अर्पित किए पुष्पचक्र

**समाज जागरण**

नोएडा, संदीप गर्ग। शनिवार, 23 फरवरी 2026 को अपराह्न 3:30 बजे आयोजित 24वें श्रद्धांजलि समारोह में नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी ने गौतमबुद्धनगर के 45 शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह सैन्य अनुशासन के साथ संपन्न हुआ, जिसमें त्रि-सेवा गार्ड और बिगुल वादक उपस्थित रहे।




नौसेना प्रमुख के बाद मेजर जनरल नवराज ढिल्लों, मेजर जनरल पुनीत अग्रवाल और एयर वाइस मार्शल आनंद सोंधी ने क्रमशः सेना और वायुसेना की ओर से श्रद्धांजलि दी। कमोडोर विशाल रावल ने भी शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान शहीदों के परिजनों ने पुष्पचक्र अर्पित किए। वातावरण भावुक रहा और वीर जवानों के साहस व बलिदान को याद किया गया। परिजनों की आंखों में शोक और गर्व दोनों झलकते रहे।

समारोह में बिपिन रावत सहित कई वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अज्ञात सैनिकों के सम्मान में भी पुष्पचक्र अर्पित किए गए।

मुख्य अतिथि का स्वागत लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी. चड्ढा और लेफ्टिनेंट जनरल खुराना ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रीति दास और लेफ्टिनेंट कर्नल ओ.पी. मेहता (सेवानिवृत्त) ने किया।

अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि नोएडा का शहीद स्मारक देश का पहला त्रि-सेवा स्मारक है, जो सेना, नौसेना और वायुसेना के शहीदों को समर्पित है। स्मारिका 2026 के विमोचन के बाद एडमिरल त्रिपाठी ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनके साहस और समर्पण ने राष्ट्र की रक्षा की है।

समारोह के अंत में शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया तथा भारतीय नौसेना बैंड ने प्रेरणादायक सैन्य धुनें प्रस्तुत कीं। मीडिया से बातचीत में कमांडर नरेंद्र महाजन ने बताया कि समर्पण दिवस 13 अप्रैल 2026 को मनाया जाएगा।

# अलीगढ़ में अतिक्रमण हटाने के दौरान हंगामा, नगर निगम टीम और रेहड़ी व्यापारियों में झड़प

## व्यापारियों ने उत्पीड़न का आरोप लगाया, मौके पर बढ़ाई गई पुलिस तैनाती

**समाज जागरण**

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान शनिवार को उस समय हंगामा हो गया, जब नगर निगम की टीम और रेहड़ी-पटरी व्यापारियों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद मारपीट की स्थिति बन गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नगर निगम द्वारा सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान कुछ रेहड़ी व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट हो गई।

कुछ मुस्लिम रेहड़ी व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान उनके साथ पक्षपात और उत्पीड़न किया गया। वहीं नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि अभियान नियमानुसार चलाया जा रहा था और सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करना आवश्यक है। स्थिति को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और हालात को नियंत्रित किया गया। प्रशासन ने मामले की जांच के संकेत दिए हैं।

# रबूपुरा पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दूसरा गिरफ्तार

## फायरिंग कर भाग रहे थे आरोपी, अवैध तमंचे व चोरी की बाइक बरामद

नोएडा, संदीप गर्ग। थाना रबूपुरा पुलिस और बदमाशों के बीच करौली अंडरपास के पास मुठभेड़ हो गई। पुलिस को सूचना के आधार पर क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की।

पुलिस ने पीछा करते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसकी पहचान सलमान पुत्र बुखारी निवासी मोहल्ला आरापुरी, थाना कैराना, जिला शामली के रूप में हुई है।

दूसरे आरोपी असलम पुत्र अकबर निवासी ग्राम रोहिन्दा, थाना अरनिया, जिला बुलंदशहर को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे .315 बोर, 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की एक चोरी की मोटरसाइकिल तथा गोवध हेतु रखे उपकरण (02 रस्सी, 02 चाकू, 01 सिरिंज, 01 इंजेक्शन शीशी और 02 खाली प्लास्टिक कट्टे) बरामद किए गए हैं।

# फ्यूचर स्किल प्राइम सरीखी पहल वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तैयारी में महत्वपूर्णः वीसी

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में मिनिस्ट्री ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के तत्वावधान में नासकॉम के सहयोग से फ्यूचर स्किल प्राइम पर ओरिएंटेशन सत्र

**खास बातें**

फ्यूचर स्किल प्राइम सरकार, उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों का मंचः श्री अंकित सिन्हा
स्टुडेंट्स तकनीकी कौशल के संग क्रिटिकल थिंकिंग को करें मजबूतः श्री जुबैर चौधरी
टीएमयू स्टुडेंट्स को उद्योगोन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धः प्रो. पंकज कुमार
सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत, स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, यह कौशल-आधारित शिक्षा का युग है। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ उद्योग की मांग के अनुरूप कौशल विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए फ्यूचर स्किल प्राइम सरीखी पहल स्टुडेंट्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने निरंतर सीखने की मानसिकता अपनाने और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए स्वयं को अपडेट रखने की प्रेरणा दी। प्रो. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में मिनिस्ट्री ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के तत्वावधान में नासकॉम के सहयोग से फ्यूचर स्किल प्राइम पर आयोजित ओरिएंटेशन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व कुलपति प्रो. वीके जैन, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, नासकॉम के कस्टमर सक्सेस श्री अंकित सिन्हा, इंस्टेलिंग डॉट एआई के फाउंडर एवम् सीईओ श्री जुबैर चौधरी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके सीसीएसआईटी के लेक्चर थिएटर-6 में ओरिएंटेशन सत्र का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

रिसोर्स पर्सन नासकॉम के कस्टमर सक्सेस श्री अंकित सिन्हा ने फ्यूचर स्किल प्राइम प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा, यह पहल स्टुडेंट्स को उद्योग के मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम, प्रमाणन और रोजगार अवसर प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के जरिए सरकार, उद्योग और शैक्षणिक संस्थान एक साझा मंच पर आकर कौशल विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को डिजिटल लर्निंग के महत्व, स्व-प्रेरित अध्ययन और उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण के लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। इंस्टेलिंग डॉट एआई के फाउंडर एवम् सीईओ श्री जुबैर चौधरी ने स्टुडेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई आधारित भर्ती प्रक्रियाओं और डिजिटल जॉब मार्केट के बदलते स्वरूप से अवगत कराया। उन्होंने बताया, वर्तमान समय में कंपनियां डेटा आधारित निर्णय लेने पर अधिक ध्यान दे रही हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को सलाह दी कि वे तकनीकी कौशल के साथ अपनी विश्लेषणात्मक सोच, संचार क्षमता और समस्या समाधान कौशल को मजबूत बनाएं। उन्होंने अपने स्टार्टअप अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, टीएमयू सदैव स्टुडेंट्स को उद्योगोन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मौसम का असर:सरकारी अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। सोमवार सुबह जैसे ही सरकारी अस्पताल के ओपीडी कक्ष का ताला खुला, वैसे ही मरीजों की लंबी कतारें लग गईं। महिला, पुरुष और बच्चों सहित सैकड़ों मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे, जिससे पूरे दिन अस्पताल परिसर में भारी भीड़ बनी रही।रविवार को अवकाश रहने के कारण सोमवार को मरीजों की संख्या



सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। सुबह से ही पर्ची काउंटर पर लोगों की लाइन लग गई और ओपीडी कक्ष के बाहर बैठने की जगह तक मरीजों की भीड उमडी रही।अस्पताल बंद होने तक मरीजों का आना-जाना लगातार जारी रहा।चिकित्सकों के अनुसार इन दिनों तेज बुखार, खांसी, जुकाम, गले में संक्रमण, उल्टी-दस्त और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों में मौसमी बीमारियों के लक्षण अधिक देखने को मिल रहे हैं। बदलते मौसम, सुबह-शाम की ठंडक और दिन में हल्की गर्माहट के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है।सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम परिवर्तन के चलते मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाइयों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और समस्त स्टाफ मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभा रहा है। प्रत्येक मरीज की जांच के बाद आवश्यक दवाइयां दी जा रही हैं। गंभीर स्थिति वाले मरीजों को विशेष परामर्श भी दिया जा रहा है।डॉक्टर ने लोगों से अपील की है कि मौसम को देखते हुए सावधानी बरतें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, बाहर का खुला खाद्य पदार्थ खाने से बचें और बच्चों को सुबह-शाम के समय गर्म कपड़े पहनाकर रखें। साथ ही किसी भी प्रकार के तेज बुखार या लगातार उल्टी-दस्त की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

# आवारा कुत्तों का आतंक, दर्जनों घायल; अस्पताल में लगी लंबी कतारें

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र में आवारा कुत्तों के लगातार बढ़ते हमलों से दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते कुछ दिनों में दर्जनों लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। ताजा घटनाओं में गांव चढ़ाव निवासी बालक वंश, कस्बा निवासी युवक देवा, भारसी निवासी महिला नरेश और गांव गढ़ी दौलत निवासी महिला नसीमा सहित कई अन्य लोग घायल हो गए।सभी लोग अपने-अपने कार्य से घर से



बाहर निकले थे, तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायलों को कुत्तों से बचाया। हमले में घायल सभी लोगों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए।अस्पताल में तैनात डॉक्टर रवि ने बताया कि सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुत्ते के काटने या खरोंच लगने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचें और लापरवाही बिल्कुल न बरतें, क्योंकि समय पर उपचार ही रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों आवारा कुत्तों के हमले से घायल बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मोहल्लों और गांवों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने और बाधियाकरण अभियान चलाने जैसे ठोस कदम तत्काल उठाए जाएं, ताकि क्षेत्र में फैल रहे इस आतंक से राहत मिल सके।

# फर्जी नंबर प्लेट व लाल-नीली बत्ती लगाकर घूम रही स्कॉर्पियो पकड़ी, दो गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

पुलिस चेकिंग के दौरान एक फर्जी नंबर प्लेट लगी स्कॉर्पियो कार पकड़ ली। कार पर लाल-नीली बत्ती लगा कर हूटर बजाते हुए आमजन पर रौब झाड़ा जा रहा था। पुलिस ने बैरियर लगाकर स्कार्पियो सवार दो लोगों को पकड़ लिया और वाहन को सीज करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

रविवार की देर रात्रि थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा सहित पुलिस टीम के साथदिल्ली-शामली हाईवे पर एलम कस्बे के निकट सघन वाहन




चेकिंग अभियान चला रखा था। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो कार, जिस पर लाल-नीली बत्ती का प्रयोग करते हुए और हूटर बजाते हुए आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और आगे बढ़ने का प्रयास किया। पुलिस ने संदेह होने पर बैरियर लगाकर स्कॉर्पियो को घेराबंदी कर रोक लिया। कार में सवार व्यक्तियों से पूछताछ की गई तो चालक ने अपना नाम रोबिन उर्फ बुन्ना पुत्र जयप्रकाश निवासी घिटोरा, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत बताया। उसके साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कुलदीप पुत्र धर्मसिंह निवासी ईस्ट गोकुलपुरी, थाना ज्योतिनगर, दिल्ली बताया। पुलिस द्वारा जब वाहन के दस्तावेजों की जांच की गई तो दोनों कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। संदेह गहराने पर पुलिस ने वाहन के इंजन नंबर की जांच कराई। जांच में पता चला कि कार का वास्तविक पंजीकरण नंबर दिल्ली निवासी एक महिला के नाम दर्ज है। इससे स्पष्ट हुआ कि आरोपी फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चला रहे थे।पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी आमजन में रौब जमाने और पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट तथा लाल-नीली बत्ती लगाकर घूम रहे थे।पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर दर्ज कराया विरोध

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता को लेकर दिए गए फैसले के बाद सरकार की अस्पष्ट नीति के विरोध में जनपद के शिक्षक संगठनों में रोष व्याप्त है। सोमवार को शामली में विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया और हाथों पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

प्रशिक्षण के दौरान डाईट कार्यालय पर टीएफआई संयुक्त शिक्षक संघ के बैनर तले आयोजित बैठक में शिक्षकों ने सरकार की कथित दमनकारी नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक अब और उत्पीड़न सहन नहीं करेंगे और अपने



अधिकारों की रक्षा के लिए लोक तांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेंगे। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 23 से 25 फरवरी तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूलों में शिक्षण कार्य करेंगे। इसके बाद 26 फरवरी को दोपहर 3 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना आयोजित किया जाएगा।धरने के उपरांत जिला धिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। शिक्षक नेताओं ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के शिक्षकों की महारैली आयोजित की जाएगी और केंद्र सरकार का घेराव किया जाएगा। शिक्षक संघ प्रतिनिधियों ने जनपद के सभी शिक्षक साथियों से अपील की है कि वे अपने अस्तित्व और सम्मान की रक्षा के लिए इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर प्रमेन्द्र, प्रवीन, सचिन, पूनम तोमर, परमेन्द्र, नीरू, भूपेन्द्र कुमार, डा. अंजू, पूजा मलिक, सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के श्री मंदिर हनुमान धाम हनुमान टीला पर श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आये भजन गायकों ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बाबा श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आये। रविवार देर शाम शहर के श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान कोलकाता से शुभम-रूपम, जयपुर से तृप्ति, दिल्ली से राहुल राज म्युजिकल ग्रुप ने बाबा श्याम के सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान शामली से हरीश नामदेव ने मंच संचालन किया। इस दौरान बाबा श्याम की महाआरती की गई, जिसके बाद प्रसाद वितरित किया



गया। संकीर्तन में बाबा का भव्य दरबार, औलोकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, अखंड ज्योत, इत्र वर्षा मुख्य आकर्षण का केन्द्र बने रहे। इस अवसर पर अश्वनी मित्तल, नितिन गोयल, आयुष गुप्ता, अंकित गोयल, अर्चित मित्तल, आर्यन मित्तल, चिराग संगल, अमित गुप्ता, ज्योति, साधुराम संगल, उमंग संगल, हर्षित गुप्ता, ईशिका संगल, ज्योति मित्तल, मेघा, रूचि, पूजा, शिवानी, प्रिया, माधवी आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची पालिका टीम का दुकानदारों ने किया विरोध

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बाजारों में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका टीम का दुकानदारों ने विरोध किया। इस दौरान टीम ने सब्जी मंडी में सडक पर रखे गए सामान को हटवाया, लेकिन जैसे ही टीम बाजारों में कपडा, गारेमेंट व किरयाना दुकानों और फल-सब्जी दुकानों के बाहर पहुंची तो दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया। दुकानदारों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

सोमवार को शहर के बाजारों में बढते अतिक्रमण की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका टीम बाजारों से अतिक्रमण हटवाने के लिए पहुंची, जहां दुकानदारों से अपना सामान सडक पर न रखने की अपील की गई। नगर पालिका टीम ने सब्जी मंडी में दुकान खाली छोडकर सडक पर रखे गए सामान




को कब्ज किया। चेतावनी दी कि बार बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमण नही हटाया जा रहा है, जिससे रास्ता अवरूद्ध हो रहा है। इसके बाद टीम मुख्य बाजार पहुंची जहां सडक पर खडी की गई फलों की ठेलियों हो हटाया गया। कपडा, रेडीमेंटट किरयाना की दुकानों के बाहर रखे गए सामान को भी हटाने के लिए कहा गया, जिस पर दुकानदारों में रोष फैल गया। उन्होने त्यौहारों के सीजन में नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे अतिक्रमण अभियान का विरोध किया और जमकर नारेबाजी की। दुकानदार सडक पर ही दरा बिछाकर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान दुकानदारों ने आने जाने वाले राहगीरों का भी रास्ता बंद कर दिया था। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। दुकानदारों का कहना था कि आगामी होली और ईद पर्व को लेकर बाजारों में रौनक ढाई है, जिसको लेकर वह सामान बाहर रख रहे है और दुकानों को सजा रहे है। ऐसे में नगर पालिका टीम प्रतिदिन आकर उनको परेशान कर रही है। जिससे व्यापार पूरी तरह से बाधित हो गया है। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे दुकानदारों को समझा बुझाकर शांत किया।

## वृद्ध महिला ने पुत्र पर लगाया जमीन हड़पने ओर मारपीट करने का आरोप

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद के आदर्श मंडी क्षेत्र के रेलपार निवासी एक वृद्ध महिला ने अपने बड़े पुत्र पर जमीन हड़पने, मारपीट करने तथा परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई है। सोमवार को बीरमती पत्नी सुरेंद्र ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसके तीन पुत्र हैं, जिनमें बड़े पुत्र राकेश ने



पारिवारिक विवाद के चलते वर्ष 2019 में मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। आरोप है कि उस दौरान घर में रखे सोना-चांदी व नकदी भी ले ली गई। मामले में उस समय थाने में समझौता करा दिया गया था। वृद्ध महिला का आरोप है कि बाद में एक अन्य प्रकरण में उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ थाना आदर्श मंडी में मुकदमा दर्ज करा दिया गया, जबकि जांच में तथ्यों की अनदेखी की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत से उनके परिवार को प्रताड़ित किया गया। बताया कि बड़े पुत्र ने धोखे से करीब डेढ़ बीघा जमीन बेच दी, जिसकी कीमत लगभग दो करोड़ रुपये बताई गई है, और रुपये स्वयं हड़प लिए। साथ ही शेष जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीडिता वृद्ध दंपत्ति ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## माहे रमजान के सातवें रोजे को मस्जिदों में रही नमाजियों की भीड़

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) माहे रमजान के पांचवे दिन मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ रही। रोजेदारों ने खुदा की इबादत कर खुदा से देश की तरक्की की दुआऐं मांगी। साथ ही देश में भाईचारा कायम करने की दुआ की गई।

माहे रमजान के पांचवे रोजे के दिन शहर के सलेह विहार मस्जिद में बोले



में मोलाना साजिद कासमी ने कहा कि इस्लाम ने निकाह के लिए पाकीजगी और अच्छे चरित्र को सबसे अहम बताया है। निकाह के लिए ऐसी औरत का चुनाव किया जाना चाहिए, जिसका चाल-चलन अच्छा हो। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति निकाह का इरादा करे तो उसे लड़की के परिवार की इजाजत और रजामंदी के साथ ही यह कदम उठाना चाहिए। इस्लाम में रिश्तों की बुनियाद भरोसे और सम्मान पर रखी गई है। बयान में यह भी कहा गया कि अल्लाह तआला ने मोमिनों को नाजायज तरीकों से एक-दूसरे का माल हड़पने से सख्ती से रोका है। मुसलमानों को आपसी रजामंदी और ईमानदारी के साथ व्यापार करना चाहिए। धोखा, फरेब और बेईमानी से कमाई गई दौलत में बरकत नहीं होती। उलेमा ने कुरआनी हिदायतों का हवाला देते हुए कहा कि वालिदैन, करीबी रिश्तेदारों, यतीमों, मिस्कीनों तथा पास और दूर के पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार करना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। समाज में आपसी मोहब्बत, हमदर्दी और भाईचारे से ही अमन कायम रह सकता है। अपील की गई कि वे इन शिक्षाओं को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाएं और एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दें।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान का व्यापारियों ने किया कड़ा विरोध

**समाज जागरण शामली।**

बाजारों से अतिक्रमण हटाओं अभियान का व्यापारियों ने कडा विरोध किया। व्यापारियों ने चेयरमैन व ईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठे रहे। व्यापारियों की मांग की थी कि चेयरमैन और ईओ स्वयं व्यापारियों के बीच पहुंचे और त्यौहारी सीजन में अनावश्यक रूप से चलाये जा रहे अतिक्रमण के बारे में बताये। आरोप लगाया कि पिछले एक महीने से व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। कभी निर्माण तो कभी अतिक्रमण के नाम से व्यापार प्रभावित किया गया है।

# महिला महाविद्यालय में काव्य एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग की विभागीय परिषद के तत्वावधान में सह-पाठ्यक्रम,को-करिकुलर गतिविधियों के अंतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता, लघु काव्य लेखन प्रति योगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।काव्य पाठ प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान तूबा बीए प्रथम वर्ष,तथा तृतीय स्थान शीजा बीए प्रथम वर्ष को मिला।लघु काव्य लेखन प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की दीक्षा पंवार ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान



आयशा,बीए तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान तहरीन,बीए तृतीय वर्ष को प्राप्त हुआ।आशु भाषण प्रतियोगिता में आयशा बीए तृतीय वर्ष प्रथम, तहरीन द्वितीय तथा अंजली,बीए तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं।कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. श्याम बाबू ने किया। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता रही, जिससे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## फोन पर जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में एक व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर फोन कर पूरे परिवार को जान से मारने तथा दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी सतबीर पुत्र देवी सिंह ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि उसके पुत्र रितिक के मोबाइल फोन पर गांव के ही संजय उर्फ सुरज पुत्र सतपाल ने फोन करते हुए पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह आगामी 26 और 27 फरवरी को गांव में आएगा और परिवार को जान से मार देगा। साथ ही उसने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है।पीड़ित का कहना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है तथा उसके खिलाफ पूर्व में एक युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज हो चुका है। धमकी के बाद से परिवार में भय का माहौल है। पीड़ित व्यक्ति ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कॉल डिटेल की जांच कराई जा रही है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली लाइन खुदाई से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, दर्जनों घरों की सप्लाई ठप

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र के बिजलीघर मार्ग पर विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी की अंडर ग्राउंड विद्युत लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के तहत सड़क पर जेसीबी मशीन से खुदाई की गई, लेकिन खुदाई के दौरान पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फटने से करीब दो दर्जन से अधिक घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि बिजलीघर परिसर के पास 33 केवी लाइन को भूमिगत करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी दौरान जेसीबी मशीन से खुदाई की गई, जिससे सड़क के नीचे बिछी पानी की पाइपलाइन टूट गई। पाइपलाइन टूटते ही पानी सड़क पर



फैल गया और आसपास के घरों की जल आपूर्ति बंद हो गई।

पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ घरेलू कार्यों के लिए भी संकट का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के खुदाई कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई। कई लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है।लिपिक अकरम अंसारी का कहना है कि सड़क खुदाई से पूर्व उन्हें किसी तरह की सूचना नहीं दी गई है, जो भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें जल्दी ठीक कराया जाएगा. और सड़क उखाड़ने का मामला पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को सूचना दे दी है।

## अवैध पार्किंग पर कार्रवाई के बाद चेतावनी बोर्ड उखाड़ा

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला मोलानान मे लंबे समय से बनी अवैध पार्किंग और सड़क अवरोध की समस्या को लेकर मोहल्ला निवासी नदीम अहमद द्वारा मंडल आयुक्त सहारनपुर को शिकायत भेजी गई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंडल आयुक्त के निर्देश पर उप जिलाधिकारी कैराना ने नगर पालिका को अतिक्रमण हटाने तथा संबंधित स्थान पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी सूचना पट लगाने के आदेश दिए।प्रशासनिक आदेश के तहत नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए नो पार्किंग लिखा हुआ चेतावनी बोर्ड लगा दिया था।



हालांकि टीम के वापस लौटते ही कुछ दबंग तत्वों ने बोर्ड को उखाड़ फेंका। इस घटना को प्रशासनिक आदेश की खुली अवमानना माना जा रहा है।मामले में शिकायतकर्ता ने सोमवार को जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।बोर्ड हटाए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पालिका की ओर से थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मोहल्ले में लगाए गए नो पार्किंग बोर्ड को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिडी हुई है। सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं नो पार्किंग का बोर्ड नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सफाई कर्मचारी को गोली मारने की धमकी, डीएम को शिकायत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कांधला थाना क्षेत्र के मोहल्ला माजरा निवासी एक युवक ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए डीएम से गुहार लगाई है।



सोमवार को नवीन सब्जी मंडी के सफाई कर्मचारी रजत पुत्र अमर सिंह ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि 25 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 2:15 बजे वह अपने साथी सावन के साथ मंडी परिसर में सफाई कार्य कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान बाइक सवार एक युवक उसके पास आया और उसके आसपास चक्कर लगाते हुए गोली मारने की धमकी देकर चला गया। उक्त घटना मंडी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है। बाद में वह युवक मंडी समिति कार्यालय के पास जाकर अपने दो अन्य साथियों से मिला। शिकायत में आरोपियों की पहचान सुमित पुत्र काकू निवासी रोहतक, तथा मोहल्ला माजरा निवासी यश पुत्र सोनी और उज्ज्वल पुत्र सुरेंद्र के रूप में की गई है। आरोप है कि पूर्व में भी उनके खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।पीडित ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर मनोहर, बंटी, माया, शंकर, तुषार, शुभम, राजू, विजय, विशाल, पारस, सन्नी आदि मौजूद रहे।

## जैसा चित्र वैसा चित की उक्ति जीवन में पूर्णतः सार्थक है, प्रतीक सागर मुनिराज

**समाज जागरण**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन में मुनि श्री 108 प्रतीक सागर मुनिराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में मंगल और अमंगल का निर्धारण बाहरी परिस्थितियों से अधिक उसकी दृष्टि, वाणी और विचारों से होता है। उन्होंने कहा कि जैसा चित्र वैसा चित की उक्ति जीवन में पूर्णतः सार्थक है। रात को सोते समय हमारी आंखों के सामने जो चित्र होता है और प्रातःकाल उठते ही जिस वस्तु या व्यक्ति पर पहली नजर जाती है, वही हमारे दिन और जीवन की दिशा तय करती है। यदि सुबह सबसे पहले किसी शांत, पवित्र और मंगलमय स्वरूप का दर्शन किया जाए तो भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुनि श्री ने कहा कि दिन की शुरूआत सामान्य सांसारिक शब्दों से नहीं, बल्कि पवित्र व मंगलमय वचनों से होनी चाहिए। चाय बन गई? जैसे



शब्दों के स्थान पर नवकार नमस्कार जैसे पवित्र शब्दों का उच्चारण मन को सही दिशा देता है। पवित्र वाणी से मन और संकल्प शुद्ध होते हैं, जबकि गलत विचार और शब्द जीवन में अशांति का कारण बनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आत्मा का स्वयं कोई आकार नहीं होता, वह वातावरण और विचारों के अनुसार स्वरूप ग्रहण कर लेती है, ठीक जल और वायु की भांति। यदि हमारी दृष्टि, वाणी और मन मंगलमय हों तो जीवन भी मंगलमय बन जाता है।

## मरीजों की जांच कर ओपरेशन के लिए किया चयन

### महीने में एक दिन आयोजित होता है नेत्र शिविर

**समाज जागरण बागपत।**

दोघट कस्बे की जैन छतरी में सोमवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ।शिविर में सैकड़ो मरीजों की आंखों की जांच कर दवाई वितरित की। जिसके शिविर में आए लोगों को भोजन कराया।श्री भरत मुनि



जैन फाउंडेशन दोघट द्वारा सोमवार को 32 वां नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन रुड़ेमल जैन ने फीता काटकर किया।शिविर में एडीके जैन हॉस्पिटल खेकड़ा से आए डॉ आशीष आर्य ने मरीजों की आंखों की जांच की।शिविर में 360 मरीजों की आंख रोगियों की जांच कर उन्हे दवाई दी गई।शिविर में 60 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया तथा 255 मरीजों को चश्में वितरित किए गए। शिविर के माध्यम से अब तक दो हजार से अधिक लोगों की आंखों का उपचार हो चुका है। शिविर में आए लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई। इस मौके पर संजय शर्मा, किट्टू, मीनाक्षी सोमपाल,बप्रदीप जैन, सपना जैन, संभव जैन, अमित जैन, मनोज जैन, गौरव जैन, चिराग जैन आदि का सहयोग रहा।

## आयशा कॉलोनी की बदहाली पर भड़के लोग नगर पालिका को चेतावनी

**समाज जागरण**

बागपत। वार्ड नंबर 2 स्थित आयशा कॉलोनी में गंदगी, कच्चे रास्तों और गहरे गड्ढों से परेशान लोगों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। शिकायत पर भारतीय किसान यूनियन अखंड की टीम ने मौके पर पहुंचकर



हालात का निरीक्षण किया। संगठन के अध्यक्ष दिलशाद खान ने बताया कि जाहिदा मस्जिद के आसपास का क्षेत्र बदइंतजामी का शिकार है। इंटरलॉकिंग खड़ंजा न होने से चारों ओर कीचड़ और गंदगी फैली है। मोहल्ले के लोगों के अनुसार बच्चों को स्कूल जाने और नमाजियों को मस्जिद तक पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। मौके पर बुलाए गए वार्ड मेंबर ब्रह्मपाल ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से लगातार नगर पालिका में शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब जनप्रतिनिधि की ही सुनवाई नहीं हो रही तो आम जनता की समस्या कौन सुनेगा। लोगों और संगठन ने चेतावनी दी है कि जल्द सड़क निर्माण और सफाई व्यवस्था शुरू न हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

## प्रदीप बली को मिले लोकतंत्र सम्मान को लेकर विद्यालय में अभिनंदन

### अनुशासन सेवा और संस्कार से जीवन में सफलता का संदेश दिया

**समाज जागरण बागपत।**



सरदार पटेल इंटर कॉलेज बली मेवला में विद्यालय के पूर्व छात्र, प्रख्यात समाजसेवी एवं भाजपा जिला प्रकोष्ठ संयोजक प्रदीप बली को पिलर ऑफ डेमोक्रेसी अवार्ड मिलने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह सम्मान उन्हें फरीदाबाद स्थित वॉइस ऑफ कॉप्स संस्थान द्वारा प्रदान किया गया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने प्रदीप बली का पगड़ी पहनाकर और फूलमालाओं से स्वागत किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि जीवन में अनुशासन, मानवता, सामाजिकता, धार्मिकता और दृढ़ निश्चय जैसे मूलमंत्र अपनाने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मास्टर देवेंद्र ने किया। उन्होंने कहा कि जीवन में मातृदेवो भवः, पितृदेवो भवः, आचार्य देवो भवः, अतिथि देवो भवः और मातृभूमि देवो भवः की भावना अपनाने से जीवन सफल और सार्थक बनता है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य श्यामबीर सिंह, निन्य सांगवान, संजीव सांगवान, देवेंद्र कुमार, पवन शर्मा, तनसीर अली, डॉ. वीरेश, सुंदर महाशय, मा. बिजेंद्र, सुमित कुमार, अखिलेश सैनी सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र मौजूद रहे। समारोह का समापन आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

## बिना प्राधिकृत पत्र डिजिटल पत्रकार मान्यता पर गिरेगी गाज

**समाज जागरण**

बागपत। जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने जनपद में कार्यरत सभी डिजिटल पत्रकारों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक डिजिटल पत्रकार अपने संस्थान से जारी अधिकृत अथॉरिटी लेटर, शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र, नवीनतम फोटो तथा संस्थान की आधिकारिक ईमेल आईडी अनिवार्य रूप से कार्यालय में जमा करें। कार्यालय के अनुसार प्राप्त अभिलेखों के आधार पर पत्रकारों का डिजिटल रिकॉर्ड



तैयार कर उसे सूचना सेतु एप पर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। जिन पत्रकारों के प्राधिकृत पत्र कार्यालय में जमा नहीं होंगे, उन्हें संबंधित संस्थान में कार्यरत नहीं माना जाएगा और उनकी पूर्व में दी गई सूचना स्वतः निरस्त समझी जाएगी। साथ ही, जमा किए गए दस्तावेजों का सत्यापन सीधे संबंधित मीडिया संस्थान से किया जाएगा। जिला सूचना कार्यालय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित समयावधि में अभिलेख प्रस्तुत न करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सभी डिजिटल पत्रकारों से निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## अखिलेश से मुलाकात कर किया चित्र भेट पार्टी की ली सदस्यता

**समाज जागरण चांदीनगर।**

भागौट के रवि बैसला ने समर्थको के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्हें चित्र भेट किया वही पार्टी मुख्यालय पर उन्होंने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली जहा अखिलेश यादव ने उनकी जमकर प्रशंसा की।लखनऊ में समाजवादी पार्टी के मुख्यालय पर बड़ी सख्या में लोगो ने पार्टी की सदस्यता ली जहा बागपत के भागौट निवासी रवि बैसला पुत्र कांशीराम नें भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्हें भीम राव अंबेडकर का चित्र भेट किया रवि



बैसला पिछले एक वर्ष से समाज वादी पार्टी के लिए कार्य कर रहे और गांव गांव पहुंच जन जन तक सपा के लिए प्रचार कर रहे है लखनऊ में भी उन्हें अखिलेश यादव ने गरीबों मजदूरों, के हितो के कार्य करने और समाजसेवा करने का आह्वान किया है। इस मौके पर राजकुमार भाटी, कांशीराम, योगेन्द्र बैसला आदि मौजूद रहे।

## संत गाडगे बाबा जयंती पर सपा कार्यालय में सदस्यता अभियान तेज

**समाज जागरण**



बागपत। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संत गाडगे बाबा की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा महबूब मलिक ने किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि संत गाडगे बाबा वैज्ञानिक सोच वाले समाज सुधारक थे, जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच जाकर अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के खिलाफ जनजागरण किया। उन्होंने सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए गांव-गांव भ्रमण कर लोगों को कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के उपरांत रोहित मुखिया, हरीश प्रधान, हरेंद्र, कुनाल, अमित फौजी, विकास, सचिन, देव तोमर, हर्ष तोमर, आरिफ, आर्यन, प्रिंस और परविंदर सहित सैकड़ों लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में विश्वास जताया। इस दौरान संजीव त्यागी, बिल्लू प्रधान, रवि शंकर शर्मा, राहुल यादव, आसुद्दीन सिद्दीकी, रामफल उपाध्याय, डॉ. सुरेंद्र पाल, दौलत राम, भालेंद्र यादव, कविता गोस्वामी और रीना देवी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब के इंटरसिटी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

रोटरी इंटरनेशनल के बड़ौत क्लब के आतिथ्य में आज रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की तीसरी इंटरसिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को यह इंटरसिटी कार्यक्रम बड़ौत नगर के पास स्थित वाजिदपुर के ग्रैंड पैलेस रिजॉर्ट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के रोटरी क्लब्स के सभी मेंबर्स के साथ, कुछ प्रशासनिक अधिकारी एवं न्यायपालिका के भी अधिकारीगण उपस्थित रहे।




रोटरी इंटरनेशनल के बड़ौत क्लब के इमेज चेयरपर्सन प्रभात कुमार जैन ने बताया कि रोटरी सी ओ एल का चुनाव कराया गया। कार्यक्रम में बहुत सुंदर जलपान और भोजन की व्यवस्था की गयी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के लगभग 300 सदस्यों एवं अधिकारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के चेयरमैन आलोक अग्रवाल, सेक्रेटरी राजन शर्मा हैं। रोटरी क्लब बड़ौत के वर्तमान अध्यक्ष गौरव चौधरी और सेक्रेटरी अखिल जैन हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, रोटरी की पब्लिक इमेज को बढ़ाना, आपसी दोस्ताना व्यवहार, मान सम्मान, संवाद स्थापित करना है। देवेश जैन, हरीश अग्रवाल, सुनील जैन, जितेंद्र जैन, नीरज गुप्ता, राजन शर्मा, गौरव चौधरी, संजय जैन, सुभाष जैन, अमित आनंद आदि मौजूद रहे।

## सौ मीटर दौड़ में वर्तिक और अर्थवी प्रथम

### -तितरोदा के ओमेगा वर्ल्ड स्कूल में शुरु हुई दो दिनी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**समाज जागरण बिनौली।**



तितरोदा के ओमेगा वर्ल्ड सीनियर सेकेंड्री स्कूल में सोमवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमें सौ मीटर फरार्टा दौड़ में वर्तिक और अर्थवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंध समिति सदस्य मनोज कुमार नैन, किरणपाल प्रधान और एडवोकेट देवेंद्र शर्मा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रवजलित करके और फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में सबजूनियर बालक 100 मीटर दौड़ में वर्तिक प्रथम, करण द्वितीय, अवि तृतीय, बालिका में अर्थवी प्रथम, जानवी द्वितीय, राधिका तृतीय, जूनियर बालक दो सौ मीटर दौड़ में आहिल प्रथम, इशांत द्वितीय, अशद तृतीय, बालिका में दिव्या प्रथम, परी द्वितीय, नव्या तृतीय, जूनियर बालक चार सौ मीटर दौड़ में चेतन प्रथम, तेजस द्वितीय, रियांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक लेमन रेस में अर्श प्रथम, आरव द्वितीय, नैतिक तृतीय, बालिका में इशिका प्रथम, नैना शर्मा द्वितीय, आरुषि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में देव की टीम प्रथम, अंश की टीम ने द्वितीय स्थान पर रही।प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य डॉ. केपी सिंह, संजीव कुमार, अतुल बजवान, अंकुश राणा सहित समस्त स्टाप उपस्थित रहा।

## आदर्श पब्लिक स्कूल में हुई हिंदी भाषण प्रतियोगिता

**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल के सभागर में आज एक भव्य और विचारोत्तेजक अंतर सदन हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में आत्म विश्वास तार्किक क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना था। प्रतियोगिता का विषय मेरा देश था जिस पर कक्षा एक से तीन तक के प्रतिभागियों ने अपने विचार रख कर मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा अध्यापिकाओं ने प्रतिभागियों को उनके आत्मविश्वास , उच्चारण और विषय की समझ के आधार पर अंक दिए। स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल




शर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को न केवल बेहतर वक्ता बनाते हैं बल्कि उन्हें समसामयिक मुद्दों पर सोचनें के लिए भी प्रेरित करते हैं और अपने आस - पास की गतिविधियों पर अपना मन्तव्य प्रस्तुत करने का होंसला भी देते हैं। इसके अलावा छात्रों को भीड़ को संबोधित करने की कला और अभिव्यक्ति का कौशल भी सिखाते है।

आदर्श पब्लिक स्कूल बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा हैं। और आज के दौर में उन्हें प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित करके सक्षम बना रहा है। उपस्थित लोगों ने इसके उज्जवल भविष्य की कामना और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया है कि इस स्कूल ने उनके बच्चों में वो हौसला बढ़ाया है कि वो भी सबसे बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं। भाषण प्रतियोगिता के अंत में प्रथम स्थान पर अनाया शर्मा , दूसरे स्थान पर अलीशा व तीसरे स्थान पर अवनी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया । प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उपहार भी दिए। इस अवसर पर दीपा शर्मा ,अंजलि पवार, दीपा चौहान , राधिका कौशिक, रेखा शर्मा , नीतू पांडे, इंदू शर्मा, सारिका रस्तोगी, इशा यादव , पायल धामा, खुशी धामा, आरजू ढाका, आदि अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

## चकबंदी ग्रामों में 28 फरवरी तक ग्राम चौपाल

**समाज जागरण**

बागपत। चकबंदी प्रक्रियाओं को गति देने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जनपद में मंगलवार से 28 फरवरी के बीच चार ग्रामों में ग्राम चौपाल आयोजित की जाएंगी। चकबंदी निदेशालय के निर्देश पर यह चौपाल निर्धारित तिथि और समय पर अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित होंगी, जिसमें कृषकों से फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 24 फरवरी को अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एवं उप संचालक चकबंदी विनीत कुमार उपाध्याय बरनावा में चौपाल करेंगे।

26 फरवरी को निरपुड़ा में एडीएम विनीत कुमार उपाध्याय व चकबंदी अधिकारी अनुला सिंह तथा सूरजपुर महनवां में बंदोबस्त अधिकारी प्रमोद कुमार अग्रवाल चौपाल आयोजित करेंगे। वहीं 27 फरवरी को बामनौली में चकबंदी अधिकारी अनुला सिंह किसानों से संवाद करेंगी।

# पूर्वोत्तर में 2014 के बाद से आए बदलाव जमीनी स्तर पर साफ दिखते हैं; इन्हें वही लोग सबसे बेहतर समझ सकते हैं जिन्होंने पहले की स्थिति देखी है : डॉ. जितेंद्र सिंह

### गुवाहाटी में आयोजित सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श कार्यशाला में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, आज पूर्वोत्तर में विकास और शांति साथ - साथ फल - फूल रहे हैं

**मोदी सरकार का सबसे बड़ा योगदान पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ कर मुख्यधारा में लाना है : डॉ. जितेंद्र सिंह**

**60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति कोई अंत नहीं बल्कि एक नई शुरूआत है; सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श के माध्यम से कर्मचारियों के अनुभव और ऊर्जा को विकसित भारत की दिशा में लगाया जाएगा: डॉ. जितेंद्र सिंह**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज असम के गुवाहाटी में आयोजित एक सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श (पीआरसी) कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, विकास और शांति का परस्पर संबंध है। जब शांति कायम होती है, तो विकास में तेजी आती है, और जब विकास लोगों तक पहुंचता है, तो यह शांति को मजबूत करता है। कार्यशाला का आयोजन पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने असम सरकार के सहयोग से किया, जिसमें वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों, राज्य प्रशासन के अधिकारियों, एसबीआई सहित बैंकिंग संस्थानों और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच रहे कर्मचारियों ने भाग लिया। यह इस वर्ष राज्य में आयोजित दूसरा ऐसा कार्यक्रम था, जो असम सरकार के प्रदान किए गए मजबूत प्रशासनिक समर्थन और प्रभावी समन्वय को दशार्ता है।

पिछले एक दशक में पूर्वोत्तर क्षेत्र में आए बदलावों का जिक्र करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जिन लोगों ने 2014 से पहले इस क्षेत्र को देखा है, वे ही इस बदलाव की व्यापकता को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी और शिलांग बीच बेहतर सड़क संपर्क, पूर्वोत्तर के उन राज्यों तक रेल सेवाओं का विस्तार जहां पहले कभी रेल संपर्क नहीं था, पूरे क्षेत्र में नए हवाई अड्डे, भूपेन हजारिका पुल सहित प्रमुख पुल और बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था, ये सभी मिलकर विकास और एकीकरण के एक नए युग को दशार्ते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूर्वोत्तर को मुख्यधारा में लाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक है, जिन्होंने विकास पहलों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करने के लिए इस क्षेत्र का अक्सर दौरा किया है।

डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में वृद्धि और स्वास्थ्य मानकों में सुधार के कारण देश में पेंशन भोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श पहल का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अनुभव, विशेषज्ञता और ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की दिशा में लगाना है। उन्होंने कहा कि आज 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्ति अक्सर अपने स्वास्थ्य और व्यावसायिक क्षमता के चरम पर होते हैं, और उनकी क्षमता समाज के लिए व्यर्थ नहीं जानी चाहिए।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए व्यापक पेंशन सुधार किए हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पहले पेंशनभोगियों को कई जटिल प्रक्रियाओं, जैसे कि अनेक अनापत्ति प्रमाण पत्र और लंबी कागजी कार्रवाई के कारण अक्सर देरी का सामना करना पड़ता था। आज, संपूर्ण डिजिटल प्रक्रिया के कारण पेंशन संबंधी कागजात काफी पहले ही तैयार हो जाते हैं और प्रक्रिया का अधिकांश भाग ऑनलाइन हो गया है, जिससे पहले वाली देरी में काफी कमी आई है।

उन्होंने बताया कि सीसीएस (पेंशन) नियमों को तर्कसंगत और सरल बना दिया गया है। विभिन्न रंगों वाले पेंशन प्रपत्रों को एक एकीकृत डिजिटल प्रपत्र में बदल दिया गया है। औपनिवेशिक काल से चले आ रहे अप्रचलित प्रावधानों को हटा दिया गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अविवाहित, तलाकशुदा और अलग रह रही बेटियों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं के बिना पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र बनाया गया है, और किसी कर्मचारी की दस वर्ष की सेवा पूरी होने से पहले मृत्यु हो जाने पर भी पारिवारिक पेंशन प्रदान की जाएगी।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने लापता कर्मचारियों से संबंधित नियम में संशोधन का भी उल्लेख किया, जिसके तहत पहले परिवारों को पेंशन लाभ प्राप्त करने के लिए सात साल तक इंतजार करना पड़ता था। इस प्रावधान को संशोधित किया गया है ताकि कठिनाई को कम किया जा सके, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां पहले कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियां थीं।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। हजारों शहरों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और बुजुर्ग पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए, विशेष रूप से उन मामलों में जहां बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण विफल हो सकता है, फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि लाखों पेंशनभोगियों को इस सुविधा से लाभ हुआ है, जिससे वे मोबाइल उपकरणों का उपयोग करके अपने घरों से आराम से जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने ऑनलाइन पेंशन प्रक्रिया के लिए भविष्य पोर्टल, पेंशन वितरण करने वाले बैंकों को एकल-खिड़की प्रणाली में एकीकृत करना, मौके पर ही शिकायतों के निवारण के लिए नियमित पेंशन अदालतों का आयोजन और बढ़ी हुई अनुदान राशि के माध्यम से पेंशनभोगी कल्याण संघों को मजबूत करने जैसी पहलों पर भी प्रकाश डाला। इन प्रयासों के माध्यम से दशकों से लंबित मामलों सहित कई लंबित मामलों का समाधान किया गया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि सरकार का दृष्टिकोण केवल नए नियम बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन पुराने और अनावश्यक नियमों को हटाने पर भी केंद्रित है जो आज के सामाजिक संदर्भ में अप्रासंगिक हो चुके हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं को विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा में सक्रिय भागीदार मानें और सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज को अपना अनुभव प्रदान करें।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श पहल सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन की स्पष्टता और उद्देश्यपूर्ण योजना बनाने में मदद करेगी। इसके साथ ही, सरकार को राष्ट्र निर्माण में उनकी निरंतर भागीदारी से लाभ उठाने में भी सक्षम बनाएगी।

## पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026 का 25 फरवरी को केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे उद्घाटन

### विकसित कृषि-आत्मनिर्भर भारत थीम पर 25-27 फरवरी तक आयोजित होगा पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026

### रोबोटिक्स, अकऔर डिजिटल एग्रीकल्चर के संगम के साथ इस मेले में एक लाख किसान होंगे शामिल

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), नई दिल्ली में 'पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026' को लेकर आज एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव ने बताया कि आगामी 25 से 27 फरवरी 2026 तक पूसा परिसर स्थित मेला ग्राउंड में 'पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026' का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन 25 फरवरी को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। मेले के समापन दिवस यानी 27 फरवरी को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी विभिन्न प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए IARI के निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव ने कहा कि इस वर्ष मेले की थीम "विकसित कृषि- आत्मनिर्भर भारत" है जो किसानों की आजीविका को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सतत, जलवायु-अनुकूल एवं आय-केंद्रित कृषि विकास पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि मेले में देशभर से एक लाख से अधिक किसानों के शामिल होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026 में IARI, ICAR के अन्य संस्थानों और विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले के दौरान आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों पर किसान भाई बहनों को जागरूक करने के लिए क्वेश्चन- आंसर सेशन का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरी लोग वर्टिकल फार्मिंग को कैसे सहज तरीके से अपना सकते हैं इसके लिए लोगों को शिक्षित किया जाएगा ताकि शहरों में रहने वाले लोग घरों की बालकनी जैसे सीमित क्षेत्र में प्रभावी ढंग से सब्जियां उगा सकें।

मेले में रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और डिजिटल एग्रीकल्चर जैसे भविष्योन्मुखी विषयों पर विशेष सत्र आयोजित होंगे, जहाँ किसान विशेषज्ञों के साथ प्रश्न-उत्तर सत्र के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकेंगे।

# सीआईए स्टाफ कालांवाली की ताबड़तोड़ कार्रवाई

- गांव कालांवाली में हुई आभूषण व नगदी चोरी मामले का खुलासा
- 72 घंटे में चोरीशुदा आभूषण सहित दो आरोपी गिरफ्तार
- आरोपियों के खिलाफ नशा तस्करी, चोरी, आर्म्स एक्ट व लड़ाई झगड़े के अभियोग पहले भी हैं दर्ज




**समाज जागरण**

कालांवाली 23 फरवरी (सुरेश जोरासिया) उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डबवाली कपिल अहलावत ने उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डबवाली में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि डबवाली पुलिस द्वारा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए स्टाफ कालांवाली ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांव कालांवाली में हुई आभूषण व नगदी चोरी की वारदात को सुलझा लिया है ।

उन्होंने बताया कि उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआईए कालांवाली टीम ने गहन जांच, तकनीकी विश्लेषण व गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपियों को काबू किया है । आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा आभूषण बरामद कर लिए गए हैं ।

आरोपियों की पहचानः-विक्की पुत्र देवी लाल निवासी गांव कालांवाली व चरणजीत उर्फ मंगा पुत्र कबूतर सिंह निवासी गांव कालांवाली ।

उप पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनांक 19.02.2026 को शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी गांव कालांवाली ने थाना कालांवाली में दी शिकायत में बताया कि दिनांक 17.02.2026 को वह अपने पिता को दवाई दिलाने के लिए परिवार सहित मोहाली अस्पताल में गया था । जो दिनांक 18.02.2026 की रात जब वे अपने घर आए तो घर व अलमारी का ताला टूटा पड़ा था और अलमारी में से सोने व चांदी के आभूषण व 20,000 रुपये की नगदी किसी अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गई । जिस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना कालांवाली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 व 331(4) के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी ।

आरोपियों से बरामद आभूषणः- एक सोने का हार, सोने की चेन, चार सोने की अंगूठी, एक टीका सोने का, एक नथनी सोने की और दो चांदी की पायल व एक चांदी की चेन ।

दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे ।

आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा ।

# कनाडा के सांसद टिम सिंह उप्पल सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में हुए नतमस्तक

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



अमृतसर ,23 फरवरी : कनाडा के सांसद और विपक्ष के डिप्टी लीडर टिम सिंह उप्पल ने आज अपने परिवार और दोस्तों के साथ सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेककर श्रद्धा व्यक्त की। उनके साथ सरीं कुलदीप सिंह प्रधान के.एन.आर. गरूप कनेडा और चरणजीत सिंह मावीकला भी मौजूद थे। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी की तरफ से श्री दरबार साहिब के इन्फॉर्मेशन सेंटर में उन्हें शिरोमणि कमेटी सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल और इन्फॉर्मेशन ऑफिसर रणधीर सिंह ने सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब का गोल्डन मॉडल और किताबें देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि देश और दुनिया में रहने वाले सिखों ने अपनी मेहनत से बहुत बड़ा योगदान दिया है और बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इनमें से एक हैं टिम सिंह उप्पल, जिन्होंने कनेडा की राजनीति में अपना नाम बनाया है। वे सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में दर्शन के लिए आए थे। टिम सिंह उप्पल और उनके परिवार को बधाई दी। इस मौके पर टिम सिंह उप्पल ने कहा कि सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब देश और दुनिया में रहने वाले सिखों के लिए एक बड़ी आस्था है। यह वह केंद्र है जहां वे सिर झुकाते हैं और अपनी खुशकिस्मती महसूस करते हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कमेटी से मिले सम्मान के लिए धन्यवाद किया।

# हरियाणा में बनेगा 'एआई मिशन', गुरुग्राम और पंचकूला में स्थापित होंगे अकहब

**सबहेडः विश्व बैंक से लगभग 470 करोड़ रुपये की सहायता का आश्वासन, 50 हजार युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा एआई मिशन स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी पहल के लिए विश्व बैंक द्वारा लगभग 470 करोड़ रुपये की सहायता का आश्वासन प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री के अनुसार, इस मिशन के तहत गुरुग्राम और पंचकूला में एक-एक अत्याधुनिक एआई हब स्थापित किए जाएंगे। इन हब का उद्देश्य राज्य के युवाओं को नई और उभरती तकनीकों में दक्ष बनाना है, ताकि वे भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बन सकें। सरकार की योजना है कि इन एआई हब के माध्यम से लगभग 50 हजार युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि हरियाणा को टेक्नोलॉजी और नवाचार के क्षेत्र में भी नई पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट को प्राथमिकता दे रही है तथा हरियाणा एआई मिशन इसी दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# उत्तर-पूर्वी लोकसभा में एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड साझा, विकास कार्यों पर जोर

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो।**



उत्तर-पूर्वी लोकसभा क्षेत्र में जनता के बीच पहुंचकर सांसद रेखा गुप्ता ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से भाजपा सरकार ने अल्प समय में कई लंबित कार्यों को पूरा किया है। उनका कहना था कि सरकार घोषणाओं से अधिक परिणाम देने में विश्वास रखती है और क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज हुई है।

रेखा गुप्ता ने बताया कि पिछले एक वर्ष में क्षेत्र में 8 अटल कैंटीन शुरू की गईं, जिनसे मेहनतकश लोगों को सम्मानपूर्वक सस्ता भोजन उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा 15 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, जिससे गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर सुविधा मिल रही है। उन्होंने 6-लेन नंद नगरी फ्लाईओवर को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने वाला महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बताया।

उन्होंने कहा कि यमुना पार क्षेत्र के विकास के लिए 728 करोड़ की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। साथ ही ऊएश्क बसों और नए बस रूट शुरू होने से सार्वजनिक परिवहन अधिक सुलभ और सुविधाजनक हुआ है। रेखा गुप्ता ने दावा किया कि जो क्षेत्र कभी उपेक्षित माना जाता था, वह अब विकास की नई कहानी लिख रहा है और आने वाले समय में और भी कार्य किए जाएंगे।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चंदोलिया, कपिल मिश्रा, मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, विष्णु मित्तल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# गोवा में 'भूमिपुत्र बिल' पर कांग्रेस विधायक का बयान

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो।**




उत्तर गोवा के डोना पाउला में कांग्रेस विधायक Carlos AlvÔres Ferreira ने भूमिपुत्र बिल को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बिल विधानसभा में आधी रात के बाद लगभग 2 बजे पारित किया गया था, उस समय वे सदन में मौजूद नहीं थे। विधायक ने कहा कि बिल के पारित होने के बाद पूरे राज्य में व्यापक प्रतिक्रिया देखने को मिली। उन्होंने बताया कि बाद में जब नई विधानसभा का गठन हुआ और वे चुने गए, तो उस बिल को वापस ले लिया गया।

फरेरा ने अपने बयान में कहा, जहां इच्छा होती है, वहां रास्ता निकल ही आता है। उनके इस बयान को गोवा की राजनीति में भूमिपुत्र मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी माना जा रहा है। गौरतलब है कि भूमिपुत्र बिल को लेकर पहले भी राज्य में राजनीतिक बहस और जन प्रतिक्रिया सामने आ चुकी है।

# मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार निदेर्शानुसार मंडल स्तरीय सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,23 फरवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा सोमवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के निदेर्शानुसार अमृतसर स्थित मंडल कैरिज एवं वैगन प्रशिक्षण विद्यालय में सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा एक व्यापक सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, पॉइंट्समैन, यार्ड स्टाफ, कैरिज एवं वैगन स्टाफ एवं ट्रैफिक स्टाफ सहित 114 से अधिक रेलकर्मियों ने भाग लिया। सेमिनार में सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों ने विभिन्न सुरक्षा व संरक्षा मामलों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। सुरक्षित रेल संचालन सुनिचित करने हेतु प्रमुख बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया क ड्यूटी के समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, शंटिंग के दौरान सतर्कता, रेलवे सिग्नल का पालन, साइन-ऑन से पूर्व पर्याप्त विश्राम सुनिश्चित करना तथा सुरक्षित रेल परिचालन आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। संगोष्ठी के दौरान कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा सम्बन्धी दिए गए सलाह पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर सहायक मंडल सुरक्षा अधिकारी श्री बलि राम, क्षेत्रीय प्रबंधक अमृतसर श्री जगपाल सिंह, यातायात निरीक्षक श्री सतनाम सिंह बाजवा तथा स्टेशन अधीक्षक श्री अक्षय पठानिया आदि अधिकारीगण उपस्थित थे ।

## बुलडोजर राजनीति बेनकाब, लोकतंत्र कुचला गया, सत्ता का दुरुपयोग, जनता नहीं भूलेगीः सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भूखड़ी कलां

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 23 फरवरी : राष्ट्रीय भाजपा नेता, एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भूखड़ी कलां ने कहा कि वे अपने मित्र सुखपाल सिंह खैरा के निवास पर की गई शर्मनाक तोड़फोड़ की कार्रवाई की दिल से और पूरी दृढ़ता के साथ निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह शासन नहीं बल्कि अहंकार और सत्ता के खुले दुरुपयोग से प्रेरित बदले की राजनीति है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई एक खतरनाक मानसिकता को दशार्ती है जो लोकतंत्र, कानून और मूल मानवीय गरिमा का खुला अपमान करती है।ग्रेवाल ने कहा कि सत्ता अस्थायी होती है लेकिन जवाबदेही स्थायी होती है। उन्होंने कहा कि हर अन्यायपूर्ण कार्रवाई को याद रखा जाएगा, दर्ज किया जाएगा और पंजाब की जनता उसका जवाब देगी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान जी और अरविंद केजरीवाल जी तथा ऐसे सभी अधिकारियों को, जो आंख बंद कर इस तरह के अन्यायपूर्ण आदेशों को लागू कर रहे हैं, यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि सत्ता का दुरुपयोग ताकत नहीं बल्कि कायरता है, जो सत्ता के पीछे छिपी होती है। उन्होंने कहा कि शासन सेवा के लिए होता है, न कि राजनीतिक बदले के लिए।ग्रेवाल ने आगे कहा कि यह कार्रवाई अत्यंत शर्मनाक, अन्यायपूर्ण और पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी निष्पक्ष सोच रखने वाला नागरिक ऐसे सत्ता दुरुपयोग का समर्थन नहीं करता और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों तथा कानून के शासन पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब को डराने की नहीं, न्याय की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता न तो इसे भूलेगी और न ही ऐसे शर्मनाक कृत्यों को कभी माफ करेगी।

# पात्र खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार राशि का वितरण जारीः गौरव गौतम

**31 दिसंबर 2022 तक की राशि वितरित, 2023-2025 की शेष राशि जल्द देने का आश्वासन**

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने सदन में खिलाड़ियों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए 31 दिसंबर 2022 तक की नकद पुरस्कार राशि हरियाणा के पात्र खिलाड़ियों को पूरी तरह वितरित की जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने लंबित भुगतानों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का कार्य किया है, ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा न हो।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2023, 2024 और 2025 में आयोजित ओलंपिक, पैरा ओलंपिक और राष्ट्रीय खेलों से संबंधित नकद पुरस्कार राशि भी बिना किसी देरी के पात्र खिलाड़ियों के खातों में जारी कर दी गई है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के मनोबल को ऊंचा रखने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

गौरव गौतम ने सदन को आश्वस्त किया कि वर्ष 2023, 2024 और 2025 की जो शेष नकद पुरस्कार राशि लंबित है, उसे भी पात्र खिलाड़ियों को शीघ्र वितरित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि खिलाड़ियों को समय पर सम्मान और प्रोत्साहन मिले, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा और देश का नाम रोशन करते रहें।

# एमएसपी, रोजगार और सामाजिक योजनाओं पर सरकार का फोकसः नायब सिंह सैनी

**सबहेडः लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 मासिक सहायता, महिलाओं को सस्ती दर पर ऋण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के कल्याण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां शत-प्रतिशत फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी नौकरियां प्रदान की जा रही हैं। वहीं आयुष्मान/चिरायु योजना के तहत लाखों परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 2100 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है। साथ ही बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मात्र 4 प्रतिशत ब्याज दर पर 5 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य समावेशी विकास के माध्यम से हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# दिल्ली पुलिस के "At Home" समारोह में रेखा गुप्ता शामिल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो।**



दिल्ली में आयोजित दिल्ली पुलिस के "At Home" समारोह में सांसद रेखा गुप्ता ने सहभागिता की। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन तथा उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में दिल्ली पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ‖शांति, सेवा, न्याय‖ केवल दिल्ली पुलिस का ध्येय वाक्य नहीं, बल्कि यह अनुशासन, व्यवस्था और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के जवानों का समर्पण और प्रतिबद्धता ही राजधानी को सुरक्षित और सक्षम बनाती है।

उन्होंने दिल्ली पुलिस परिवार के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। रेखा गुप्ता ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में दिल्ली पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका निरंतर प्रयास सराहनीय है।

समारोह में विभिन्न गणमान्य अतिथि, पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो।**



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब 8 करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाइयाँ बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार, 7 अक्टूबर 2025 को मदनपुर खादर इलाके से पकड़े गए गिरोह के एक सदस्य से पूछताछ के बाद इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। जांच के आधार पर पुलिस टीम ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर यू.के. भेजे जा रहे एक कंटेनर को जब्त किया और गिरोह के अन्य आरोपियों को भी धर दबोचा।

बरामद नशीले पदार्थों में 50.98 किलोग्राम ट्रामाडोल, 453.29 किलोग्राम अल्प्राजोलम, 11.340 किलोग्राम जोल्पिडेम और 12.792 किलोग्राम नाइट्राजेपम शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नशीली दवाओं की तस्करी में सक्रिय था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# खाटूश्यामजी की विशाल ध्वज यात्रा आज नगर में होगा भव्य स्वागत

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



जैतो,23 फरवरी : विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम खाटू जी के उपलक्ष्य में इच्छापूर्ण श्री श्याम मंदिर कमेटी जैतो की ओर से 24 फरवरी को जाने-माने समाजसेवी चांदी राम जैन के महाबीर पार्क स्थित जैतो से सायं 4 बजे शुरू होगी और पूरे नगर में परिक्रमा के उपरांत इच्छापूर्ण श्री श्याम मंदिर जैतो में पहुंची। बाबा श्री खाटू श्याम जी के इस ध्वज यात्रा को लेकर आम जनता में भारी उत्साह पाया जा रहा है। और नगर में भव्य स्वागत किया जाएगा।इस ध्वज यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा बाजारों में जगह जगह खाने पीने की स्टाले.लगाई जा रही है। इस बीच पता है कि 25 फरवरी को इच्छापूर्ण श्री श्याम मंदिर जैतो के नेतृत्व में 2 बसे विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री खाटू श्याम मंदिर राजस्थान के दर्शनार्थ के रवाना होगी।

# लुधियाना व ढंढारी कलां स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर अस्थायी पाबंदी

**समाज जागरण**

जैतो,23 फरवरी (रघुनंदन पराशर ): उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने सोमवार को कहा कि फिरोजपुर मंडल द्वारा होली के मद्देनजर अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित एवम रेलयात्रियों की सुविधाजनक आवागमन को ध्यान में रखते हुए लुधियाना और ढंडारी कलां रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट की बिक्री 27.02.2026 से 03.03.2026 तक अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया है।फिरोजपुर मंडल रेलयात्रियों से अपील करता है सुखद एवम आसान रेलयात्रा के लिए आवश्यक जरूरी सामान के साथ सफर करें। ट्रेन में यात्रा करने वाले अपने परिचितों और परिजनों को रेलवे स्टेशन के बाहर तक ही छोड़े ताकि रेलवे स्टेशन पर अनावश्यक भीड़ ना हो।यात्रियों की सुरक्षा और सुखद यात्रा रेलवे के लिए सर्वोपरि है। सफर के दौरान रेल नियमों का पालन करें, साथ में पटाखे अथवा ज्वलनशील वस्तुएं लेकर यात्रा न करें।

# हरियाणा लोक भवन में राज्यपाल और मुख्यमंत्री का शिष्टाचार मिलन

**सबहेडः पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत, सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई भेंट**

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा लोक भवन, चंडीगढ़ में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिवादन किया।



यह भेंट शिष्टाचार मुलाकात के रूप में आयोजित की गई, जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच प्रदेश के समग्र विकास, प्रशासनिक प्राथमिकताओं और जनहित से जुड़े विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। दोनों पक्षों ने हरियाणा के विकास को गति देने तथा सुशासन को और सुदृढ़ बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भी औपचारिक बातचीत में भाग लिया। यह मुलाकात राज्य के संवैधानिक और कार्यपालिका नेतृत्व के बीच बेहतर समन्वय और संवाद का सकारात्मक संकेत मानी जा रही है।

# IDFC फर्स्ट बैंक मामले में जांच ACB को, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाईः नायब सिंह सैनी

**सरकारी खातों में मिली विसंगतियों पर सरकार ने उठाए त्वरित कदम**

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में जानकारी देते हुए कहा कि IDFC फर्स्ट बैंक में विभिन्न सरकारी विभागों के खाते संचालित थे। खातों के नियमित मिलान के दौरान जनवरी माह के मध्य में कुछ विसंगतियां सामने आईं।



मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत बैंक को संबंधित खाते बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही पूरी राशि को ब्याज सहित अधिकृत बैंक में स्थानांतरित करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच हरियाणा सरकार ने एंटी करप्शन ब्यूरो को सौंप दी है और एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन भी किया गया है, जो जिम्मेदारी तय करेगी। सैनी ने स्पष्ट कहा, इसमें दोषी जो भी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार का एक-एक पैसा सुरक्षित है और पूरी राशि वापस लाई जाएगी।

# कुरुक्षेत्र में पांच दिवसीय सांग महोत्सव का आगाज

**सबहेडः 27 फरवरी तक चलेंगे कार्यक्रम, प्रदेशभर के कलाकार देंगे प्रस्तुति**

**समाज जागरण**

कुरुक्षेत्र। हरियाणा की समृद्ध लोकनाट्य परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र में पांच दिवसीय सांग महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। यह सांस्कृतिक




आयोजन 27 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

आयोजकों के अनुसार महोत्सव में कुल 24 सांग प्रस्तुत किए जाएंगे। इन प्रस्तुतियों में ऐतिहासिक, पौराणिक और लोककथाओं पर आधारित कथानक शामिल हैं, जो हरियाणा की लोकसंस्कृति और परंपराओं को जीवंत रूप में मंच पर प्रस्तुत करेंगे।

सांग महोत्सव का उद्देश्य पारंपरिक लोकनाट्य विधा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और लोक कलाकारों को मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

# श्री राम राधे स्कूल के समारोह में मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से नवाजे गये प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता 2025-26 के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस प्रतियोगिता में 50 विद्यालयों के लगभग 600 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना था।




इस भव्य आयोजित किए गए कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दक्षिण के एडीसीपी योगेश कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि एडीसीपी योगेश कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना करते हुए विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ने पर जोर दिया कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ रचनात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं। बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करते हुए देश और समाज के हित में सार्थक शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने 100 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए। जिसके प्रमुख आकर्षणों में - चंद्रयान-3, ऑर्गेनिक फार्मिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी, 3ऊ होलोग्राम आदि पर आधारित प्रोजेक्ट शामिल रहे। इसमें सर्वश्रेष्ठ विज्ञान मॉडल को पुरस्कार दिया गया। इस अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता में छात्र / छात्राओं ने महाकुंभ का दृश्य, बनारस घाट, 2050 में भारत का दृश्य, दुनिया मेरे सपनों की इत्यादि विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उतारा। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एडीसीपी योगेश कुमार के द्वारा विजयी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर संबोधित करते हुए संस्था के प्रखर शिक्षाविद प्रधानाचार्य साकेत सिंह ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है, विज्ञान हमें तर्क देता है और कला हमें संवेदनशील बनाती है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक और हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले व्यवहार कुशल समाज सेवी श्री राम प्रकाश मिश्रा, श्री ब्रह्म प्रकाश मिश्रा, निदेशक श्री आशीष मिश्रा के साथ ही श्रुति पाण्डेय, शिक्षिक प्रतिनिधि श्रीमती दिव्या त्रिवेदी, श्रीमती अनुराधा शुक्ला सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकायें और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई: अवैध बालू भंडारण में संलिप्त लोगों पर होगी सख्त कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिले के तिरुलडीह क्षेत्र में खनन विभाग ने अवैध बालू उत्खनन और भंडारण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक जांच अभियान चलाया। स्वर्णरेखा घाट सहित आसपास के इलाकों में की गई इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, खान निरीक्षक समीर ओझा के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम ने तिरुलडीह थाना पुलिस के सहयोग से विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की। जांच के दौरान स्वर्णरेखा नदी के दोनों किनारों पर अवैध रूप से जमा बालू और उत्खनन के संकेत मिले। अधिकारियों ने जेसीबी मशीन की मदद से अस्थायी रास्तों को काटकर और अवैध पहुंच मार्गों को अवरुद्ध कर



उत्खनन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थानों पर बिना अनुमति बालू का भंडारण पाया गया है, वहां संबंधित लोगों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन या भंडारण की गतिविधि नजर आए तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग या स्थानीय थाना को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# गौरा रिजॉर्ट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनां के तहत जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज लखनऊ, विकास खण्ड मोहनलालगंज क्षेत्र स्थित गौरा रिजॉर्ट में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनां के तहत जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य तथा ब्लॉक प्रमुख मोहन लालगंज ओम प्रकाश शुक्ला विन्धेश्वरी द्वारा दीप प्रज्वलन कर



किया गया। विवाह गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुरोहितों ने सभी जोड़ों का विधिविधान से विवाह संपन्न कराया।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने स्वयं जोड़ों के बीच पहुंचकर कन्यादान की रस्म निभाई और नवदंपतियों को सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह अब सम्मान और गरिमा के साथ संभव हो पा रहा है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र कन्या के खाते में 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जा रहे हैं, साथ ही 25 हजार रुपये की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की जा रही है तथा 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्थाओं पर व्यय किए जा रहे हैं।उन्होंने मंच से सभी नवविवाहित जोड़ों को नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प भी दिलाया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि वार्षिक तीन लाख रुपये तक आय वाले परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं का ऑनलाइन आवेदन और सत्यापन के बाद सामूहिक विवाह आयोजित किया जाता है।कार्यक्रम में पूर्व विधायक चंदा रावत, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण समस्त ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।गौरा रिजॉर्ट परिसर में दिनभर शहनाइयों की मधुर गूंज रही और 95 जोड़ों ने एक साथ सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की मंगलमय शुरूआत की। क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर उल्लास और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# 28 फरवरी को बोधी मैदान में होगा होली मेगा कार्निवाल का भव्य आयोजन,भोजपुरी एक्ट्रेस क्वीन शालिनी और खुशी तिवारी पहुंचेंगी जमशेदपुर

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 23 फरवरी 2026: शहरवासियों के लिए होली का रंगारंग और भव्य आयोजन एक बार फिर तैयार है। रिफ्लेक्शन नेटवर्क इवेंट के बैनर तले आशा सिंह और आरिफ अशरफ के द्वारा आयोजन में 28 फरवरी को बोधी मैदान साकची में रिफलेक्शन होली मेगा कार्निवाल 2026 का आयोजन होने जा रहा है । इस मेगा होली कार्निवल में भोजपुरी फिल्म जगत की चर्चित कलाकार क्वीन शालिनी और खुशी तिवारी अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। दोनों कलाकारों के आगमन से शहर में उत्साह का माहौल है और दर्शकों



को मनोरंजन से भरपूर अनुभव मिलने जा रहा है । कार्यक्रम में विशेष रूप से कोलकाता से डीजे सेलिना,आकाश और अकुल रहेंगे, साथ ही कार्यक्रम में रेन डांस, ऑर्गेनिक कलर्स,फूड जोन, सेल्फी जोन,फन गेम्स और नॉन-स्टॉप फेस्टिव वाइब्स जैसी कई आकर्षक गतिविधियां शामिल होंगी। संगीत प्रेमियों के लिए ऑफिशियल डीजे और इनहाउस डीजे की व्यवस्था की गई है, जो पूरे दिन माहौल को बनाए रखेंगे। आयोजक आशा सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों को सुरक्षित,पारिवारिक और यादगार होली का अनुभव देना है,जहां हर उम्र के लोग बिना किसी चिंता के त्योहार का आनंद ले सकें। कार्यक्रम की जानकारी आशा सिंह के साथ आरिफ अशरफ,सत्यजीत सिंह,बसंत दास,शिवानी ओझा और आकांक्षा वर्मा द्वारा दिया गया।

# सरायकेला में लोकतंत्र का महापर्व, निकाय चुनाव:सरायकेला 74.86% मतदान के साथ जिले में अव्वल, आदित्यपुर नगर निगम और कपाली नगर परिषद में वोटिंग की रफ्तार रही सुस्त

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 23 फरवरी 2025: झारखंड नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत जिले के तीन प्रमुख निकायों में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 'वोटर टर्नआउट डैशबोर्ड' के अंतिम आंकड़ों ने दिलचस्प तस्वीर पेश की है। जहाँ सरायकेला नगर पंचायत के मतदाताओं ने भारी उत्साह दिखाते हुए लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं आदित्यपुर और कपाली जैसे शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत औसत दर्ज किया गया।



सरायकेला: सुबह से ही केंद्रों पर रही गहमागहमी सरायकेला नगर पंचायत में कुल 10,762 मतदाता हैं। यहाँ मतदान की शुरूआत ही धमाकेदार रही। सुबह 9 बजे तक जहाँ अन्य क्षेत्रों में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पा रहा था, सरायकेला में 13.68% मतदान हो चुका था। दोपहर 1 बजे तक यह आंकड़ा 47.57% और शाम 3 बजे तक 63.07% पर पहुँच गया। मतदान के अंत तक यहाँ कुल 74.86% वोटिंग दर्ज की गई, जो पूरे जिले में सर्वाधिक है।

**आदित्यपुर और कपाली: बड़े निकायों में सुस्त रहा रुझान**

जिले के सबसे बड़े निकाय, आदित्यपुर नगर निगम (कुल मतदाता 1,39,889) में मतदान की गति काफी धीमी रही। यहाँ कुल 57.70% मतदान हुआ। 136 बूथों पर सुबह 11 बजे तक मात्र 21.80% वोट पड़े थे। दोपहर बाद रफ्तार थोड़ी बढ़ी लेकिन शाम 5 बजे के बाद महज 0.40% की ही वृद्धि देखी गई।

इसी प्रकार, कपाली नगर परिषद में भी मतदाताओं का मिला-जुला असर रहा। यहाँ 33,766 मतदाताओं में से 57.38% ने मताधिकार का प्रयोग किया। विशेष बात यह रही कि कपाली में शाम 5 बजे के बाद एक भी नया वोट दर्ज नहीं किया गया, जिससे अंतिम प्रतिशत 57.38% पर ही स्थिर रहा।

**निकायवार तुलना :**

* सरायकेला (13 बूथ): 74 .86% (सर्वाधिक उत्साह)* आदित्यपुर (136 बूथ): 57.70% (औसत मतदान)* कपाली (31 बूथ): 57.38% (स्थिर रुझान)

प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अब सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम/मतपेटियों में कैद हो चुका है, जिसका फैसला मतगणना के दिन 27 फरवरी को होगा।

# पटना में बिधुत ग्रिड से दो उपकेंद्रों को की गई बिजली आपूर्ति की शुरूआत

## उपभोक्ताओं में दौड़ी खुशी की लहर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के कासिमचक गांव के पास स्थापित बिधुत ग्रिड से दो उपकेंद्रों को बिजली आपूर्ति की शुरूआत सोमवार को कर दी गयी है। जिससे क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के बीच खुशी की माहौल दिखाई पड़ने लगी है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के द्वारा लगातार कार्य कराई जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को दुल्हिन बाजार के कासिम चक गांव स्थित बिधुत ग्रिड से दो शक्ति उपकेंद्रों को बिजली आपूर्ति की शुरूआत कर दी गयी। जिसका उद्घाटन बिहटा के कार्यपालक बिधुत अभियंता अभय रंजन व अन्य पदाधिकारियों ने पूजा पाठ कर विधिवत रूप से किया। इस दौरान बृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलित रखने का संदेश दिया गया। मौके पर कार्यपालक अभियंता अभय



रंजन ने बताया कि ग्रिड उपकेंद्र से दुल्हिन बाजार के लाला भदसारा गांव स्थित बिधुत शक्ति केंद्र को बिजली आपूर्ति की शुरूआत की गई है जिससे पालीगंज नगर पंचायत, मधमा मखमिलपुर, लालगंज सेहड़ा, बालीपाकड़, अछुआ, रानीपुर कुरकुरी, सडसी पिपरदहा, मसौढ़ा व कल्याणपुर पैपुरा पंचायत को गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। जबकि दूसरा कनपा स्थित बिधुत शक्ति उपकेंद्र को बिजली आपूर्ति की शुरूआत भी इसी ग्रिड से की गई है। जिससे सैदाबाद कनपा, हैबसपुर, गोना, बजीरपुर, काब, बेनी बिगहा, पतुत, राजीपुर, बाघाकोल, धाना निसरपुरा तथा बाराह पंचायत गुणवतापर्ण निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। इस प्रकार की दोनो शक्ति उपकेंद्रों को नए ग्रिड से जोड़ने के बाद बिजली उपभोक्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी है। वही लोगो को आशा है कि गर्मी के मौसम में भी उन्हें निर्बाध बिजली मिलती रहेगी।

मौके पर बिजली बिभाग के बिहटा कार्यपालक अभियंता अभय रंजन, सहायक बिधुत अभियंता, सोनू कुमार, बिपिन बिहारी लाल, कनीय अभियंता बालेश्वर प्रसाद, मुकेश कुमार, रवि कुमार, दीपक कुमार, अरुण कुमार राय, दशरथ बैठा सहित अन्य बिजली पदाधीकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पटना के पालीगंज में हुई भीषण आगलगी, कई गांज जलकर राख

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखंड के नगर पंचायत वार्ड नंबर 8 डीहपाली गांव स्थित खलिहान में सोमवार की सुबह अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने खलिहान में बनाये गए कई गांज को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि ग्रामीणों को संभलने का



मौका तक नहीं मिला। आग की लपटें उठते देख ग्रामीणों ने शोर मचाकर लोगों को बाहर निकाला डायल 112 और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक 20 बिगहा की खेती के पशुओं के चारे के लिए रखे गए धान के पुआल के 4 गांज जलकर खाक हो चुका था। इस अगलगी में किसान जसोमति देवी, संजय यादव, सुमन कुमार और संजोगी यादव को काफी नुकसान हुई है। वही आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो पाया है। लेकिन पीड़ितों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# राष्ट्रपति 24 से 27 फरवरी तक महाराष्ट्र, झारखंड और राजस्थान का दौरा करेंगी

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 24 से 27 फरवरी, 2026 तक महाराष्ट्र, झारखंड और राजस्थान का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति 24 फरवरी को मुंबई के लोक भवन में पीडी हिंदुजा अस्पताल द्वारा आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान 'जीवन बचाओ और स्वस्थ भारत बनाओ' का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति 25 फरवरी को केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा बुलढाणा के शेगांव में आयोजित किए जा रहे 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026' में भाग लेंगी। उसी दिन, वह नागपुर में ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित 'एकता और विश्वास के माध्यम से महाराष्ट्र का स्वर्ण युग' के राज्य-स्तरीय शुभारंभ में भाग लेंगी। राष्ट्रपति 26 फरवरी को श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र ट्रस्ट, जमशेदपुर द्वारा आयोजित श्री जगन्नाथ मंदिर, जमशेदपुर के भूमि पूजन समारोह में भाग लेंगी। वे मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर भी जाएंगी और छात्रों के साथ बातचीत करेंगी।

# नरारीकला खुर्द थाना की कार्रवाई में एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के नरारीकला खुर्द थाना अंतर्गत ग्राम मेह से एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान सुधीर कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो मेह गांव का निवासी है।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सुधीर कुमार सिंह के खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में जुटी थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर वारंटी को उसके घर से हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया ।

# हत्या के प्रयास व मारपीट मामले में एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास एवं मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी अंकित कुमार सिंह उर्फ लेदा के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष मृतंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध हत्या के प्रयास एवं मारपीट की मामला दर्ज था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को हिरासत में लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी से आवश्यक पूछताछ कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# परीक्षा केंद्र में गूंज रही शहनाई , कलेक्टर के निशोषाधज्ञा की उडी धज्जियां

## जिम्मेदारों की भूमिका पर तीखे सवाल

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- परीक्षा केन्दो में निशेषाधिज्ञा के कलेक्टर उमरिया के आदेश धरें रह गयें, और केन्दो में गैर निशेषाधज्ञा की कौन कहें, वहाँ तो शहनाईया गूंज रही हैं। सामान्य तौर पर निशेषाधज्ञा का अर्थ होता है कि परीक्षा केन्दो के आसपास कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध होना, लेकिन देखने में आया है कि एक तरफ विद्यालय में परीक्षाये संचालित हो रही थी, वही दूसरी ओर शहनाई के गूंज की ताना बाना बीना जा रहा था। मामला उमरिया जिले के पाली विकास खंड का है, जहाँ पर माध्यमिक विद्यालय बेली में परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में शहनाई की गूंज सुनाई दे रही थी।

अमूमन विद्यालय परिसरों में इस तरह के शादी समारोहों में एक लंबे समय से ही प्रशासन रोक लगा रखी है, फिर परीक्षा का दौर हो तो इस तरह के समारोह ही नहीं विद्यालय परिसर में कलेक्टर उमरिया ने जिले भर के परीक्षा में केन्दो में निशेषाधज्ञा लगा रखी है, लेकिन बेली विद्यालय में पदस्थ शिक्षा विभाग का जिम्मेदार अमला इन सब बातों की अनदेखी कर विद्यालय परिसर को मैरिज गार्डन बना रखा है। बताया जाता है कि 20 फरवरी को जब बेली विद्यालय में कक्षा आठवीं की परीक्षा चल रही थी, तभी बेली विद्यालय में शादी के रिसेप्शन की तैयारियां चल रही थी। बेली विद्यालय में अधिकतर बैगा समुदाय के छात्र -छात्रायें अध्ययन रत है जिनकी परीक्षाएं संचालित हैं, फिर भी विद्यालय परिसर में इस तरह के आयोजन जिले के प्रशासन की कलई खोल कर रख दी है। पहले तो विद्यालय के शिक्षक इस मामले को लुके - छिपे अंजाम देना चाहता था, लेकिन जब बात खुल गई, तब उन्होंने



इसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली और थाना पाली को देकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली गई। ग्रामीण जनों ने विद्यालय प्रबंधन पर तीखे आरोप लगाते हुए कहते हैं कि यह सब शिक्षकों के मिलीभगत का ही परिणाम है की हम सुरक्षित बने रहे और विद्यालय परिसर में शादी समारोह भी हो जाये। गाँव वालों की कहावत भी यही है कि सांप भी न मरे, न लाडी टूटे। वाह शिक्षा विभाग आपको दाद देनी होगी।

**रही -सही कसर प्रशासन ने की पूरी**

आखिर कार देर सबेर जब इसकी सूचना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और पुलिस को जब हो गयी, तब इनके द्वारा तत्परता क्यों नहीं बरती गयी। क्या कलेक्टर के आदेशों के पालन कराने के लिए यह अधिकारी जिम्मेदार नहीं है। यह मामला अपने कलेक्टर के आदेशों को मातहत अमला कितनी सजीदगी से लेता है, यह उसकी एक बानगी है। अगर अभी भी कलेक्टर उमरिया मामले में त्वरित कार्यवाही में नहीं लेते तो अपने मातहतों की कार्य शैली से महत्वपूर्ण आदेश न बे असरकारी बन जायेगें, जिम्मेदार अनुशासन हीन होकर आये दिन मनमानी का राज कायम कर अराजकता को दिन दुगुना रात चौगुना बना देंगे।

# शासकीय नेहरु महाविद्यालय बुढार के वनस्पति विज्ञान विभाग का घुघुवा जीवाश्म उद्यान का शैक्षिक भ्रमण:

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार के वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं , स्टाफ और साथ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा, डॉ नागमणि मानिकपुरी, डॉ अनिल कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं डॉ मनोज कुजूर के अच्छे निर्देशन में शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इसमें पृथ्वी की उत्पत्ति , विकास एवं इतिहास से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान, जो डिंडोरी जिले के घुघुवा में स्थित एक अनोखा शैक्षिक स्थल है। जो डिंडौरी एवं मंडला क्षेत्र से संग्रहण किया गया है। वहाँ पर जैव-भू रासायनिक प्रक्रिया द्वारा पेड़ो के तने, पत्तियाँ और जंतुओं (शंख, घोंघे) के कई भाग जीवाश्म भवन ,अणु-विस्थापन सिध्दांत प्रक्रिया द्वारा ये पत्थर के रुप में परिवर्तित हो गए,जो ये आज से 6.5 करोड़ या 65 मिलियन वर्षों पहले की घटना है। रोचक बात ये है कि यहां पर डायनासोर के अण्डे का भी जीवाश्म मौजूद है, जिसका छात्र छात्राओं और स्टाफ ने पृथ्वी के इतिहास को करीब से जाना और जीवाश्म का परिचय विस्तार से इसे डॉ राधेश्याम नापित ने बताए और

विभिन्न प्रकार के वनस्पतियों के बारे विस्तृत जानकारी दिए।उद्यान में लगभग 6.5 करोड़ वर्ष पुराने




जीवाश्म हैं, जो प्राचीन में गोंडवाना लैंड या सुपरकॉन्टिनेंट भू भाग को दशार्ता है।

इसमें श्रीमती माधुरी शर्मा, रेखा शर्मा, प्रवीण सेन,बालकृष्ण सेन वा वनस्पति विज्ञान स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

डॉ कुजूर ने बताया कि छात्रों के लिए यह एक अनमोल अनुभव है, जहां वे जीवाश्मों को देखकर पृथ्वी के विकास के बारे में जान सकते हैं। उद्यान में पेड़ों के जीवाश्म, पत्तियों के जीवाश्म, और अन्य पौधों के अवशेष हैं, जो छात्रों को आकर्षित करते हैं। डॉ. नापित का अनुभव यह है कि इसे सभी विषय जैसे- जीव विज्ञान, भू-विज्ञान, इतिहास, पुरातत्व सर्वेक्षण आदि विषय के प्राध्यापक एवं छात्र छात्राओं को जरूर अध्ययन कर देखना चाहिए।

इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को पृथ्वी के इतिहास और जीवाश्म विज्ञान के बारे में जागरूक करना है।

उद्यान के अधिकारियों ने बताया कि यह दौरा छात्रों के लिए एक अनोखा अवसर है, जहां वे जीवाश्मों को देखकर पृथ्वी की उत्पत्ति और विकास के बारे में जान सकते हैं ।

# डीसीपी गोमती जोन के आदेश पर बड़ागाँव थाने में उत्कर्ष बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## - गबन की घटना को लेकर खाताधारक परेशान।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के आदेश पर बड़ागांव पुलिस ने हरहुआ स्थित स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा के ऋण अधिकारी के विरुद्ध सात लाख आठ हजार सात सौ तीरसठ रुपए गबन किये जाने का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है।

उपरोक्त बैंक के अधिकृत व्यक्ति विवेक पांडेय ने दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उक्त बैंक शाखा में कार्यरत ऋण अधिकारी शैलेंद्र कुमार ठाकुर निवासी ग्राम मलिकपुरा थाना


10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):
11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):
S.No. (क्र.सं.) UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.)
N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):
[illegible]

मोहम्मदाबाद जिला गाजीपुर कर्ज सेटलमेंट के नाम पर 36 उपभोक्ताओं से सात लाख आठ हजार सात सौ तीरसठ रुपए अपने नीजी हित में ले लिया बैंक द्वारा दबाव बनाने पर उनतालीस हजार दो सौ रुपए बैंक को वापस कर दिया और शेष राशि देने से आनाकानी कर रहा है। उत्कर्ष बैंक हरहुआ के खाताधारकों में गबन की घटना को लेकर भय बन गया है और पता लगाने में जुटे हैं कि क्या उनके भी जमा पैसे नियमतः जमा है कि गबन के शिकार हो चुके हैं। इस घटना को लेकर उत्कर्ष बैंक की छबि धूमिल हुई है और जगह- जगह तरह- तरह की चचाएं चल रही है।

# ग्राम पंचायत औरां में शारदा सहायक नहर पर पुलिया बनाने के लिए ग्रामीणों ने उठाई आवाज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खंड हरहुआ के ग्राम पंचायत औरां में शारदा सहायक नहर के बाबतपुर रजवाहा पर ग्रामीणों द्वारा पुलिया बनाने के लिए शासन प्रशासन से मांग की।

ग्रामप्रधान विद्योत्मा देवी के अनुसार इसके पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ0 महेंद्र नाथ पांडेय को कई बार पुलिया बनाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। विभाग के द्वारा सर्वे का कार्य कराया गया ,लेकिन उक्त स्थान पर पुलिया नहीं बना। जबकिग्रामीणों के लिए पुलिया जनहित में बनाना अति



आवश्यक है क्योंकि ग्राम पंचायत औरां के साथ ही साथ शिवरामपुर ,कुरौली, अटेसुआं,काकलपुर ,डिहवा, आयर, चंदापुर गांवों के ग्रामीण औरा स्थित डीह बाबा मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए आते जाते हैं। वहीं नहर पार किसानों को अपने खेत में आना जाना होता है जिसके लिए तीन किमी चक्कर काटकर ग्रामीण आते जाते हैं।

प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार ने ग्रामीणों की जरूरत को लेकर प्रार्थना पत्र सचिव व विधायक अजगरा त्रिभुवन राम को प्रेषित कर नहर पर पुलिया बनाने की मांग की।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। टीएफआई के बैनर तले उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तरप्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ एवं उत्तरप्रदेशीय महिला शिक्षक संघ के आह्वान पर विकास खंड के छाही,



बनकट, सिंहवार सहित सभी प्राथमिक, जूनियर एवं कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से टीईटी अनिवार्यता के विरोध में बाहों पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया।शिक्षक नेता ज्योति भूषण त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर 22 फरवरी को टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ ट्विटर अभियान चलाया गया, जो लगभग छह घंटे तक देशभर में पहले स्थान पर ट्रेंड करता रहा। इसके क्रम में 23, 24 एवं 25 फरवरी को काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया जा रहा है। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 26 फरवरी को देशभर के शिक्षक अपने-अपने जनपदों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे तथा वहां से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद भी यदि टीईटी की अनिवार्यता को अध्यादेश लाकर समाप्त नहीं किया गया तो मार्च के मध्य में आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए सभी शिक्षक दिल्ली कूच करेंगे।

# कंपोजिट विद्यालय उपवार में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी ब्लॉक के उपवार में कंपोजिट विद्यालय में सोमवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने निजी विद्यालयों की तर्ज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने धार्मिक और सामाजिक विषयों पर आधारित नृत्य, गीत और नाटक की प्रस्तुतियां दीं, जिनकी अभिभावकों ने सराहना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नील रतन पटेल की प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल और खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की




गुणवत्ता लगातार बेहतर हो रही है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण बताया। पटेल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।इस दौरान प्रधानाध्यापक लोकेश चंद्र मिश्रा, धीरज कुमार पटेल, तिलकधारी, सुनीता चतुर्वेदी, काजल किरण, आशीष कुमार, सुनील कुमार, श्वेता सिंह, स्वतंत्र कुमार पटेल, लालबहादुर पटेल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं के अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर अभिभावकों ने विद्यालय परिवार की सराहना की और ऐसे आयोजनों को बच्चों के आत्मविश्वास व प्रतिभा निखारने के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार ने किया।

# कपड़े की दुकान में साड़ी शर्ट पैंट की चोरी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजातालाब बाजार में गुप्ता साड़ी सेंटर में बीती रात चोरों ने धावा बोला और लाखों का सामान उठा ले गए। दुकान मालिक गोविंद गुप्ता को मामले की जानकारी सुबह हुई जब वे दुकान खोलने पहुंचे थे। दुकानदार ने डायल 112 को फोन कर घटना की जानकारी दी। बाद में स्थानीय राजातालाब थाने को भी लिखित जानकारी दी गई।मौके पर राजातालाब थानाध्यक्ष दयाशंकर पहुंचे और मौका मुआयन किया। दुकान में चोर छत के रास्ते घुसे थे।

यहां यह दुकान रथयात्रा मार्ग पर है। दुकान में रात को कोई नहीं रहता।चोर छत के रास्ते मकान में घुसे थे। दरवाजा तोड़कर दुकान में घुस गए और लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने दुकान से महंगी साड़ी चुरा ली जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। चोरों



ने शर्ट पैंट जींस के पेंट और अन्य कपड़े भी चुरा लिए। साथ ही 5000 नगद और दस चांदी के सिक्के भी पार कर दिए। चोर दुकान में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी नहीं छोड़े। सीसीटीवी के तार को काटकर डीवीआर अपने साथ उठा ले गये। राजातालाब मुख्य बाजार में पुलिस थाने से 500 मीटर दूर घटना घटित होने की सूचना से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बाजार में कस्बा पुलिस चौकी और थाना दोनों स्थित है। पुलिस ने सूचना कर जांच के लिए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाया। टीम ने भी मौका मुआयना किया और जरूरी साक्ष्य एकत्रित किए।स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 1 महीने से राजा तालाब क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं घट चुकी है। थानाध्यक्ष राजातालाब दयाशंकर का कहना था कि चोरी की घटना का मौका मुआयना किया गया है।खुलासे के लिए पुलिस टीम की गठित की गई है।

# व्यापार मंडल ने पुलिस की रात्रि गस्त की मांग

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजातालाब व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार ने राजातालाब बाजार में पुलिस गस्त तेज किए जाने की मांग उठाई है।उन्होंने थानाध्यक्ष राजातालाब और एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव से मिलकर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की।व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार का कहना था कि राजातालाब इस क्षेत्र का प्रमुख बाजार है। चोरी की घटनाएं घटने से व्यापारियों में दहशत व्याप्त हो जाता है और उनको आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ती है। पिछले दिनों चोरी की कई घटनाएं घटी है जिससे क्षेत्र का नाम भी बदनाम होता है।दिलीप स्वर्णकार का कहना था कि राजातालाब में थाना और पुलिस चौकी दोनों है ऐसे में पुलिस को यहां पर रात्रि में भी सक्रिय रहना चाहिए ताकि चोरी की घटनाएं न घटे। इस दौरान व्यापार मंडल के पिंटू सेठ, सुनील विश्वकर्मा,दीलीप विश्वकर्मा व अन्य पदाधिकारी भी थे।

# बेसन व नमकीन का नमूना लेकर किया सीज, लाइसेंस के लिए थमाया नोटिस

**समाज जागरण**

वाराणसी होली त्यौहार के दृष्टिगत सहायक आयुक्त खाद्य2 वाराणसी के निर्देशानुसार आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के क्रम में सचल दल द्वारा जांच अभियान में मिल्कीपुर स्थित शिव शक्ति ट्रेडर्स प्रोप्राइटर मंशाराम गुप्ता की दुकान में विक्रय हेतु रखे बेसन ब्रांड शक्तिमान और नमकीन ब्रांड सुहाना का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किया गया।



गुणवत्ता पर संदेह के आधार पर बेसन और नमकीन का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया एवं बोरो के मिथ्याछाप पाए जाने पर विक्रय हेतु रखे 278 किलोग्राम बेसन ब्रांड शक्तिमान मूल्य 27000 और 135 किलोग्राम नमकीन सुहाना मूल्य रुपया 14000 को सीज किया गया। दीपापुर में खाद्य कारोबारकर्ता राजेश यादव को बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार करते पाए जाने पर नोटिस दी गई है। खेमापुर में मिठाई की दुकान प्रदुम्न को साफ सफाई की कमी पाए जाने पर सुधार की नोटिस दी गई। सचल दल में पंकज कुमार यादव, जगदीश नारायण सिंह, रामचरण यादव एवं राजेश यादव शामिल रहे।

# बालश्रम, बालविवाह करना व करवाना कानूनन अपराध है

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा रेलवे स्टेशन/बस स्टेशन व जनपद में संचालित बाल गृहों /आश्रय गृहों आदि का भौतिक निरीक्षण करना एवं बरामद बच्चों को पुनर्वासित कराने का दिनांक 21.02.2026 से दिनांक 07.03.2026 तक चलाए जा रहे 15 दिवसीय अभियान ऑपरेशन खोज के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बलरामपुर के निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 22.02.2026 को थानाध्यक्ष सूरज कुमार, हेड कांस्टेबल रूपेश कुमार, कांस्टेबल असलम सिद्दीकी कांस्टेबल श्याम बहादुर शर्मा थाना अल्ळ द्वारा गुमशुदा एवं निराश्रित बच्चों को खोजने हेतु 'आपरेशन खोज' के तहत थाना कोतवाली नगर



क्षेत्र अंतर्गत बस स्टेशन व भीड़भाड़ वाले स्थानो पर तथा रेलवे स्टेशन व नहरबालागंज, भगवतीगंज चौराहा आदि स्थान पर जनमानस व दुकानदारों से जनपद के गुमशुदा/ अपहता बालकों एवं निराश्रित बालकों के बारे में वार्ता कर पूछताछ की गई । स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए लोगों को बताया गया कि बाल विवाह, बाल श्रम अपराध है, बालक की 21 वर्ष बालिका की 18 वर्ष से पूर्व शादी करना, 18 वर्ष से कम आयु के बालक से जोखिम श्रम करना अपराध है तथा उक्त के सम्बन्ध में टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 1098, 112, 1930, 1090, 1076, 108, 181, आदि के बारे में जानकारी दी गई'

# प्राथमिक विद्यालय का गिरा गेट दो बच्चे जख्मी, एक रेफर। खंड शिक्षा कार्यालय के पास हुआ हादसा।

## - अभिभावको ने खंड शिक्षा अधिकारी पर लापरवाही का लगाया आरोप।
## - बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है खंड शिक्षा अधिकारी।

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ददरा का मेंन गेट टूट कर गिरने से गेट के पास खेल रहे बालक तथा एक बालिका जख्मी हो गए। परिजनों द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बालक की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया गया।

विकास खंड के ददरा गांव में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय ददरा तथा आंगनबाड़ी केंद्र एक ही परिसर में स्थित है। परिसर में एक ही गेट लगाया गया है।जिससे होकर खण्ड शिक्षा अधिकारी अध्यापक तथा बच्चे परिसर में प्रवेश करते हैं। सोमवार की सुबह ददरा गांव निवासी महेंद्र का चार वर्षीय पुत्र शिवांश तथा अजय की 3 वर्षीय पुत्री नैना आंगनबाड़ी केंद्र ददरा में पढ़ने के लिए गई थी। विद्यालय के गेट के पास ही दोनों खेल रहे थे। तभी लगभग 11:30 बजे विद्यालय का गेट अचानक टूट कर गिर गया। जिससे गेट के पास खेल रहे शिवांश तथा नैना गेट के नीचे दबाने से



जख्मी हो गए। गेट के नीचे घायल अवस्था में दबे दोनों बच्चों को स्कूल के स्टाफ द्वारा बाहर निकाल कर उन्हें घर भेज दिया गया।रोते बिलखते दोनों बच्चे घायल अवस्था में अपने अपने घर पहुंचे। परिजनों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले जाया गया। जहां प्रथमिम उपचार के बाद शिवांश की हालत गंभीर देख चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल सोनभद्र भेज दिया गया तथा नैना की हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया। घटना से आक्रोशित परिजन विद्यालय पर पहुंच कर अध्यापकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव इसी गेट से आते जाते है, परन्तु महीनों से जर्जर अवस्था मे पड़े गेट पर ध्यान नही दिए। जिससे जाहिर होता है कि खंड शिक्षा अधिकारी बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।कार्यालय के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है,तो अन्य विद्यालयों की क्या स्थिति होगी। लापरवाही की हद तो तब हो गई की खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप बने शौचालय के तीन गड्ढे खुले हुए थे। जिसमें लगभग 15 दिन पहले एक बालक गिर गया था। जिसे हल्की चोट भी आई थी। बालक को गड्ढे से निकलकर घर भेज दिया गया था।घटना के बाद दो गड्ढे ढक दिए गए। लेकिन एक गड्ढा अभी भी खुला हुआ है।जो शायद किसी बड़ी घटना के इंतजार में है। प्राथमिक विद्यालयों पर फर्स्ट एड बॉक्स रखने के लिए सरकार की ओर से निर्देश दिया गया है। परंतु चोट लगने के बाद बच्चों को प्रथम उपचार के बजाय उसी हाल में घर भेज दिया गया।जिससे साफ तौर पर जाहिर हो रहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सरकार के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है तथा बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान नही दिया जा रहा है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव ने बताया कि स्कूल का गेट गिरने से दो बच्चे घायल हो गए हैं। दोनों का उपचार कराया गया है। गेट जर्जर हो चुका था और अचानक गिर गया।

# जैविक किसान मेले में जुटे सैकड़ों किसान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे योजना से जुड़े बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छानबे विकासखंड के तिलई मौआर गांव में जैविक किसान मेले का आयोजित किया गया। जैविक कृषि मेला में किसानों से जैविक खेती करने का आह्वान किया गया। विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने कम लागत




में अधिक उत्पादन के तौर-तरीके बताए। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से उपजाऊ भूमि के बदलते स्वभाव एवं लगातार हो रही कार्बन की कमी को लेकर किसानों को आगाह किया। किसानों से पशुपालन कर पशुओं के गोबर से तैयार खाद का प्रयोग करने की अपील किया। किसानों को जैविक विधि से टमाटर,मिर्च,गोभी इत्यादि की हाईटेक नर्सरी डालने की विधि बताई गई। रिद्धि सत्या फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर किरण तिवारी ने किसानों को प्रकृति में जो भी उपलब्ध है , उसका समावेश करके खेती में प्रयोग कर अपनी उपज को बढ़ाने के बारे में बताया। कार्यक्रम में त्रिलोकी मिश्रा, संतोष सिंह, नरेंद्र मिश्रा, अनुज सिंह सहित सैकड़ों किसानो ने मेले में आ कर कृषि संबंधित जानकारी ली।

# वित्त मंत्री ने NMP 2.0 का अनावरण किया: 16.72 लाख करोड़ के मुद्रीकरण लक्ष्य के साथ नई आर्थिक पहल

इसका मकसद वित्त वर्ष 2026 से वित्त वर्ष 2030 के बीच केंद्र सरकार के मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की संपत्तियों के मुद्रीकरण से सरकार के लिए पूंजी जुटाना है

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी 2.0) के दूसरे चरण का अनावरण किया। इसके तहत सरकार ने संपत्तियों के मुद्रीकरण के जरिये 16.72 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसका मकसद वित्त वर्ष 2026 से वित्त वर्ष 2030 के बीच केंद्र सरकार के मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की संपत्तियों के मुद्रीकरण से सरकार के लिए पूंजी जुटाना है।

सीतारमण ने कहा कि एनएमपी से उत्पादक सार्वजनिक संपत्तियों का पुनर्चक्रण होता है, जिससे नई परियोजनाएं और पूंजीगत खर्च में निवेश के लिए संसाधन मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यह तरीका सार्वजनिक संपत्तियों में पूंजीगत खर्च के लिए पैसे जुटाने में मदद करता है, साथ ही सरकार पर बोझ भी नहीं पड़ता है।

# मेगा /वृहद सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया

## विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 5489 लाभार्थियो की पहचान व पंजीकरण करने के उपरान्त 4889 लाभार्थियों को लाभ का वितरण किया गया

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के द्वारा दिनांक-22.02.2026 स्थान-तथागत सभागार कलेक्ट्रेट, भिनगा, श्रावस्ती में मेगा/ वृहद सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश श्री राकेश धर दुबे के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें प्रभारी जनपद न्यायाधीश श्री अवनीश कुमार गौतम, अपर जिला जज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मेगा शिविर में जिले के समस्त सरकारी विभागों व एन०जी०ओ० की भी सक्रिय सहभागिता रही जिसमें विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 5489 लाभार्थियों की पहचान व पंजीकरण करने के उपरान्त 4889 लाभार्थियों को लाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा दिव्यांगजन को ट्राइ साइकिल का वितरण, कम्बल वितरण किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रावस्ती श्री विनीत कुमार यादव के द्वारा उज्जवला के अन्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों को मुफ्त गैस सिलेंडर व चूल्हा का वितरण किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री प्रद्युम्न कुमार मिश्र के द्वारा बैंक द्वारा संचालित मुद्रा योजना के अन्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों को ऋण



वितरण किया गया।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री अशोक कुमार द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धा पेंशन स्वीकति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया इसके अतिरिक्त श्री अरुण मिश्र सचिव आपदा प्रबंधन / इंडियन रेडकास सोसाइटी द्वारा फोल्डिंग कमोड का वितरण लाभार्थियों को किया गया।

परियोजना निदेशक श्री अश्विनी कुमार के द्वारा पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

इस मेगा कैम्प में चिकित्सा विभाग के द्वारा नेत्र जांच, बी०पी०, मधुमेह जांच, महिलाओं से संबंधित रोगों की जांच की व्यवस्था व दवा का निःशुल्क वितरण कराया गया। मोतिया बिंदु के आपरेशन हेतु पात्र मरीजों का चिन्हांकन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित श्री निर्दोष कुमार अपर जिला जज (पाक्सो) श्रावस्ती, श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, श्री अमर सिंह।।, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय, इकौना श्रावस्ती, श्री अमरेन्द्र कुमार वर्मा ए.डी.एम (वित्त / राजस्व), श्रावस्ती, श्री सुरेन्द्र चौधरी उपनिदेशक कृषि, डा० श्री अजीत कुमार जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, डा० अमरनाथ यति जिला समाज कल्याण अधिकारी, डा० अनीता शुक्ला अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भिनगा, अध्यक्ष माडल बार एसो० श्री सुरेश चन्द्र तिवारी एवं महामंत्री श्री सतीशचन्द्र मौर्य, श्री विष्णु दत्त अस्थाना एड० वरिष्ठ उपाध्यक्ष, माडल बार एसो०, श्री गोविन्द शुक्ला समन्वयक आयुष्मान भारत तथा जिले समस्त विभाग के अधिकारी / कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के समस्त एलएडीसी अधिवक्तागण, समस्त पीएलवी एवं प्रशासनिक व न्याय विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक कुमार शर्मा, एड०, पैनल लॉयर द्वारा किया गया।

श्री प्रद्युम्न कुमार मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती द्वारा प्रशासन, न्याय विभाग तथा मीडिया को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में किये गये प्रयासों के लिए धन्यवाद का ज्ञापन किया गया।

# IDFC फर्स्ट बैंक ने हरियाणा सरकार के 590 करोड़ का भुगतान जल्द करने का आश्वासन दिया

निजी क्षेत्र के ऋणदाता ने बीते रविवार को खुलासा किया था कि बैंक के चंडीगढ़ की एक शाखा में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पता चला है आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शीर्ष प्रबंधन और हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के बाद बैंक ने कहा कि वह राज्य सरकार के 590 करोड़ रुपये की बकाया रकम का भुगतान जल्द से जल्द करेगा। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने इसकी जानकारी दी।

निजी क्षेत्र के ऋणदाता ने बीते रविवार को खुलासा किया था कि बैंक के चंडीगढ़ की एक शाखा में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पता चला है। यह खाता राज्य सरकार से जुड़ा है। यह मामला तब सामने आया जब हरियाणा सरकार के एक विभाग ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में अपना खाता बंद करने और पैसे दूसरे बैंक में भेजने की कोशिश की। मगर विभाग द्वारा बताई गई रकम खाते की शेष राशि के अनुरूप नहीं थी। हालांकि अब बैंक ने राज्य सरकार को भरोसा दिलाया है कि वह शायद कल तक पूरी राशि का




भुगतान कर देगा।

विश्लेषकों के साथ आज सुबह बातचीत में बैंक प्रबंधन ने कहा कि वे सभी सरकारी खातों को लेकर बहुत सजग हैं। उन्होंने कहा कि वे भुगतान करने सहित इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। बैंक ने इस धोखाधड़ी को एक अलग घटना बताया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भी भरोसा दिलाया कि यह मामला प्रणालीगत समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि यह धोखाधड़ी का एक अलग मामला है। नई दिल्ली में केंद्रीय बैंक की बोर्ड बैठक के बाद मल्होत्रा ने कहा, ह्यनीति के तौर पर हम किसी एक बैंक या नियामकीय इकाई पर टिप्पणी नहीं करते हैं। हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। लेकिन यह प्रणालीगत समस्या से जुड़ा जुड़ा मुद्दा नहीं है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर में दिन में करीब 20 फीसदी तक टूट गए थे मगर बाद में नुकसान थोड़ा कम हुआ और यह 16 फीसदी की गिरावट के साथ 70.04 रुपये पर बंद हुआ। इससे बैंक के बाजार पूंजीकरण में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमी आई।

विश्लेषकों के साथ बातचीत में बैंक प्रबंधन ने कहा कि वह एक तय सीमा से ज्यादा लेनदेन के लिए ग्राहक से पुष्टिकरण की व्यवस्था अनिवार्य करेगा और यह पुष्टि सत्यापित डिजिटल चैनल से मिलेगी। बैंक के प्रबंधन ने बताया कि हरियाणा सरकार की जमा राशि बैंक के कुल 2.82 लाख करोड़ रुपये जमा का लगभग 0.5 फीसदी है। और इस घटना के बाद से हरियाणा सरकार के जमा से लगभग 200 करोड़ रुपये निकल चुके हैं। कुल मिलाकर राज्य और केंद्र सरकार की जमा राशि बैंक के कुल जमा का 8 से 10 फीसदी है। बैंक प्रबंधन ने कहा कि वह चेक पर हस्ताक्षर के शुरूआती सत्यापन के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगा।

# मिट्टी निकालते समय टीला ढ़हा, तीन महिलाओं की दबकर दर्दनाक मौत, दो घायल

सुचना पाकर मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



म्योरपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। किरवानी गांव के जंगल में सफेद मिट्टी निकालते समय अचानक मिट्टी का बड़ा टीला भरभराकर कर ढह गया, जिससे वहां खुदाई कर रही महिलाएं मलबे में दब गई। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी।ग्रामीण इलाकों में घरों की लिपाई-पुताई के लिए सफेद मिट्टी की मांग रहती है। इसी सिलसिले में किरवानी गांव और आसपास के क्षेत्रों से महिलाएं जंगल में मिट्टी लेने पहुंचे थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिट्टी निकालते समय टीले के अंदर तक सुरंग बनाकर खुदाई की जा रही थी। अचानक ऊपर का हिस्सा ढह गया और अंदर मौजूद महिलाएं मलबे में दब गईं। टीला गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथ मौजूद लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और हाथों से मलबा हटाकर लोगों को निकालने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। जेसीबी मशीन की मदद से कई घंटों तक चले राहत एवं बचाव कार्य के बाद तीन महिलाओं को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक डा० पल्लवी सिन्हा ने जांचोपरांत तीनों को मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान सदिकुनिषा (35) निवासी बडहोर, थाना बभनी; अमीषा खातून (35) निवासी किरवानी; तथा सीता (30) निवासी खैराही के रूप में हुई है। वहीं फूलकुमारी नामक एक महिला घायल है, जिनका उपचार जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि टीले के अंदर गहराई तक असुरक्षित खुदाई के कारण मिट्टी कमजोर हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। प्रशासन ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं और सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल पर निगरानी बढ़ा दी गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका अनीशा बेगम के परिजनों ने बताया कि रमजान शुरू होने के बाद घर की पुताई के लिए महिलाएं मिट्टी लेने गयी थी।

# चौपाल में किया जायेगा किसानों की समस्याओं का समाधान

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज तहसील क्षेत्र के परगना विजयगढ़ अंतर्गत ग्राम अवई गाँव में चकबंदी अधिकारी बरमेश्वर उपाध्याय द्वारा पच्चीस फरवरी दिन बुधवार सार्वजनिक स्थान पर चौपाल लगाकर किसानों की समस्याओं की सुनवाई कर उसका समाधान किया जायेगा। चकबंदी अधिकारी बरमेश्वर उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया की शासन के निर्देश पर चकबंदी वाले गाँवों में जन चौपाल लगाकर किसानों की समस्याओं की सुनवाई के लिये तिथि निर्धारित की गई है जहाँ किसान अपनी समस्याएं बताकर उसका निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने बताया की 25 फरवरी को अवई में किसानों की समस्याओ की सुनवाई की जायेगी । गांव में आयोजित जन चौपाल में वे स्वयं उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं की सुनवाई कर उसका निस्तारण करेंगे। श्री उपाध्याय ने किसानों से अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील किया है।

# थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा अवैध खनन/परिवहन में संलिप्त 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 23.02.2026 को थाना हाथीनाला तिराहे पर चेकिंग के दौरान वाहन संख्या UP64 CT 9697 को रोका गया। जांच के दौरान वाहन में अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन किया जाना पाया गया।

उक्त सम्बन्ध में थाना हाथीनाला पर मु0अ0सं0 08/2026 धारा 303 (2), 317(2) बीएनएस, 3(1) /58/72(6) उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021, धारा 4/21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 एवं धारा 3/4 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के अंतर्गत 01. रमाशंकर पनिका पुत्र श्री बलजीत निवासी पिण्ड़ारी, तहसील दुद्धी, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र (चालक), 02.नन्दलाल गोंड पुत्र श्री भोला सिंह निवासी पिण्ड़ारी, तहसील दुद्धी, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र (खलासी) , 03. धर्मेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व0 सियाराम सिंह निवासी धनसिरिया पोस्ट राजगढ़, थाना मड़िहान, जनपद मीरजापुर (मुंशी), 04. दूबे जी पुत्र अज्ञात पता अज्ञात 05. रमेश यादव पुत्र अज्ञात निवासी तुर्रा, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र (वाहन स्वामी), 05.M/S सुनील कुमार सिंह क्रशर प्लांट के संचालक (नाम/पता अज्ञात) के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया । उक्त क्रम में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व महामंत्री पद पर एक-एक समेत कुल 9 प्रत्याशियों ने लिया पर्चाः एड. राजेश कुमार यादव

- 24 फरवरी तक मिलेगा पर्चा और प्रत्याशी कर सकेंगे पर्चा दाखिला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (डीबीए) सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई। पहले दिन अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए एक-एक सहित कुल 9 प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र लिया। 24 फरवरी को भी पर्चा मिलेगा और प्रत्याशी अपना पर्चा भी दाखिल करेंगे। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सत्यप्रकाश सिंह एडवोकेट ने पर्चा लिया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए बिंदु यादव एडवोकेट एवं महामंत्री पद के लिए राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने पर्चा लिया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए आशुतोष देव पांडेय एडवोकट ने भी नामांकन पत्र लिया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य कनिष्ठ के लिए चंद्रकला गिरी एडवोकेट, सुमन एडवोकेट, मार्तंड प्रताप सिंह एडवोकेट एवं रमन कुमार एडवोकेट ने नामांकन पत्र लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि नामांकन पत्र विक्रय की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026 दिन मंगलवार निर्धारित है। जबकि प्रत्याशी 24 फरवरी को अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर सकेंगे। बता दें कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष के प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है, जिससे चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव में सहयोग के लिए प्रदीप कुमार मौर्य एड, पवन कुमार सिंह एड, चंद्रप्रकाश सिंह एड, शांति वर्मा एड एवं सहायक चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह कुशवाहा एड व राजकुमार सिंह पटेल एड मौजूद रहे।

# चोपन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का हुआ पुनर्गठन

## सर्वसम्मति से महफूज आरिफ बने अध्यक्ष, सुशील पांडेय महामंत्री

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से संबद्ध चोपन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार की सायं चोपन नगर के एक प्रतिष्ठान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संजय जैन ने की। बैठक में द्विवार्षिक सत्र के लिए संगठन के पुनर्गठन पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से महफूज आरिफ उर्फ पप्पू भाई को अध्यक्ष, सुशील पांडेय को महामंत्री तथा महेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन की घोषणा होते ही उपस्थित व्यापारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। निवर्तमान पदा धिकारियों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष महफूज आरिफ ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ उनकी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी एक माह के भीतर व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर एक खुली बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यसमिति का विस्तार एवं पुनर्गठन किया जाएगा, ताकि संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से माता प्रसाद पांडेय, अच्युत जायसवाल, विवेक तिवारी, लक्ष्मण सोनी, शशांक भाटिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान महामंत्री अजय भाटिया ने किया। बैठक के अंत में सभी व्यापारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा व्यापारी हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# चल रही बोर्ड की परीक्षा में बिजली की आंख मिचौली, छात्रों की पढ़ाई हो रही बाधित

अभिभावकों ने बिजली विभाग पर लगाया मनमानी का आरोप

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। विकास खंड नगवां में बिजली की आंख मिचौली से बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्र छात्राओं की पढ़ाई हो रही है बाधित अभिभावकों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही व मनमानी करने का आरोप विद्युत स्टेशन दूबेपुर की बिजली आपूर्ति व्यस्था बेपटरी हो गई बिजली देने का कोई टाइम टेबल फिक्स न होने से छात्र छात्राओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है दिन में तो बिजली की भारी कटौती हो ही रही है और रात में कई बार ट्रिपिंग से हो रही है परेशानी।

अभिभावकों का कहना है कि जब से बिजली विभाग द्वारा बिल में छूट की योजना शुरू हुई है तब से बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई है बिजली विभाग बिल लेने के बाद उपभोक्ताओं के साथ दोहरा मापदंड अपना रहा है जो लोग बिल देने में असमर्थ है उनकी बिजली काटना और मुकदमा दर्ज कर वाह वाही लूटने में मस्त है। सरकार भले ही लाख दावे कर ले की गावों में बिजली 18 से 20 घंटे मिल रही है लेकिन धरातल पर सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे है। बोर्ड की परीक्षाओं में सरकार छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए अतरिक्त बिजली की व्यस्था करती है लेकिन इस समय में तो पहले से भी कम बिजली की आपूर्ति हो रही है जिससे बोर्ड की परीक्षा दे रहे छात्र छात्राओं के समक्ष कठिनाई हो रही है।

क्षेत्र वासियों का कहना है कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं पर बिल वसूली का दबाव जैसे मुकदमा दर्ज करना कनेक्शन विच्छेदन कर वसूली तो कर ले रही है लेकिन अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं है।

अभिभावकों व क्षेत्र वासियों ने जिलाधिकारी सोनभद्र का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बोर्ड की परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओं के पढ़ाई में हो रही असुविधा को देखते हुए तत्काल बिजली कटौती बंद कर टाइम टेबल से बिजली आपूर्ति की मांग की है। सबसे बड़ी बात है कि इस विभाग में जो प्राय बेट कर्मचारी हैं वह लोग तो उपभोक्ताओं से ऐसे पेश आते हैं जैसे कि विभाग उनका खुद का हो।

# कालेज जाती छात्रा को टेलर ट्रक ने मारी टक्कर, छात्रा घायल, जिला अस्पताल रेफर

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**




दुद्धी/ सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के बभनी रेणुकूट मार्ग पर स्कूल जाती छात्रा को टेलर ट्रक में टक्कर मारी दी जिससे छात्रा घायल हो गई। घायल छात्रा को जिला अस्पताल रेफर किया गया। बभनी थाना क्षेत्र के बभनी रेणुकूट मार्ग पर असनहर गांव कालेज जाती छात्रा को टेलर ट्रक ने टक्कर मारी दी। जिससे छात्रा प्रिया कुमारी 17 वर्ष पुत्री धीरज निवासी घायल हो गई। इसकी सूचना बभनी थाना को दी गई।घायल छात्रा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। टक्कर मारने के बाद टेलर ट्रक मौके से फरार हो गया। जिससे पुलिस द्वारा पीछा कर पकड़ा गया। उप निरीक्षक मक्खन लाल ने बताया कि टेलर ट्रक और ड्राइवर को पकड़ लिया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों द्वारा स्वच्छता जागरूकता एवं अन्य विविध कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**




ओबरा/ सोनभद्र। राजकीय स्नात कोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत 'स्वच्छता जागरुकता कार्य क्रम' एवं अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने पहले महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की, फिर रैली निकालकर स्थानीय बस्ती के रहवासियों दुकानदारों एवं आम जनमानस के साथ स्थानीय साफ-सफाई पर संवाद स्थापित करते हुए उन्हें स्वच्छता का संदेश दिया । आसपास की बस्ती में कूड़ा-प्रबंधन, सीवर व्यवस्था व स्वच्छ जल आपूर्ति एवं अन्य साफ सफाई से संबंधित इंतजामों को भी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने समझा। इसी क्रम में स्वयंसेवकों ने वर्तमान व्यवस्था में अपेक्षित सुधार हेतु राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों की तरफ से हरसंभव सहयोग का विश्वास दिलाया गया। रैली में शामिल स्वयंसेवको ने स्वच्छता अभियान के दौरान राम-धुन 'रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम, ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सन्मति दे भगवान' का गायन कर सभी राहगीर व स्थानीय रहवासियों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष और भूतपूर्व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार सैनी द्वारा स्वच्छता जागरूकता पर किया गया। डॉ संतोष कुमार सैनी ने अपने सम्बोधन में गांधी जी के स्वच्छता सम्बन्धी विचारों को वर्तमान परिवेश में आत्मसात करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन कुमार ने गांधी जी के जीवन दर्शन को धारणीय समाज के निर्माण की नींव बताया। उन्होंने गांधी जी द्वारा दिए गए स्वच्छता के संदेश व उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण के लिए सभी को आगे आकर अपना हर संभव सहयोग देने का आवाहन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक यादव ने गंदगी से होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनसे होने वाली हानियां पर चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संघमित्रा ने अपने आसपास के वातावरण की स्वच्छता के साथ-साथ शारीरिक स्वच्छता पर भी प्रकाश डाला। भूतपूर्व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी और राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ विकास कुमार ने सभी शिविरार्थियों को स्वच्छता को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बनाकर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस की छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका का भी सुंदर प्रदर्शन किया गया। रैली का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन कुमार, डॉ.आलोक यादव, डॉ. संघमित्रा एवं अंजलि मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी अंजलि मिश्रा ने सभी सहभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

उक्त प्रथम एक दिवसीय शिविर के कार्यक्रम में प्रवेश एवं परीक्षा प्रभारी डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ. विभा पांडेय, डॉ. वैशाली शुक्ला इत्यादि प्राध्यापकगण, कार्यालय अधीक्षक राजेश्वर रंजन, महेश पांडेय, सरफुद्दीन, मनीष इत्यादि कर्मचारीगण मौजूद थे।

# शक्तिनगर की साइबर टीम ने आवदेक की फ्राड हुई धनराशि कुल 40,000/- रुपये उसके मूल खाते मे कराया वापस

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पीड़ित कृष्णा कुमार शाह निवासी एन0सी0एल0 खडिया थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 06.05.2025 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छल करके यूपीआई के माध्यम से 50,000/- रुपये की धनराशि किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते मे ट्रांसफर करा ली गई थी, जिसके सम्बन्ध मे पीडित द्वारा 1930 व साइबर क्राईम पोर्टल (cybercrime.gov.in)) पर शिकायत दर्ज करायी थी । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय) के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष शक्तिनगर के कुशल नेतृत्व मे थाना शक्तिनगर की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई कुल धनराशि 50,000/- रुपये को सम्बन्धित खातों में होल्ड कराया गया तथा NCRP पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करके संबन्धित बैंक शाखा को जरिये ईमेल पत्राचार करके आवेदक की फ्राड खाते मे होल्ड धनराशि मे से 40,000/- रुपये उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया, आवेदक द्वारा थाना शक्तिनगर की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# सोनांचल कपः रोमांचक मुकाबले में आगरा ने बलिया को 3 रनों से दी शिकस्त

कमांडेंट सतीश कुमार सिंह ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**




ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित 23वें सोनांचल कप राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रिकेट प्रेमियों को एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। आगरा और बलिया के बीच खेले गए इस मैच में अंत तक सस्पेंस बना रहा, जहाँ अंततः आगरा ने 3 रनों की करीबी जीत दर्ज कर बलिया को टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि सीआईएसएफ (CISF) ओबरा यूनिट के कमांडेंट सतीश कुमार सिंह रहे। उन्होंने मैदान पर पहुँचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे दिव्य आयोजन ग्रामीण और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखारने का काम करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के लिए अपने आशीर्वाद और सहयोग का आश्वासन दिया। टॉस जीतकर आगरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हालांकि, बलिया के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से आगरा को बांधे रखा। पूरी टीम 24.4 ओवर में 131 रनों पर सिमट गई। शुभम गुप्ता ने 36 गेंदों पर 30 रनों की सधी हुई पारी खेली। हिमांशु सिंह ने 25 गेंदों पर 27 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बृजेश बिंद ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में मात्र 16 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि नवनीत वर्मा ने 3 विकेट लिए। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बलिया की टीम जीत के बेहद करीब पहुँच गई थी, लेकिन पूरी टीम 128 रनों पर ढेर हो गई। आदित्य सिंह ने 55 गेंदों पर 42 रनों की जुझारू पारी खेली। प्रशांत तिवारी ने 18 गेंदों पर 24 रन बनाकर उम्मीदें जगाई थीं। देवरत झा ने 4.5 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए और मृत्युंजय ने 5 ओवर में केवल 11 रन देकर 2 अहम विकेट चटकाए। आगरा के मृत्युंजय को उनके शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

उन्हें यह पुरस्कार अरुण प्रजापति और नाइन स्टार ओबरा के सीनियर खिलाड़ियों द्वारा प्रदान किया गया।

# वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्ध राम जियावन पुत्र विक्कन को फांसी लगाकर आत्महत्या मामले में जाँच हेतु मजिस्ट्रेट किये गए नामित

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट, सोनभद्र के आदेशानुसार उप जिलाधिकारी मुख्यालय-सोनभद्र प्रदीप कुमार यादव को जाँच हेतु मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। आदेश के अनुपालन में उप जिलाधिकारी मुख्यालय-सोनभद्र प्रदीप कुमार यादव द्वारा जाँच एवं साक्ष्य संकलन कार्य किया जा रहा है। जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि छपका, राबर्टसगंज, सोनभद्र में संचालित वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्ध रामजियावन पुत्र विक्कन उम्र लगभग 75 वर्ष द्वारा 25 दिसम्बर 2025 को फासी लगाकर आत्महत्या किये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई जानकारी हो अथवा उनके पास कोई साक्ष्य आदि उपलब्ध हो तो दिनांक 05 मार्च 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में उप जिलाधिकारी मुख्यालय-सोनभद्र को कलेक्ट्रेट-कार्यालय पर स्वयं उपस्थित होकर अपना बयान व साक्ष्य आदि प्रस्तुत कर सकते है।

# थाना अनपरा पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, 1.174 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना अनपरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 23.02.2026 को मु0 अ0सं0- 12/2026 धारा 8/ 20/29 NDPS Act से संबंधित वांछित अभियुक्त जगरनाथ पुत्र जगेश्वर, उम्र करीब 54 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 02 भगत सिंह नगर डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 1.174 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना अनपरा पर मु0अ0सं0 39/2026 धारा 8/20 NDPS Act के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़िता की फ्राड हुई धनराशि 1,61,000/- रुपये उसके मूल बैंक खाते में कराया वापस

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। आवेदिका ज्योत्सना पत्नी प्रकाश रंजन निवासी भरकवाह करमा थाना पिपरी जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा धोखाधड़ी कर 1,61,000/- रुपये की धनराशि फ्राड कर ली गई थी, जिसके सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र पर शिकायत पंजीकृत कराई गई थी।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना के कुशल नेतृत्व में साइबर टीम द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही की गई। आवश्यक साक्ष्य संकलित करते हुए माननीय न्यायालय से धनराशि वापसी का आदेश प्राप्त किया गया तथा सम्बन्धित बैंक से पत्राचार कर 1,61,000/- रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदिका के मूल बैंक खाते में वापस कराई गई।

धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदिका द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र सहित सम्पूर्ण साइबर टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# ज्वैलरी दुकान चोरी का खुलासा

## दो आरोपी गिरफ्तार, 40 बिछिया और 15 अंगूठी बरामद

**समाज जागरण**

बहराइच/ थाना क्षेत्र में एक ज्वैलरी दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी किए गए 40 बिछिया, 15 अंगूठी और 2 ओम लॉकेट बरामद किए गए हैं।

यह घटना 11/12 फरवरी 2026 की रात को हुई थी। पुरैनी चौराहा निवासी पंकज सोनी उर्फ लकी ने कैसरगंज थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके सेंटर चौराहा स्थित ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आभूषण चुरा लिए थे।

इस शिकायत के आधार पर कैसरगंज थाना में मु0अ0सं0 38/26, धारा 305ए बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। विवेचना उपनिरीक्षक संजीत कुमार सिंह को सौंपी गई।

घटना के अनावरण के लिए क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के पर्यवेक्षण में एक टीम गठित की गई। टीम ने कार्ययोजना बनाकर घटना की जांच शुरू की और आरोपियों की तलाश में जुट गई।

गठित टीम ने 22 फरवरी 2026 को बदरौली से चौहानपुरवा मोड़ गोड़हिया नंबर 1 की तरफ जाने वाले रास्ते पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नंद कुमार उर्फ नंदकिशोर (55 वर्ष), निवासी पिपरहापुरवा बदरौली, थाना कैसरगंज, और हसरत दीन उर्फ कन्हैया (25 वर्ष), निवासी बम्भननपुरवा मौजा गोड़हिया नंबर 1, थाना कैसरगंज के रूप में हुई है।

पुलिस ने उनके कब्जे से 40 सफेद धातु के बिछिया, 15 नग लगी हुई सफेद धातु की अंगूठियां और 2 सफेद धातु के ओम लॉकेट बरामद किए। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यश्र कैसरगंज राजेश शुक्ला, चौकी प्रभारी गोड़हिया न0 1 उ0नि0 संजीत कुमार सिंह, हे0का0 मुलायम यादव (थाना जरवल रोड), हे0का0 अंजनी त्रिपाठी (थाना कैसरगंज), हे0का0 दया यादव (थाना कैसरगंज) और हे0का0 अष्टभुजा सिंह (थाना कैसरगंज) शामिल थे।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी के संग छात्र छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

## बच्चों ने देखा तारा मंडल हुए रोमांचित

**समाज जागरण**

कैसरगंज/बहराइच राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र कुंडासर से खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी के नेतृत्व में छात्र छात्राओं का एक दल शैक्षिक भ्रमण के लिए आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ के लिए रवाना किया गया। दो बसों में छात्र लखनऊ पहुंचे। शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने विज्ञान की अद्भुत दुनिया को नजदीक से देखा इसमें से कुछ बच्चों ने पहली बार बस की यात्रा की, पहली बार ट्रेन को दिखा और पहली बार किसी बड़े शहर से रूबरू होने का अनुभव प्राप्त किया, छात्रों ने पहली बार मेट्रो ट्रेन देखी और 3ऊमूवी का आनंद लेते हुए तारामंडल में ब्रह्मांड से जुड़ी जानकारियां प्राप्त हुए विज्ञान की विविध प्रयोगों और मॉडलों को देख इसे समझने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक विज्ञान और तकनीक से जोड़ना विभाग की प्राथमिकता है।

शैक्षिक यात्रा में एआरपी डॉक्टर क्षमा सिंह, मनोज सिंह, सुधीर पटेल, मुकेश शर्मा, आस्था श्रीवास्तव, पूनम गुप्ता, इंद्र मोहन यादव, सुनील सोनी महेंद्र चौधरी, प्रिया जैन सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# दो ट्रक की आमने सामने में भिड़ंत

**समाज जागरण**

नानपारा/बहराइच` रविवार देर रात्रि नानपारा मिहिपुरवा रोड पर ग्राम रजवापुर के पास दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

यह भिड़ंत नानपारा की तरफ से लखीमपुर जा रहे ट्रक संख्या HR58 बी 4478 और लखीमपुर से नानपारा आ रहे ट्रक संख्या UP31AT 8942 के बीच हुई। ट्रक HR58 बी 4478 के चालक सुनील राय (40 वर्ष, निवासी जलालपुर कला, गोपालगंज, बिहार) घायल हुए।

दूसरे ट्रक UP31AT 8942 के चालक मुख्तियार सिंह (65 वर्ष, निवासी लखा परासन, लखीमपुर खीरी) और खलासी अरविंद (22 वर्ष, निवासी चहमलपुर, लखीमपुर खीरी) भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा पहुंचाया गया। चौकी इंचार्ज गुरगुट्टा सुरपति त्रिपाठी ने बताया कि चालक सुनील राय को डॉक्टरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा से जिला चिकित्सालय बहराइच रेफर कर दिया है। मुख्तियार सिंह और अरविंद का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा में जारी है।

दुर्घटना के बाद यातायात व्यवस्था सामान्य कर दी गई है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# होम ब्रॉडबैंड बना नया कुरुक्षेत्र: रिलायंस जियो और एयरटेल में छिड़ी बड़ी जंग, क्या 'वी' मार पाएगी एंट्री?

**समाज जागरण**

रिलायंस इंडस्ट्रीज की इस दूरसंचार कंपनी ने दिसंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान 25 लाख होम ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े, जिससे कुल ग्राहकों की संख्या बढ़कर 2.5 करोड़ हो गई देश का होम ब्रॉडबैंड बाजार ऐसे चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसे इस क्षेत्र के जानकारों द्वारा ह्यआधार हासिल करनाह्न कहा जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के बीच प्रतिस्पर्धा हर तिमाही बढ़ती ही जा रही है, जबकि वोडाफोन आइडिया इस क्षेत्र में प्रवेश करने की तैयारी कर रही है, जिसमें 10 करोड़ से अधिक घरों की संभावना वाला बाजार है।

बाजार की अग्रणी कंपनी रिलायंस जियो ने फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए), यूनिवर्सल ब्रॉडबैंड (यूबीआर) और फाइबर की हाइब्रिड रणनीतिक के साथ देश की सबसे बड़ी होम ब्रॉडबैंड प्रदाता के तौर पर अपनी जगह मजबूत की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इस दूरसंचार कंपनी ने दिसंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान 25 लाख होम ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े, जिससे कुल ग्राहकों की संख्या बढ़कर 2.5 करोड़ हो गई।

दूसरी तरफ एयरटेल ने दिसंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान होम ब्रॉडबैंड क्षेत्र में अपने सबसे ज्यादा 20 लाख ग्राहक शामिल किए, जिससे कुल ग्राहकों की संख्या 1.3 लाख से कुछ ज्यादा हो गई और राजस्व में तिमाही आधार पर लगभग 34 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। कंपनी फाइबर और एफडब्ल्यूए की पैठ को और बढ़ा रही है तथा साथ ही साथ कंटेंट पेशकशों पर ध्यान केंद्रित कर रही है और आईपीटीवी समेत सभी चैनलों पर विकास को बढ़ावा दे रही है।

एचएसबीसी इक्विटीज के एशिया दूरसंचार के प्रमुख पीयूष चौधरी ने कहा, ह्यहम उम्मीद करते हैं कि होम ब्रॉडबैंड भारतीय दूरसंचार परिचालकों के लिए विकास का अगला बडा अवसर होगा और वित्त वर्ष 30 तक ग्राहक 2.85 गुना बढ़कर 11.4 करोड़ हो जाएंगे, जो वित्त वर्ष 24 में लगभग 4 करोड़ थे। उन्होंने कहा कि फाइबर होम पास के साथ 5जी एफडब्ल्यूए कुल संभावित बाजार का विस्तार करने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा।

उपकरण की गिरती कीमतों के साथ-साथ कैरियर कंपनियों की इंस्टॉलेशन और वितरण क्षमताओं ने साल 2024 और 2025 के दौरान एफडब्ल्यूए की रफ्तार को बढ़ाया है। चौधरी ने कहा, ह्यहमें लगता है कि भारत में दूरसंचार कंपनियां अपने बंडल होम ब्रॉडबैंड प्लान के साथ घरेलू मनोरंजन खर्च का हिस्सा हासिल करने के लिहाज से बेहतर स्थिति में हैं, जो समृद्ध कंटेंट पेशकश के साथ आते हैं। जियो और भारती एयरटेल को प्रमुख रूप से फायदा होने की संभावना है। एचएसबीसी का अनुमान है कि जियो वित्त वर्ष 30 तक 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल कर लेगी, जो वित्त वर्ष 25 में यह 36 प्रतिशत थी, जबकि एयरटेल इसी अवधि में अपनी हिस्सेदारी 21 प्रतिशत से बढ़ाकर 26 प्रतिशत कर सकती है।

# नेपाल में सड़क हादसे में युवक की मौत

**समाज जागरण**

नानपारा/बहराइच तहसील क्षेत्र के हांडा बसहरी गांव निवासी मनीष कुमार शुक्ला (28) की नेपाल में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मनीष अपने पिता रामपाल शुक्ला के पुत्र थे और कस्बे के गोयल तिराहा पर उनकी कॉपी-किताब की दुकान थी। जहां काठमांडू में यह हादसा हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, काठमांडू में यात्रा के दौरान मनीष एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक छा गया और पूरे गांव में मातम पसर गया। मनीष अपने परिवार में तीसरे नंबर पर थे और उनके दो बड़े भाई हैं। उनकी असामयिक मृत्यु से माता-पिता का बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि मनीष मिलनसार स्वभाव के थे और परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहे थे।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता और उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। इस घटना ने विदेश यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा के महत्व पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जंगल मे लगी तार फेसिंग जगह जगह टूटकर दे रही है। दुर्घटना की दावत

**समाज जागरण**

मिहिपुरवा/बहराइच/। कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आने वाली विभिन्न रेंजों में प्रधानमंत्री राहत आपदा मद से गांवों की सुरक्षा के उद्देश्य से कराई गई तार फेंसिंग अब खुद हादसों को दावत देती नजर आ रही है। निर्माण पूरा हुए अभी एक वर्ष ही बीता है, लेकिन कई स्थानों पर जालियां टूटकर गिरने लगी हैं। ताजा मामला कतर्निया घाट रेंज वन क्षेत्र के सदर बीट का है, जहां कैलाशपुरी से गिरजापुरी मार्ग पर सड़क किनारे लगाई गई तार फेंसिंग जगह-जगह क्षतिग्रस्त होकर सिंचाई विभाग की सड़क पर फैल गई है।



स्थानीय लोगों के अनुसार लोहे के एंगल और टूटी जालियां सड़क किनारे और कई जगहों पर सड़क पर ही पड़ी हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह मार्ग अंतर्जनपदीय सीमा से जुड़ा होने के कारण यहां वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है। दिन-रात चलने वाले दुपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए यह स्थिति गंभीर खतरा पैदा कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन जान-माल की बड़ी क्षति हो सकती है।

सबसे बड़ा सवाल निर्माण की गुणवत्ता को लेकर उठ रहा है। एक वर्ष के भीतर ही तार फेंसिंग का इस तरह टूटना घटिया निर्माण की ओर इशारा करता है। प्रधानमंत्री राहत आपदा के धन का उपयोग किस प्रकार किया गया, यह अब जांच का विषय बनता जा रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि जिम्मेदार विभाग इस मामले में अनजान बना हुआ है।

विडंबना यह है कि वन विभाग 24 घंटे जंगल संरक्षण और सुरक्षा के दावे करता है, लेकिन सड़क किनारे टूटी पड़ी जालियां उसकी कार्यप्रणाली की पोल खोल रही हैं। प्रशासन से मांग की गई है कि तत्काल जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और मार्ग पर पड़ी जालियों को हटाकर फेंसिंग की समुचित मरम्मत कराई जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जनपद स्तर पर नि:शुल्क विज्ञान बस का संचालन

**समाज जागरण**

बहराइच /। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ०प्र० द्वारा आई०आई०टी०, कानपुर के माध्यम से विज्ञान बस का निर्माण प्रदेश के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से किया गया है। विज्ञान बस में विद्यार्थियों हेतु सी.बी.एस.सी./आई.एस.सी./आई.सी.एस.सी./यू.पी. बोर्ड के सिलेबस के अनुसार कक्षा-12 तक के भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित एवं खगोलकी इत्यादि से संबंधित हैण्डस ऑन प्रयोग उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त एक 3डी प्रिन्टर, ऑप्टिकल बेंच, माइक्रोस्कोप एवं टेलीस्कोप भी उपलब्ध है। जिससे विद्यार्थी विज्ञान के प्रयोगों के साथ-साथ 3डी प्रिन्टर की कार्यप्रणाली को देख सकेंगे एवं माइक्रोस्कोप के माध्यम से अति सूक्ष्म संरचनायें भी देख सकते हैं एवं विज्ञान बस में उपलब्ध टेलीस्कोप के माध्यम से रात्रि आकाश दर्शन भी विद्यार्थी कर सकेंगे। आई.आई.टी., कानपुर द्वारा सीबीएसई एवं यू.पी. बोर्ड के पाठ्यक्रम पर आधारित लगभग 300 लघु फिल्मों का निर्माण कर विज्ञान बस में उपलब्ध करायी गयी है। जिसके माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग करने की विधि समझ सकते हैं।विज्ञान बस में एक 75 इंच की एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की गयी है जिसके माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग करने की विधि समझ सकते है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ.प्र. द्वारा जनपद में विज्ञान बस माह मार्च में न्यूनतम 15 दिनों के लिए संचालित की जाएगी, जिससे जनपद के अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभन्वित हो सके। वर्तमान में परिषद द्वारा विद्यार्थियों हेतु विज्ञान बस का संचालन निःशुल्क किया जाता है। जनपद में विज्ञान बस का संचालन कराये जाने हेतु कार्ययोजना परिषद को जिला विज्ञान क्लब के माध्यम से प्रेषित की जा रही है, जिससे विज्ञान बस का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाया जा सके।

# गुणवत्ता और पारदर्शी ऑडिट पर दवा नियामक का जोर; 1,500 एक्सपर्ट्स की करेगा नियुक्ति

**संसाधनों और कौशल की कमी को दूर करने के लिए संस्था आंतरिक वैज्ञानिक क्षमता का विस्तार कर रही है**

**समाज जागरण**

भारत का दवा नियामक दवाओं की गुणवत्ता निगरानी के तरीके में बड़ा बदलाव कर रहा है। इन कदमों के तहत केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) सिर्फ कारखानों की सख्त निरीक्षण व्यवस्था तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि अपनी आंतरिक संरचना में क्षमता संबंधी कमियों को भी दूर करने की दिशा में कदम उठा रहा है। दवा निर्माण इकाइयों का जोखिम-आधारित ऑडिट जारी है। साथ ही, गुणवत्ता विवादों को लेकर चर्चा के केंद्र में रहे कफ सिरप बनाने वाले कारखानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। इसके साथ ही सीडीएससीओ अपने भीतर वैज्ञानिक विशेषज्ञता बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। संसाधनों और कौशल की कमी को दूर करने के लिए संस्था आंतरिक वैज्ञानिक क्षमता का विस्तार कर रही है। इसके अलावा, नियामकीय व्यवस्था में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए थर्ड-पार्टी ऑडिट को भी शामिल किया जा रहा है।



### 1500 विशेषज्ञों की भर्ती

देश के दवा नियामकीय तंत्र में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सीडीएससीओ के भीतर एक स्थायी वैज्ञानिक काडर बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की आंतरिक वैज्ञानिक संरचना की कमी कई दशकों से महसूस की जा रही थी। इसके लिए लगभग 1,500 वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को नियामकीय संस्था में शामिल करने का प्रस्ताव है।

ये नियुक्तियां क्लिनिकल रिसर्च, बायोलॉजिक्स, सांख्यिकी, इंजीनियरिंग और नियामकीय परियोजना प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में की जाएंगी। इनमें से लगभग 40 फीसदी पद लचीले या संविदा आधार पर होंगे। इस कदम को दवा मंजूरी और निगरानी प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक, तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) राजीव रघुवंशी ने इंडियन फार्मास्यूटिकल अलायंस के द्वारा आयोजित11वें ग्लोबल फार्मास्यूटिकल क्वालिटी समिट को संबोधित करते हुए कहा, ह्यजिस नियामकीय संस्था के पास अपनी वैज्ञानिक विशेषज्ञता नहीं होती वह हमेशा पीछे रह जाती है।

उन्होंने कहा कि नई दवाओं की मंजूरी के लिए विषय विशेषज्ञ समितियां आगे भी सलाह देती रहेंगी लेकिन नियामकीय संस्था के भीतर वैज्ञानिक क्षमता बढ़ने से अस्थायी और बाहरी विशेषज्ञों पर निर्भरता कम होगी। अधिकारियों का मानना है कि आंतरिक वैज्ञानिक ढांचा मजबूत होने से जटिल उपचारों और क्लिनिकल ट्रायल से जुड़े मामलों में मंजूरी की प्रक्रिया तेज होगी और निर्णय लेने में अधिक स्थिरता आएगी।

### ऑडिट की आउटसोर्सिंग

आंतरिक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ सीडीएससीओ अब ऑडिट व्यवस्था में अधिसूचित थर्ड पार्टी एजेंसियों को शामिल करने की तैयारी कर रहा है। रघुवंशी ने कहा, ह्यअब तक दवा निर्माण इकाइयों का निरीक्षण केवल केंद्र और राज्य स्तर के निरीक्षकों द्वारा किया जाता रहा है। लेकिन मौजूदा स्टाफ की संख्या काम के बोझ के मुकाबले पर्याप्त नहीं है। इसलिए हम अधिसूचित निकायों को शामिल करने की योजना बना रहे हैं।

प्रवर्तन के मोर्चे पर सीडीएससीओ ने जोखिम-आधारित निरीक्षण की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसमें कार्रवाई खुफिया सूचनाओं, पिछली अनुपालन स्थिति और उत्पाद के जोखिम स्तर के आधार पर तय की जाती है। वर्ष 2022 के अंत से अब तक सीडीएससीओ और राज्य दवा नियामकों ने लगभग 1,250 विनिर्माण इकाइयों का ऑडिट किया है।

### कफ सिरप निर्माण पर सख्ती

जोखिम-आधारित निरीक्षण की यह नीति सबसे स्पष्ट रूप से कफ सिरप निर्माण क्षेत्र में दिखाई दी है। यह क्षेत्र बार-बार गुणवत्ता संबंधी विफलताओं और अंतरराष्ट्रीय चिंता का कारण बना है। सीडीएससीओ के अनुसार, देश में लगभग 1,300 कफ सिरप निमार्ता हैं। इनमें से करीब 1,100 इकाइयों यानी 90 फीसदी से अधिक का निरीक्षण किया जा चुका है। जिन संयंत्रों में गंभीर कमियां पाई गईं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। जहां समस्याएं व्यापक थीं वहां इकाइयों को बंद तक किया गया है।

# स्कूल रेडिनस के बारे में प्रशिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**समाज जागरण**

पयागपुर/बहराइच जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर बहराइच में स्कूल रेडिनस फेस- 1 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डाइट आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में एक दिवसीय को - लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र /बाल वाटिका में स्कूल रेडनेस फेज - 1 के संचालन में एक दिवसीय नोडल संकुल शिक्षक एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को आशीष कुमार प्रवक्ता डायट, एसआरजी सुधीर कुमार मल्होत्रा, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्रा ने जनपद स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) प्रदीप वर्मा तथा गोविंद किशोर प्रवक्ता डाइट ने किया।




डायट प्राचार्य व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बाल वाटिका स्कूल रेडिनस क्या है इसके नियम तथा दैनिक साप्ताहिक एवं वार्षिक शिक्षण कार्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। इस प्रशिक्षण में जनपद के प्रत्येक न्यायपंचायत से एक - एक शिक्षक को नोडल बनाया गया है। जिनके साथ में सुपरवाइजर को भी प्रशिक्षित किया गया। सभी प्रशिक्षित नोडल अपने न्याय पंचायत के शिक्षक तथा कार्यकर्त्रियों को प्रशिक्षित करेंगे। स्कूल रेडिनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साकेत भूषण तिवारी, अरुण अवस्थी, अभिषेक दीक्षित, राम मूर्ति शुक्ला, प्रभात सिंह, राकेश यादव, अतुल मिश्रा, सुपरवाइजर सपना मौर्या, लता मिश्रा आज शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया

# डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला शान्ति समिति की बैठक

**समाज जागरण**

बहराइच/। आसन्न होली, रमजान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों को शान्ति पूर्ण माहौल में मनाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जिला शान्ति समिति की बैठक अत्यन्त सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला प्रशासन के साथ साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों द्वारा आशा व्यक्त की गई कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में होली रमजान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों को मिसाली भाई-चारे के साथ मनाया जायेगा।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि जनपद के भाईचारगी की मिसाल को कायम रखें। उन्होंने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि गंगा-जुमनी तहजीब के लिए जनपद अपनी मिसाल स्वयं है इसके लिए सभी सम्मानित नागरिक बधाई के पात्र हैं। डीएम ने सभी से अपील की कि होली, रमजान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में हंसी खुशी के साथ मनायें। उन्होंने कहा कि त्योहार मनाते समय इस बात का भी ख्याल रखा जाय कि बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर शान्ति व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। सभी एसडीएम व सीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सतर्कता बरतने, शान्ति समिति की बैठकें आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक स्थानों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की जा रही है। उन्होंने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया कि तहसील व थाना स्तर पर सम्पन्न होने वाली शान्ति समिति की बैठकों में जो भी बातें संज्ञान में आयी हैं उसका अनुपालन करा लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि होली, रमजान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों के अवसर पर समुचित साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल इत्यादि के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के जरीये शहर पर नजर रखी जायेगी। डीएम ने बुजुर्गो से अपील की कि बच्चों और युवाओं की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन को उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आसन्न त्योहार भी हम सभी लोग पूर्व में बीते त्यौहारों की भांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनायेंगे।

पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि जिले में त्यौहारों के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग व सतर्क है। सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। अराजकता फैलाने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था से खिलवाड करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी को होली, रमजान, अलविदा, ईद इत्यादि त्योहार को हंसी-खुशी के साथ मनाने की अपील करते हुए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को सुझाव दिया कि त्योहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में संभ्रान्तजनों से भी अपेक्षित सहयोग लें।

होली समिति के ह्यअध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी उर्फ दाऊजी ने सभी मौजूद लोगों को होली की बधाई देते हुए जिला प्रशासन से होलिका दहन स्थलों पर समुचित साफ-सफाई, प्रकाश एवं जल की समुचित व्यवस्था कराए जाने तथा होली त्योहार के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से यह भी अपेक्षा की कि पूर्व के वर्षो में जो भी छोटी मोटी घटनाएं हुई हैं उनका भी संज्ञान लेते हुए समय से आवश्यक प्रबन्ध किये जाएं।

बैठक में मौजूद न.पा.परि. बहराइच के पूर्व अध्यक्ष तेजे खॉ, मौलाना इनायत उल्लाह कासमी, लड्डन नेता फखरपुर, रूमी मिंया, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जफर उल्लाह खां ह्यबन्टीह्न परशुराम कुशवाहा, आशीष कंसल सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए धर्मगुरूओं व संभ्रान्तजनों द्वारा साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल ने आश्वस्त किया कि त्योहारों के अवसर पर साफ-सफाई, जलापूर्ति व पथ प्रकाश व्यवस्था के माकूल बन्दोबस्त किये जायेंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद व नगर आशोक कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी, सम्बन्धित विभागीय अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, थानाध्यक्ष, धर्मगुरू, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**समाज जागरण**

बहराइच/ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान एम.एल.सी. उ.प्र. विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की सदस्य एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया गया कि यातायात सुरक्षा नियमों की जनजागरूकता के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच पैम्फलेट का वितरण कराया जाय तथा वाईस रिकार्डर के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की जाय।

जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चर्चा के दौरान बताया कि कुल चिन्हित 36 ब्लैक स्पाट्स में 29 एनएएच/एनएचएआई से तथा शेष 07 ब्लैक स्पॉट्स पीडब्ल्यूडी/सीडी-1 से सम्बंधित हैं। बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व सभी सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। डीएम ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि सुरक्षात्मक कार्यों को शीघ्र से शीघ्र पूरा कराएं। हिट एण्ड रन से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 57 मामलों की जांच लम्बित हैं। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जांचोपरान्त शीघ्र ही समस्त 57 प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र अन्तर्गत मार्गों के निकट स्थित ट्रांसफार्मर्स एवं विद्युत पोलों की शिफ्टिंग हेतु आगणन तैयार कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच को निर्देश दिया कि नगर पालिका की सड़कों को मॉडल रोड के रूप में विकसित करने के लिए प्रापोजल तैयार कर लिया जाय। डीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि यातायात निदेशालय का डाटा पीडब्ल्यूडी विभाग को भी साझा किया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रदीप कुमार एवं अमर सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह, यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक)/ मोटर वाहन निरीक्षक प्रदीप कुमार, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत के IT सेक्टर में AI का तूफान: 283 अरब डॉलर की इंडस्ट्री के सामने खड़ी हुई बड़ी चुनौती

पिछले कुछ सप्ताहों में बड़ी आई कंपनियों के शेयरों पर दबाव पड़ा है क्योंकि एंथ्रोपिक जैसी कंपनियों की घोषणाओं के बाद मूल्यांकन बदले हैं भारत का 283 अरब डॉलर का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा उद्योग अपने सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण बदलाव से एक से गुजर रहा है, जो एआई में तेजी से हो रही तरक्की की वजह से हो रहा है। अगले दो दिनों में, उद्योग के दिग्गज 36वें नैसकॉम टेक्नॉलजी लीडरशिप फोरम (एनटीएलएफ) में एकत्रित होंगे और इस क्षेत्र को नया आकार देने वाले बदलावों तथा जरूरी और महत्त्वपूर्ण जवाबों पर चर्चा होगी।

पिछले कुछ सप्ताहों में बड़ी आई कंपनियों के शेयरों पर दबाव पड़ा है क्योंकि एंथ्रोपिक जैसी कंपनियों की घोषणाओं के बाद मूल्यांकन बदले हैं। इन कंपनियों ने ऐसे टूल पेश किए हैं जो पारंपरिक ऐप्लीकेशन सर्विस डिलीवरी मॉडल पर असर डाल सकते हैं।इस साल अब तक निफ्टी आईटी सूचकांक करीब 14 फीसदी गिरा है, जो निफ्टी 50 से 12 प्रतिशत अंक कम है। जेफरीज इक्विटी रिसर्च के मुताबिक, तीसरी तिमाही के नतीजों से ज्यादातर आईटी फर्मों के आय अनुमान बढ़ाए गए हैं, लेकिन हाल के एआई-आधारित घटनाक्रम ने इस क्षेत्र की मध्यावधि से दीर्घावधि वृद्धि को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जिससे 27 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। ब्रोकरेज ने कहा कि शेयरों का प्रदर्शन अब अल्पावधि आय के बजाय दीर्घावधि बिजनेस आउटलुक से ज्यादा जुड़ा होने की संभावना है।मैकिंसे और नैसकॉम की 2025 फ्यूचर ऑफ टेक्नॉलजी सर्विसेज 2030 रिपोर्ट के अनुसार 13 प्रमुख टेक्नॉलजी दुनिया को नया आकार देने को तैयार हैं, अर्थव्यवस्था, उद्योग और समाज में बड़ा बदलाव लाएंगी और 2030 तक 25-45 लाख करोड़ डॉलर की आर्थिक वैल्यू पैदा करेंगी। 2025-27 के बीच, एआई क्रांति (एआई और एजेंटिक एआई) मुख्य बिंदु होगी।2027-30 तक, अत्याधुनिक इंजीनियरिंग डोमेन (बायोइंजीनियरिंग, रोबोटिक्स, सस्टेनेबल एनर्जी, मोबिलिटी) को एआई और कनेक्टिविटी की नींव पर निर्माण करते हुए तेजी आने की उम्मीद है। 2030 के बाद, इमर्सिव, क्वांटम और स्पेस टेक्नॉलजी के साथ-साथ इन मोर्चों का व्यापक इस्तेमाल बढ़ने की संभावना है, जो वैश्विक बदलाव की अगली प्रमुख लहर स्थापित करेगा।

नैसकॉम के अध्यक्ष राजेश नांबियार ने हाल में बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत में नई प्रौद्योगिकियों की वजह से उत्पादकता और प्रदर्शन में सुधार की बात स्वीकार की।

# खगड़ा मेला बंद करने के आदेश से छोटे दुकानदारों पर संकट

मेला कार्यालय का घेराव, होली तक मोहलत देने की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

ऐतिहासिक खगड़ा मेला को अचानक बंद करने के प्रशासनिक निर्देश से सैकड़ों छोटे दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। वर्षों से इस मेले पर निर्भर रहने वाले दुकानदारों ने सोमवार को मेला कार्यालय का घेराव कर अपनी पीड़ा जाहिर की और होली तक दुकानें संचालित करने की अनुमति देने की मांग की।

दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने परंपरा के अनुसार होली तक दुकान चलने की उम्मीद में माल की खरीदारी की थी। दुकान लगाने में ही 15-20 दिन का समय लग जाता है, जिसके बाद ही कारोबार पटरी पर आता है। ऐसे में अचानक दुकान हटाने के निर्देश से लाखों रुपये का सामान फंसा हुआ है।



एक दुकानदार ने बताया, हम लोग हर साल जनवरी से यहां दुकान लगाते हैं। निर्धारित समय से पहले दुकान पूरी तरह चल नहीं पाती, फिर भी होली तक यहां रहकर ही आमदनी होती है। इसी से परिवार का खर्च चलता है। अचानक हटाने का आदेश मिला तो समझ नहीं आ रहा कि माल का क्या करें और घर कैसे चलाएं। गौरतलब है कि 12 जनवरी को शुरू हुआ यह मेला सामान्यतः एक महीने तक चलता है, जबकि छोटे व्यापारी-जैसे खिलौने, मीना बाजार और घरेलू सामान बेचने वाले-होली तक डटे रहते हैं। इस वर्ष झूले, मौत का कुआं और सर्कस जैसी बड़ी दुकानें निर्धारित अवधि में बंद हो चुकी हैं, लेकिन छोटे दुकानदार अब भी ग्राहकों के भरोसे मेला परिसर में मौजूद हैं। राजकीय दर्जा प्राप्त इस मेले से सैकड़ों परिवारों की आजीविका जुड़ी है। दुकानदारों का कहना है कि यदि प्रशासन कुछ दिनों की मोहलत दे दे, तो वे सम्मानपूर्वक अपना कारोबार समेट सकेंगे और भारी आर्थिक नुकसान से बच सकेंगे।

मामले में मेला संवेदक बबलू साहा ने स्वीकार किया कि प्रशासन से दुकानें हटाने का आदेश मिला है। उन्होंने कहा कि दुकानदारों की मांग को देखते हुए प्रशासन से पुनर्विचार का आग्रह किया गया है, ताकि छोटे व्यापारियों की आजीविका पर आंच न आए।

# किशनगंज में 25 फरवरी को अमित शाह के संभावित आगमन को लेकर तैयारियां तेज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 25 फरवरी को प्रस्तावित किशनगंज दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री 25 फरवरी को शाम करीब 4:00 बजे हवाई अड्डा पहुंचेंगे। आगमन के बाद वे जिला परिषद सभागार में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इसके उपरांत वे एमजीएम कॉलेज परिसर में रात्रि विश्राम करेंगे। 26 फरवरी की सुबह वे हवाई अड्डा पहुंचकर प्रस्थान करेंगे।



दौरे के दौरान गृह मंत्री जिले के वरीय अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चिकन नेक कॉरिडोर (सिलीगुड़ी कॉरिडोर) की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है।

सोमवार को प्रस्तावित स्थलों-हवाई अड्डा, जिला परिषद कार्यालय एवं एमजीएम कॉलेज का वरीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा, अनुमंडल दंडाधिकारी अनिकेत कुमार तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौतम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा आमजन की सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। वहीं, उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल दंडाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# बिहार में शराबबंदी की धज्जियां: एंबुलेंस से शराब तस्करी, 10.5 लीटर विदेशी शराब जब्त

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

शराब तस्करों ने कानून को ठेंगा दिखाते हुए इस बार मानव सेवा के प्रतीक एंबुलेंस का ही इस्तेमाल तस्करी के लिए कर डाला। उत्पाद विभाग की सतर्कता से 10.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई और दो तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में जब एंबुलेंस की तलाशी ली गई, तो अंदर से शराब की बोतलें छिपाकर रखी मिलीं। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि राज्य में लागू शराबबंदी कानून के बावजूद अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा। वर्ष 2016 में सख्ती के साथ लागू की गई शराबबंदी के बाद सरकार ने दावा किया था कि प्रदेश में पूर्ण नियंत्रण होगा, लेकिन हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। तस्कर नए-नए हथकंडे अपना कर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। सबसे गंभीर पहलू यह है कि एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवा का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के साथ भी खिलवाड़ है। सवाल उठता है कि जब तस्कर खुलेआम एंबुलेंस तक का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो निगरानी तंत्र आखिर कितना प्रभावी है?




उत्पाद विभाग ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। लेकिन जनता के बीच यह चर्चा तेज है कि आखिर शराबबंदी कानून का भय क्यों समाप्त होता जा रहा है? क्या लगातार हो रही तस्करी की घटनाएं सरकार की नीति और उसके क्रियान्वयन पर सवाल खड़े नहीं करतीं?

प्रशासन चाहे जितने दावे करे, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अवैध शराब का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा। जरूरत है ठोस और प्रभावी कार्रवाई की, ताकि कानून का डर कायम हो और ऐसे कृत्यों पर पूरी तरह रोक लग सके।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान दो की मौत, तीन घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात सड़क हादसे में एंबुलेंस सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पर जगन्नाथ पेट्रोल पंप के समीप तड़के करीब दो बजे हुआ। जब एक अज्ञात तेज रफ्तार बड़े वाहन ने एंबुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में मृतकों की पहचान पूर्णिया जिले की निवासी अंजुम खातून और किशनगंज निवासी एंबुलेंस चालक राजकिशोर सिंह के रूप में की गई है। दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। हादसे में घायल तीन अन्य लोगों को तत्काल उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से दो की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। एक घायल का इलाज अथमलगोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस पटना से पूर्णिया की ओर जा रही थी। अंजुम खातून पटना में अपने एक परिजन के पैर का प्लास्टर कटवाने आई थीं और उपचार के बाद वापस पूर्णिया लौट रही थीं। इसी दौरान बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पर जगन्नाथ पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात बड़े वाहन ने एंबुलेंस को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एंबुलेंस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि



एंबुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आश्चर्यजनक रूप से जिस मरीज को इलाज के लिए एंबुलेंस से ले जाया जा रहा था, वह सुरक्षित बच गया, जबकि साथ में यात्रा कर रही अंजुम खातून और एंबुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अथमलगोला थाना की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अथमलगोला थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास लगे निगरानी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और दोषी वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि फोरलेन सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण अक्सर इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और तेज गति से वाहन न चलाएं।

प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दुर्घटना में शामिल वाहन और चालक की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और फरार वाहन चालक की तलाश जारी है।

# पटना में खनन बिभाग की टीम पर बालू माफिया का हमला

होमगार्ड के जवान हुआ घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा प्रखंड स्थित परेव सोन नदी घाट पर बालू माफियाओं ने खनन विभाग की टीम हमला कर दिया। अचानक हुई पत्थरबाजी में एक गृह रक्षक जवान घायल हो गया, जबकि जब्त किए गए कुछ ट्रैक्टरों को कथित तौर पर माफिया दोबारा छुड़ाकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार खनन विभाग को सूचना मिली थी कि सोन नदी के परेव घाट पर बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू का खनन और परिवहन किया जा रहा है। बताया गया कि बिना किसी वैध कागजात के ट्रैक्टरों के जरिए बालू निकाला जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर खनन विभाग ने छापेमारी की योजना बनाई और एक टीम को मौके पर भेजा गया। जब खनन विभाग की टीम घाट पर पहुंची तो घाट के नीचे बड़ी संख्या में ट्रैक्टर बालू लोड करते हुए पाए गए। होमगार्ड जवान जितेंद्र कुमार के अनुसार, उस समय मौके पर करीब 20 ट्रैक्टर मौजूद थे। जैसे ही खनन विभाग की कार्रवाई की भनक लगी, कुछ ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से भागने लगे। हालांकि टीम ने तेजी दिखाते हुए लगभग 17 ट्रैक्टरों को मौके पर ही रोक लिया और उन्हें जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की।छापेमारी की कार्रवाई अभी चल ही रही थी कि अचानक स्थिति बिगड़ गई। कुछ ही देर में घाट के आसपास से करीब 200 लोग वहां जुट गए। शुरू में विरोध और नारेबाजी हुई, लेकिन देखते ही देखते भीड़ उग्र हो गई। इसके बाद खनन विभाग की टीम पर अचानक पथराव शुरू कर दिया गया। अचानक हुई पत्थरबाजी में होमगार्ड जवान जितेंद्र कुमार के सिर में चोट लग गई। हालांकि चोट गंभीर नहीं बताई जा रही है, लेकिन घटना ने पूरे दल को हिला दिया। हालात बेकाबू होते देख खनन विभाग की टीम को अपनी सुरक्षा के मद्देनजर पीछे हटना पड़ा। इसी अफरातफरी का फायदा उठाकर खनन माफिया ने जब्त किए गए कुछ ट्रैक्टरों को दोबारा अपने कब्जे में ले लिया और वहां से फरार हो गए। इस मामले में खनन विभाग की ओर से अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं। खनन निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर को औपचारिक रूप से जब्त किया गया। इसके अलावा आठ ट्रैक्टर कार्रवाई के दौरान मौके से भागने में सफल रहे। फरार हुए ट्रैक्टरों के नंबर नोट कर लिए गए हैं और इसकी लिखित जानकारी पुलिस को दे दी गई है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। खनन विभाग ने इस घटना को गंभीर मानते हुए कड़ा रुख अपनाया है।



विभाग की ओर से अज्ञात 70 से 80 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पत्थरबाजी और सरकारी कार्य में बाधा डालना गंभीर अपराध है और इसमें शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद परेव सोन नदी घाट और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। किसी भी तरह की दोबारा झड़प या तनाव की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। बिहटा पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों की पहचान की जा रही है

और सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रा कन्या मध्य विद्यालय नबीनगर की छात्राएं मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) सोमवार को नगर पंचायत नबीनगर वार्ड 8 स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय की छात्राएं मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत बोधगया और उमगा की यात्रा पर रवाना हुईं। इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थलों का भौतिक ज्ञान कराना है, जिससे उन्हें अनुभव-आधारित शिक्षा मिल सके ।विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवबिहारी सिंह के नेतृत्व में छात्राओं का दल बोधगया के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह परिभ्रमण छात्राओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थलों का भौतिक ज्ञान कराता है, जो कि रटने के बजाय अनुभव-आधारित शिक्षा प्रदान करता है ।बोधगया में छात्राएं महाबोधि मंदिर, बोधि वृक्ष




और अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगी। इसके बाद वे उमगा की यात्रा पर जाएंगी, जहां वे प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक स्थलों का आनंद लेंगी । छात्राओं के दल के साथ विद्यालय के शिक्षक राकेश रमन राही अनील कुमार, शिक्षा सेवक संजय दास ,रसोईया ऊषा देवी और मीना देवी भी सहयोगी के रूप में परिभ्रमण में शामिल रहे।

# गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के विरुद्ध सशक्त पहल

## एचपीवी टीकाकरण से बालिकाओं को सुरक्षित भविष्य की सौगात

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

23 फरवरी। गर्भाशय ग्रीवा ( सर्वाइकल) कैंसर महिलाओं में होने वाले गंभीर और जानलेवा कैंसरों में शामिल है, लेकिन समय पर की गई रोकथाम से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार ह्यूमन पेपीलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी और सुरक्षित उपाय है।

इसी दिशा में किशनगंज जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में विद्यालय आधारित सत्रों के साथ-साथ समुदाय स्तर पर विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र बालिका इस महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए।



टीकाकरण के दौरान बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को टीके की उपयोगिता, सुरक्षा तथा दोनों डोज की अनिवार्यता के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग का विशेष जोर इस बात पर है कि निर्धारित छह माह के अंतराल पर दोनों डोज पूर्ण कराई जाएं, तभी पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि टीकाकरण के समय आवश्यक सावधानियों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को खाली पेट टीका नहीं लगाया जाना चाहिए। टीकाकरण से पूर्व हल्का भोजन कर लेना आवश्यक है, जिससे प्रक्रिया सुरक्षित और सुचारु रूप से पूरी हो सके।

# किशनगंज में पत्रकारों का विरोध, भ्रामक खबर के खिलाफ सौंपा गया ज्ञापन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले के पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार अजहर रहमानी के खिलाफ देशवा फेसबुक पेज पर प्रसारित कथित भ्रामक एवं झूठी खबर का कड़ा विरोध जताया है। पत्रकारों का आरोप है कि बिना किसी ठोस साक्ष्य के उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है, जो निंदनीय है। इस मामले को लेकर पत्रकारों ने जिला पदाधिकारी के नाम उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।



पत्रकारों ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# पटना के शाहपुर में दो सगे भाइयों की हत्या के बाद पसरा सन्नाटा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के संपतचक थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर गांव में रविवार की रात रिसेप्शन समारोह में दो सगे भाइयों की निर्मम हत्या के बाद पूरे गांव में दहशत और मातम का माहौल कायम है। घटनास्थल पर बिखरी भोज्य सामग्री, उलटे पड़े बर्तन और अधूरी पड़ी थालियां बीती रात की भयावहता को बयां कर रही हैं। जिस स्थान पर मेहमानों के स्वागत और जश्न की तैयारी थी, वहीं अब खून के छींटे और सन्नाटा पसरा है। मृतक मनीष राय और मनजीत राय के घर पर रिश्तेदारों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है। महिलाओं के करुण क्रंदन से पूरा इलाका गूंज रहा है। आसपास के घरों के लोग भी शोक संतप्त परिवार के दरवाजे पर जुटे हैं। लोगों को दोनों भाइयों के शव के गांव पहुंचने का इंतजार है। फिलहाल दोनों का पोस्टमार्टम पटना एनएमसीएच में कराया जा रहा है। ग्रामीण दहशत में हैं और खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। उनके चेहरों पर बीती रात चली गोलियों और दो युवकों की हत्या का खौफ साफ देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि हत्या करने वाले लोग मृतकों के पड़ोसी और पाटीदार ही हैं। यही कारण है कि गांव के लोग खुलकर बयान देने से परहेज कर रहे हैं। घटनास्थल पर अब भी रिसेप्शन समारोह के लिए बनाई गई व्यवस्था अस्त-व्यस्त हालत में पड़ी है। कहीं पत्तल और गिलास बिखरे हैं तो कहीं आधा खाया भोजन पड़ा हुआ है। यह दृश्य उस अचानक हुई हिंसक वारदात की कहानी खुद बयां कर रहा है। इलाके में पुलिस की गाड़ियां लगातार गश्त कर रही हैं। एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। ज्ञात हो कि शाहपुर गांव में दौलत राय के पुत्र विक्की की रिसेप्शन पार्टी आयोजित थी। उसी दौरान पड़ोस के ही दो भाई मनीष और मनजीत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इसी बीच पाटीदारों के बीच पुराने विवाद को लेकर पहुंचे हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दोनों भाइयों को मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद से शाहपुर गांव में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही सभी नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।



# पटना में बदमाशों ने युवक को पिटा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित राजा बाजार इलाके में सोमवार की देर रात बदमाशों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट और जबरन ले जाने की घटना सामने आई है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस की तत्परता और सीसीटीवी फुटेज की मदद से युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान भी कर ली गई है। पुलिस अब मामले की गहन जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पीड़ित युवक की पहचान राकेश कुमार के रूप में हुई है, जो पहले उसी मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। राकेश ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वह सोमवार देर रात राजा बाजार स्थित पिलर नंबर 49 के पास चौधरी होटल गली में खड़ा था। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और उसे जबरन स्कूटी पर बैठाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगे। जब राकेश ने इसका विरोध किया, तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे घसीटते हुए जबरन अपने साथ ले जाने लगे। घटना के दौरान आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने बदमाशों को रोकने और समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और युवक के साथ मारपीट करते हुए उसे वहां से ले गए। इस घटना को देखकर इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग भयभीत हो गए। इस बीच जब राकेश की मां को घटना की जानकारी मिली, तो वह बदहवास हालत में मोहल्ले के देवी स्थान पहुंचीं और अपने बेटे की सलामती के लिए रोते-बिलखते हुए देवी स्थान में सिर पटककर प्रार्थना करने लगीं। उनकी इस हालत को देखकर मोहल्ले के लोग भी भावुक हो गए और बड़ी संख्या में वहां जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने देवी स्थान और आसपास लगे निगरानी कैमरों की फुटेज को खंगाला। सीसीटीवी फुटेज में घटना से जुड़े संदिग्ध युवकों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दीं, जिससे पुलिस को आरोपियों की पहचान करने में मदद मिली। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राकेश कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। हालांकि इस दौरान राकेश के सिर और मुंह में गंभीर चोटें आई हैं। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। राकेश ने पुलिस के सामने कुछ युवकों के नाम भी बताए हैं, जिन्होंने उसके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने उन आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।



# नबीनगर की बैठक में संगठन विस्तार एवं जिलाध्यक्ष की चयन पर किया मंथन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) सोमवार को नबीनगर के अनुग्रह स्टेडियम स्थित में प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की बैठक संतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रभारी एवं झारखंड के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर,जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र यादव, पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह, पूर्व अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह,चुलबुल सिंह की मौजूदगी में संचालित किया गया ।बैठक में सभी आगंतुक अतिथियों को फूलमाला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।कांग्रेस पार्टी की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई जिसमें जिलाध्यक्ष की चयन और संगठन को मजबूत बनाने के लिए रणनीति बनाई गई ।बैठक में शैलेन्द्र कुमार दुबे,रविन्द्र पाण्डे,सुरेन्द्र यादव, अंजार अहमद खान,सत्येन्द्र कुमार सिंह,श्यामबिहारी सिंह, शंकर प्रसाद, युगल प्रसाद रवि,मनोज प्रजापति, रामपुकार सिंह गणेश पासवान सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।